आवश्यकता
दैनिक शुभ भास्कर
दैनिक अखबार के लिए
संपूर्ण राज्य से विज्ञापन प्रभारी एवं जिला ब्यूरो चीफ एवं संवाददाता की आवश्यकता है।
बिहार झारखंड हेड संपर्क न० =
7764978689/+919625958256

दैनिक
# शुभ भास्कर
हर कदम आपके साथ...
झांसी उत्तर प्रदेश, उदयपुर, राजस्थान, मध्यप्रदेश, भोपाल, बिहार, दरभंगा, पटना, भागलपुर, सिलीगुड़ी, रांची, झारखंड से एक साथ प्रकाशित
• वर्ष : 1 • अंक : 162 • नई दिल्ली, मंगलवार 19 सितम्बर 2023 • पृष्ठः 12 • मूल्य : 04 रुपये RNIUP HIN/2015/64737



3 धूमधाम से मनाया गया विश्वकर्मा पूजा ...

## जिला विकास समिती की बैठक में डीएम ने दिए कई निर्देष

**मो. सदरे आलम नोमानी**

**सीतामढी।** समाहरणालय स्थित विमर्श कक्ष में आज जिलाधिकारी सीतामढ़ी मनेश कुमार मीणा की अध्यक्षता में जिला विकास एवं समन्वय समिति की बैठक आहूत की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी पदाधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कहा कि सरकार की विभिन्न विकासात्मक एवं कल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन सभी विभाग आपसी समन्वय से तय विशिष्टियों एवं गुणवत्ता के साथ करना सुनिश्चित करें। बैठक में जिले में किए जा रहे हैं डब्लू पी यू के निर्माण की प्रखंड वार समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम में विभिन्न प्रखंडों के विभिन्न पंचायतों में डब्लू पी यू के निर्माण को लेकर भूमि की उपलब्धता, उसका NOC एवं डीमार्केशन के कार्य मे कोताही को देखते हुए नानपुर एवं रुन्नीसैदपुर सीओ के विरुद्ध "प्रपत्र क" गठित करने का निर्देश दिया गया। साथ ही उनका वेतन स्थगित रखने का भी निर्देश दिया गया। इसके अतिरिक्त बोखरा के कार्यक्रम पदाधिकारी, मनरेगा से स्पष्टीकरण पूछने का निर्देश भी दिया गया। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिया कि जिन पंचायतो में WPU निर्माण के मामले लंबित है ,दो दिन के अंदर निष्पादन करना सुनिश्चित किया जाए। संबंधित प्रखंडों के अंचल अधिकारी और कार्यक्रम अधिकारी, मनरेगा संयुक्त रूप से कार्यस्थल पर विजिट करते हुए w.p.u निर्माण के दिशा में त्वरित कार्रवाई करना सुनिश्चित करें।

इसमें किसी भी तरह के कोताही पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। बैठक में निर्वाचन कार्यो की भी समीक्षा की गई।निर्देश दिया गया कि जिन प्रखंडों में प्रपत्र 6 ,7 ,8 लंबित है उसका निष्पादन करते हुए 20 सितंबर तक जिला को हर हाल मे उपलब्ध कराया जाए।

बैठक में तापमान में वृद्धि एवं वर्षा न होने के कारण उत्पन्न स्थिति के मद्देनजर समीक्षा के क्रम में जिलाधिकारी द्वारा पीएचईडी को निर्देश दिया गया कि पेयजल की उपलब्धता की दिशा में पूरी तत्परता के साथ कार्य करें। वहीं कृषि विभाग को हालात पर नजर रखने का निर्देश दिया गया। वैसे पंचायत जो नगर निकायों में शामिल हो गए हैं उनमे नल जल से संबंधित चल रही योजनाओं का शीघ्र हस्तांतरण नगर निकायों को करने का निर्देश दिया गया। बैठक में इसके अतिरिक्त सामुदायिक भवन ,पंचायत सरकार भवन, ठोस एवं कचरा प्रबंधन सहित अन्य विभागों की भी समीक्षा की गई। बैठक में उप विकास आयुक्त डॉ प्रीति, जिला भूअर्जन पदाधिकारी विकास कुमार ,नगर आयुक्त प्रमोद कुमार पांडे, जिला जन संपर्क अधिकारी कमल सिंह, जिला आपूर्ति पदाधिकारी अजय कुमार, सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे जबकि सभी बीडीओ,सीओ और पीओ मनरेगा विडियो कॉनफ्रेन्सिंग के माध्यम से जुड़े हुए थे।



## संक्षिप्त समाचार

### हैदराबाद मुक्ति दिवस देश के इतिहास में महत्वपूर्ण क्षण : पीएम मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि हैदराबाद मुक्ति दिवस देश के इतिहास में एक महत्वपूर्ण क्षण है। उन्होंने सरदार पटेल को श्रद्धांजलि अर्पित की, जिनकी हैदराबाद के एकीकरण में भूमिका "अनुकरणीय" थी। उन्होंने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर पोस्ट किया, "आज हम गर्व से एकता की भावना और देश की एकता के लिए किए गए बलिदान को याद कर रहे हैं।



आइए, हम सरदार पटेल को श्रद्धांजलि अर्पित करें, जिन्होंने हैदराबाद के विलय में अनुकरणीय भूमिका निभाई। मुझे खुशी है कि सरकार हैदराबाद में इस दिन का आयोजन कर रही है।" मोदी एक्स पर केंद्रीय मंत्री जी. किशन रेड्डी के ट्वीट का जवाब दे रहे थे। रेड्डी ने एक्स पर लिखा, "हैदराबाद मुक्ति दिवस आजादी के बाद भारत के एकीकरण में एक महत्वपूर्ण अध्याय है। राष्ट्रीय एकता के प्रति सरदार वल्लभभाई पटेल की अटूट प्रतिबद्धता, हैदराबाद को आजाद कराने में उनकी भूमिका और मुक्ति के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वालों के साहस और लचीलेपन को श्रद्धांजलि देने का दिन है।" इससे पहले रविवार को गृहमंत्री अमित शाह ने हैदराबाद मुक्ति दिवस के मौके पर सिकंदराबाद में एक औपचारिक कार्यक्रम में राष्ट्रीय ध्वज फहराया था।पिछले साल केंद्र ने इस अवसर को भव्य तरीके से मनाने का फैसला किया था, क्योंकि यह हैदराबाद के एकीकरण का 75वां वर्ष था। तेलंगाना विधानसभा चुनाव केवल तीन महीने दूर हैं और इस घटना पर राजनीति तेज हो गई है, क्योंकि भाजपा राज्य में पैर जमाने की कोशिश कर रही है।

### तमिलनाडु पुलिस ने ईसाई परिवार पर हमले की जांच शुरू की



**चेन्नई।** तमिलनाडु के इरोड जिले की चेन्नियामलाई पुलिस ने गांव में एक ईसाई परिवार पर दक्षिणपंथी चरमपंथियों के एक समूह द्वारा किए गए हमले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक, हमला तब हुआ जब परिवार अपने घर में प्रार्थना कर रहा था। सैमुअल (33), उनकी पत्नी जेनिफर, उनका तीन साल का बेटा, उनके पिता अरुजुनान, मां रथिनम और छोटी बहन बेहुला दक्षिणपंथी चरम समूह द्वारा किए गए हमले के बाद घायल हो गए। इससे पहले, पड़ोसियों सहित स्थानीय ग्रामीणों ने सैमुअल और उनके परिवार के खिलाफ तेज आवाज में प्रार्थना करने की शिकायत की थी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि परिवार ने हमले को रिकॉर्ड करने की कोशिश की, लेकिन गिरोह ने फोन तोड़ दिया। एम.के. चेन्नियामलाई पुलिस स्टेशन के पुलिस निरीक्षक सरवनन ने मीडियाकर्मियों को बताया कि सूचना मिलने पर पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची लेकिन तब तक गिरोह तितर-बितर हो चुका था। उन्होंने कहा कि पुलिस जांच कर रही है और दोषियों को कानून के सामने लाएगी। सैमुअल के पड़ोस के सूत्रों ने बताया कि कई लोगों का मानना है कि वह धार्मिक प्रचार और धर्मांतरण में लगा हुआ है और हमला इसी वजह से हो सकता है।

### अगर वन्नियार आरक्षण में देरी हुई तो पीएमके विरोध प्रदर्शन करेगी : डॉ. रामदास

**चेन्नई।** तमिलनाडु की राजनीतिक पार्टी पीएमके के संस्थापक-नेता डॉ. एस. रामदास ने कहा कि अगर राज्य सरकार वन्नियार समुदाय के लिए 10.5 प्रतिशत आंतरिक आरक्षण को लागू करने में देरी करती रही तो व्यापक विरोध प्रदर्शन होगा। यहां एक बयान में उन्होंने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि राज्य सरकार अगले विधानसभा सत्र से पहले तमिलनाडु पिछड़ा वर्ग विभाग से एक सिफारिश प्राप्त करेगी और वन्नियारों के लिए आंतरिक आरक्षण की गारंटी देने वाला कानून बनाएगी। उन्होंने कहा, "राज्य में लागू किए जा रहे 69 प्रतिशत आरक्षण में सरकार को प्रत्येक श्रेणी में प्रतिनिधित्व करने वाले समुदायों का विवरण प्रदान करना चाहिए। उसे 31 प्रतिशत आरक्षण बनाने वाले समुदायों के बारे में समान डेटा भी जारी करना चाहिए। पीएमके इसके लिए इंतजार नहीं कर सकता वन्नियारों का आंतरिक आरक्षण हमेशा के लिए।" उन्होंने कहा, "मैं जहां भी जाता हूं, मुझसे वन्नियार के लिए 10.5 प्रतिशत आरक्षण की स्थिति के बारे में पूछा जाता है। मेरे पास इस सवाल का जवाब नहीं है। मैं वन्नियार युवाओं को बहुत लंबे समय तक नियंत्रित नहीं कर सकता और सरकार को इसे समझना होगा।" . पीएमके नेता ने यह भी कहा कि उन्होंने मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन को कई पत्र लिखे हैं।

## संसद का यह सत्र छोटा लेकिन महत्वपूर्ण, अब सभी निर्णय यहीं से लिए जाएंगे

**संसद के विशेष सत्र की शुरुआत से पहले पीएम मोदी ने किया संबोधित**

एजेंसी। नई दिल्ली

नए संसद परिसर में शुरु होने जा रहे विशेष सत्र से पहले अपने संबोधन में पीएम मोदी ने कहा कि संसद का यह सत्र भले ही छोटा है लेकिन बहुत ही महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि अब देश हित में सभी निर्णय यहीं से लिए जाएंगे। बता दें कि अमृतकाल को लेकर सरकार द्वारा आहूत किया गया संसद का पांच दिवसीय विशेष सत्र आज से शुरू होने जा रहा है। संसद के विशेष सत्र की शुरुआत से पहले पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि समय के हिसाब से यह बहुत बड़ा ऐतिहासिक फैसलों का सत्र है। इस सत्र की एक खासियत यह है कि 75 साल की यात्रा एक से शुरू हो रही है नई मंजिल, अब नई जगह से सफर को आगे बढ़ाते हुए, हमें 2047 तक देश को विकसित देश बनाना है। इसके लिए आने वाले समय के सभी फैसले नए संसद भवन में लिए जाएंगे। पीएम ने कहा कि चंद्रमा मिशन की सफलता--चंद्रयान-3 ने हमारा तिरंगा फहरा दिया है, शिव शक्ति प्वाइंट प्रेरणा का नया केंद्र बन गया है, तिरंगा प्वाइंट हमें गर्व से भर रहा है। जब ऐसी कोई उपलब्धि हासिल होती है तो दुनिया उसे आधुनिकता, विज्ञान और तकनीक से जोड़कर देखती है। जिससे कई अवसर और संभावनाएं भारत के दरवाजे पर दस्तक देती हैं। पीएम मोदी ने कहा जी-20 में भारत इस बात के लिए हमेशा गर्व करेगा कि हम ग्लोबल साउथ की आवाज



बनें। अफ्रीकन यूनियन को स्थायी सदस्यता और जी-20 में सर्वसम्मति से डिक्लेरेशन ये सारी बातें भारत के उज्ज्वल भविष्य के संकेत दे रही हैं। सोमवार को पहले दिन दोनों सदनों की कार्यवाही संसद के पुराने भवन में सुबह 11 बजे शुरू हुई। सोमवार को संसद में आजादी के 75 सालों की संसदीय यात्रा - संविधान सभा से लेकर आज तक की उपलब्धियां, यादों अनुभव और सबक पर चर्चा होने जा रही है। सूत्रों के मुताबिक, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज से शुरू होने जा रहे संसद के विशेष सत्र में लोक सभा में अपना भाषण दे सकते हैं। बताया जा रहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लोक सभा में अपने भाषण के दौरान 75 वर्षों की संसदीय यात्रा और अमृतकाल को लेकर अगले 25 वर्षों के एजेंडे को लोक सभा के जरिए देश के सामने रख सकते हैं। सरकार द्वारा पहले बताए गए एजेंडे के मुताबिक 75 वर्षों की यात्रा पर चर्चा के साथ-साथ इस पांच दिवसीय सत्र में मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्त विधेयक 2023, डाकघर विधेयक 2023, अधिवक्ता (संशोधन) विधेयक 2023 और प्रेस और आवधिक पंजीकरण विधेयक 2023 को भी चर्चा के बाद पारित करवाया जाएगा। हालांकि रविवार को सर्वदलीय बैठक के बाद केंद्रीय मंत्री प्रल्हाद जोशी ने बताया कि संसद के विशेष सत्र के लिए पहले से पेंडिंग कुछ बिल को मिलाकर कुल 8 बिल लिस्टेड हैं। बताया जा रहा है कि 18 से 22 सितंबर के दौरान पांच दिन तक चलने वाले संसद के इस विशेष सत्र के आखिरी तीन दिनों यानी 20, 21 और 22 सितंबर के बीच ही सरकार सदन में इन विधेयकों को चर्चा के लिए पेश कर पारित करवाने का प्रयास करेगी।

### जिस भवन से विदा ले रहें हैं उसमें भी देशवासियों का पसीना और पैसा लगा है : मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि जिस भवन से हम विदा ले रहे हैं उसमें भी देशवासियों का पसीना और पैसा लगा है। पीएम ने इस दौरान ऐतिहासिक पलों को भी याद किया। बता दें कि अमृतकाल को लेकर सरकार द्वारा आहूत किया गया संसद का पांच दिवसीय विशेष सत्र आज से शुरू हुआ। पुराने संसद भवन के भीतर संसद के विशेष सत्र में संबोधन देते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा देश की 75 वर्षों की संसदीय यात्रा इसका एक बार पुनः स्मरण करने के लिए और नए सदन में जाने से पहले उन प्रेरक पलों को, इतिहास की महत्वपूर्ण घड़ी को स्मरण करते हुए आगे बढ़ने का यह अवसर है। हम सब इस ऐतिहासिक भवन से विदा ले रहे हैं। आज़ादी के पहले यह सदन इंपीरियल लेजिस्लेटिव काउंसिल का स्थान हुआ करता था। बाद में संसद भवन के रूप में पहचान मिली। मोदी ने कहा यह सही है कि इस इमारत के निर्माण करने का निर्णय विदेशी शासकों का था लेकिन यह कभी नहीं भूल सकते हैं और हम गर्व से कह सकते हैं इस भवन के निर्माण में पसीना मेरे देशवासियों का लगा था।

## नई ऊर्जा और आत्मविश्वास के साथ शुरु हुए सत्र में सभी का सहयोग जरूरी : बिरला

एजेंसी। नई दिल्ली



लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि नई ऊर्जा और आत्मविश्वास के साथ शुरु होने वाला 13वां सत्र महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि इस सत्र में हम गौरवशाली लोकतांत्रिक इतिहास से प्रेरणा प्राप्त कर नए संसद भवन में नई ऊर्जा व आत्मविश्वास से लोकतंत्र को और अधिक समृद्ध बनाने की नई यात्रा प्रारंभ करेंगे। बिरला ने सभी सांसदों से सदन की कार्यवाही को सुचारू ढंग से चलने देने की उम्मीद जताई है। उन्होंने यह भी कहा कि आशा है सदैव की भांति सांसदों का सहयोग उन्हें मिलेगा और वे सदन की कार्यवाही में सक्रियता से भाग लेकर जनहित के विषयों पर उच्च कोटि की चर्चा–संवाद से देशवासियों को नई दिशा दिखाएंगे। हालांकि कार्रवाई शुरु होते ही हंगामा होने लगा, जिस पर उन्होंने तकनीकी समस्या बताते हुए जांच का भरोसा भी दिलाया। विपक्षी सदस्यों ने माइक बंद करने का आरोप लगाया जिस पर लोक सभा अध्यक्ष ने जांच का भरोसा दिलाते हुए आगे की कार्रवाई जारी रखी। इस दौरान लोकसभा स्पीकर बिरला ने कहा कि लोक सभा का आज से प्रारंभ हो रहा 13वां सत्र महत्वपूर्ण है। इस सत्र में हम गौरवशाली लोकतांत्रिक इतिहास से प्रेरणा प्राप्त कर नए संसद भवन में नई ऊर्जा व आत्मविश्वास से लोकतंत्र को और अधिक समृद्ध बनाने की नई यात्रा प्रारंभ करेंगे। 140 करोड़ देशवासियों की सहभागिता इसे और विशेष बनाएगी। बिरला ने सदन की कार्यवाही सुचारू ढंग से चलने की उम्मीद जताते हुए कहा, आशा है सदैव की भांति माननीय सदस्यों का सहयोग हमें मिलेगा। वे सदन की कार्यवाही में सक्रियता से भाग लेकर जनहित के विषयों पर उच्च कोटि की चर्चा–संवाद से देशवासियों को नई दिशा दिखाएंगे। आपको बता दें कि पहले दिन यानी आज संसद की बैठक पुराने संसद भवन में होगी। मंगलवार, 19 सितंबर, को पुराने संसद भवन में फोटो सेशन होगा, फिर सुबह 11 बजे सेंट्रल हॉल में एक समारोह होगा। उसके बाद नई संसद में प्रवेश किया जाएगा। 19 सितंबर को नए संसद भवन में संसद सत्र की बैठक होगी और 20 सितंबर से नियमित संसदीय काम-काज शुरू होगा।

## चंद्रयान-1 ने दी सटीक जानकारी, पृथ्वी से ही पहुंचा था चंद्रमा पर पानी

**नई दिल्ली।** चंद्रमा पर पानी के होने के सबूत चंद्रयान-1 ने पहले ही दे दिए थे, लेकिन अब अमेरिकी वैज्ञानिकों ने खुलासा किया है कि चंद्रमा पर पानी और कहीं से नहीं बल्कि पृथ्वी से ही पहुंचा है। दरअसल आने वाले समय में चंद्रमा पर जाने वाले मानव अभियान के लिए यह जानकारी होना बहुत ही जरूरी है कि वहां पानी किस रूप में, कितनी मात्रा में कहां कहां मौजूद है। इसके अलावा वहां पर पानी का स्रोत क्या है यानि पानी वहां कैसे आया। क्या उसका चंद्रमा पर ही कुछ पुरानी प्रक्रियाओं द्वारा निर्माण हुआ था या अब भी हो रहा है। साल 2008 में भारत के चंद्रयान 1 ने खुलासा किया था कि चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर पानी बर्फ के रूप में हैं। अब अमेरिकी अध्ययन ने उसी के आंकड़ों से खुलासा किया है




कि यह पानी पृथ्वी की प्लाज्मा शीट की वजह से वहां पहुंचा है। चंद्रमा पर इंसानों को भेजने की कवायद पर तेजी से काम चल रहा है। नासा के आर्टिमिस अभियान के तहत चंद्रमा पर पानी की तलाश जोरों से हो रही है। इसलिए अमेरिका में चंद्रमा पर शोधकार्य भी खूब हो रहे हैं। नए अध्ययन में शोधकर्ताओं ने खुलासा किया है कि पृथ्वी की प्लाज्मा शीट के उच्च ऊर्जा वाले इलेक्ट्रॉन चंद्रमा के मौसम को बहुत प्रभावित करते हैं।

## शिवराज सरकार का स्पेशल भर्ती अभियान

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में विधानसभा चुनाव नजदीक है, इसी बीच सरकार ने भर्ती को लेकर एक बड़ा फैसला किया है। सामान्य प्रशासन विभाग ने डेडलाइन बढ़ाई है। अगले साल यानी 2024 तक भर्ती की प्रक्रिया पूरी करनी होगी। चुनावी माहौल में शिवराज सरकार ने स्पेशल भर्ती अभियान शुरू किया है। इसमें सामान्य प्रशासन विभाग ने डेडलाइन बढ़ा दी है। इसके लिए अब आने वाले साल 2024 तक भर्ती की प्रक्रिया पूरी करनी होगी। वहीं एससी, एसटी और ओबीसी के बैकलॉग पदों को जुलाई तक विभाग भर्ती नहीं कर सके थे जिसके बाद सरकार ने अक्टूबर तक भर्ती का वादा किया था। वहीं अब 2024 तक भर्ती की प्रक्रिया को बढ़ा दी गई है।

## निपाह वायरस से राहत, केरल में कोई नया मामला नहीं मिला

एजेंसी। तिरुवनन्तपुरम

केरल में फिलहाल 'निपाह वायरस का कोई नया मामला सामने नहीं आया है। हालांकि एक नौ साल के बच्चे का इलाज चल रहा है, उसे अब वेंटिलेटर से हटा दिया गया है। फिलहाल वह ऑक्सीजन सपोर्ट पर है। केरल की स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज ने बताया कि बच्चे की सेहत में धीरे-धीरे सुधार हो रहा है, उसकी स्थिति आशाजनक है। फिलहाल 1233 लोग अब संपर्क सूची में हैं। 23 लोगों को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। आईएमसीएच में 4 लोग भर्ती हैं। वहीं 36 चमगादड़ों के नमूने इकट्ठा किए गए और परीक्षण के लिए भेजे गए। निपाह वायरस की स्थिति का जायजा लेने के लिए एहतियात के तौर पर 34,167 घरों



में हाउस विजिट पूरा हो चुका है। सतर्कता और सावधानी बरतने के सवाल पर मंत्री जॉर्ज ने कहा कि वायरस का इन्क्यूबेशन पीरियड 21 दिनों का होता है। इसलिये अंतिम पुष्ट मामला आने से दोगुनी अवधि यानि 42 दिन तक सावधानी बरतने की जरूरत होती है। संक्रमित व्यक्ति के संपर्क में आए लोगों का पता लगाने के लिये पुलिस की मदद ली जाएगी। उन्होंने कहा कि 'हम उनके मोबाइल टॉवर लोकेशन का पता लगाने के लिये पुलिस की मदद लेंगे। मंत्री वीना जॉर्ज ने कहा कि इस बीच केंद्रीय टीम 2018 में जिस इलाके में निपाह का प्रकोप फैला था, उस इलाके का सर्वे करेगी और वहां की पारिस्थितिक में किसी भी बदलाव का पता लगाएगी। इसके अलावा पुणे स्थित राष्ट्रीय विषाणु विज्ञान संस्थान और भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद की टीम भी फील्ड सर्वे कर रही हैं। मंत्री जॉर्ज ने कहा कि 'वायरस की जीनोम सीक्वेंसिंग भी की जा रही है। चमगादड़ों का सर्वे भी चल रहा है। पिछले साल और इस साल की शुरुआत में भी चमगादड़ सर्वे किया गया था।' एक केंद्रीय चमगादड़ निगरानी दल भी यहां मौजूद है, जो उनके नमूने इकट्ठा कर रहा है।

**पर्व** | **चंद्रदेव और गणेश जी की आराधना कर मनाया गया चौठचंद्र पर्व**

## पुत्र के दीर्घायु के लिए महिलाओं ने रखा व्रत

**फारबिसगंज।** चांद की पूजा का पर्व चौठचंद्र (चौरचन) शुक्रवार को मनाया गया। इस दौरान लोगों ने चांद की पूजा बड़े धूमधाम व आस्था के साथ की। पर्व को लेकर हर आयु वर्ग के लोगों में गजब का उत्साह देखा गया। सारे पर्वों की तरह चौरचन में भी प्रकृति व शांति के देवता चांद की पूजा की गयी। मिथिलांचल में गणेश चतुर्थी के दिन इस पर्व को मनाया जाता है। पूजन के दौरान विधि-विधान के साथ चंद्रमा की पूजा की गयी। घर की महिलाएं पूरे दिन उपवास कर शाम को भगवान गणेश की पूजा के साथ चांद की विधि विधान से पूजा



कर अपना व्रत तोड़ी। वही, इससे पहले पूजा स्थल पर पिठार से अरिपन बनाया गया उस पर पूजा-पाठ की सभी सामग्री रखी गयी। चांद के उगने के बाद गणेश व चांद की पूजा की गयी। इस दौरान दोनों देवता को फिर उसी अरिपन पर बांस से बने डाली में फल , टिकरी, ठेकुआ, पिरुकिया और मिट्टी के मटकुरी में दही जमा कर पूजन सामग्री के साथ घर के सभी लोगों ने चंद्र देव को अर्ध्य दिया। उसके बाद घर के वरिष्ठ सदस्य (पुरुष) मरर भांगते है जिसमे खीर दाल पूरी के साथ साथ फल मिठाई दही इत्यादि था फिर सभी लोग मिलके प्रसाद रूपी खीर पूरी फल मिठाई दही इत्यादि ग्रहण किए। महिलावर्ती पुष्पा देवी,उषा देवी,बबली देवी, बताती है इस दिन चांद को श्रॉप दिया गया था। इस कारण इस दिन चांद को देखने से कलंक लगने का भय बना रहता है। शास्त्र के अनुसार गणेश को देखकर चांद ने अपनी सुंदरता पर घमंड कर उनका मजाक उड़ाया था। इस पर गणेश ने क्रोधित होकर उन्हें श्राप दिया कि इस दिन चांद को देखने से लोगों को समाज से कलंकित होना पड़ेगा।

## भारी मात्रा में विदेशी मुद्रा के साथ एक भारतीय नागरिक गिरफ्तार

**फारबिसगंज :** नेपाल मे भारी मात्रा में विदेशी मुद्रा के साथ एक भारतीय नागरिक की गिरफ्तारी हुई है मिली जानकारी के अनुसार मकवानपुर जिले के इलाका पुलिस कार्यालय पशुपतिनगर व पुलिस चौकी रातोमाटे की पुलिस टीम के द्वारा पूर्व पश्चिम राजमार्ग अन्तर्गत हेटौंडा उपमहानगरपालिका वार्ड संख्या 15 रातोमाटे सडक खण्ड से 23 लाख 38 हजार 571 रुपए के साथ भारतीय नागरिक रम्भु दास को गिरफ्तार किया गया है । दास हेटौंडा से बीरगंज के तरफ मधेश प्रदेश 03–001 ज 364 नम्बर से जा रहा था सूचना के आधार पर गाडी जाँच के क्रम मे पूर्वी चम्पारण जिले के पलनागवा के थानापसौना वडा नं. निवासी 40 वर्षीय रम्भु दास के द्वारा छुपा कर रखे गए उक्त विदेशी मुद्रा



बरामद किया गया है। दास के पास से युरो 50 के 80 नोट, जापानी मुद्रा एक हजार के 133 पीस , साउदी रियल एक हजार के दो पीस , पांच सौ के 15 पीस,,100 के 15 पीस, दो का पांचद, 100 का 52, पचास का सात , बीस का पाँच , 10 का 13 , पाँच का सात नोट कुल 116 पीस विदेशी मुद्रा बरामद किया गया है ।

## ख़ास ख़बर

### पूर्णियां विश्वविद्यालय, पूर्णियां के कुलपति प्रो.राजनाथ यादव 21 सितंबर को बीएनएमयू के कुलपति का करेंगे प्रभार ग्रहण



**मधेपुरा।** पूर्णियां विश्वविद्यालय, पूर्णियां के कुलपति प्रो.राजनाथ यादव 21 सितंबर को बीएनएमयू के कुलपति का प्रभार ग्रहण करेंगे इस आशय का राजभवन से अधिसूचना जारी हुई है। इस बाबत उपकुलसचिव (स्थापना) डॉ. सुधांशु शेखर ने बताया कि पूर्णिया विश्वविद्यालय, पूर्णिया के कुलपति प्रोफेसर राजनाथ यादव 21सितंबर को बीएनएमयू के कुलपति का प्रभार ग्रहण करेंगे। डॉ. शेखर ने प्रोफेसर आर. के. पी. रमण को उनके अविस्मरणीय कार्यकाल के लिए बधाई दी है। उन्होंने कहा है कि इनके कार्यकाल में विश्वविद्यालय ने उपलब्धियां प्राप्त की है।

### धर्म और आस्था को सदियों से अक्षुण्ण रखने वाली नारी शक्ति को तीज और चौरचंद की बधाई: कविता मिश्रा



**पूर्णियां।** सनातन धर्म में हरतालिका तीज व्रत का विशेष महत्व है.हरतालिका तीज व्रत हर साल भाद्रपद शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को रखा जाता है। इसे तीजा पर्व के नाम से भी जाना जाता है. हरतालिका तीज का व्रत आज 18 सितंबर 2023 दिन सोमवार को सुहागिनें अपने पति की लंबी आयु के लिए निर्जला व्रत रखती हैं. वहीं हरतालिका तीज का व्रत कुंवारी कन्याएं मनचाहे वर प्राप्त के लिए रखती है। इस दिन रात भर जागरण कर गौरीशंकर की पूजा का विधान है। आज मिथिलांचल का पर्व चौरचंद भी है। लोग फल लेकर चंद्र दर्शन करते हैं।धर्म और आस्था को सदियों से अक्षुण्ण रखने वाली नारी को शक्ति समाजसेविका सह पैनेरमा ग्रुप के एमडी संजीव मिश्रा की धर्मपत्नी कविता मिश्रा ने तीज और चौरचंद की बधाई दी।

### प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन पर डा.अशोक यादव ने भगवान विश्वकर्मा से मांगा दीर्घायु का आशीर्वाद



**नरपतगंज।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर भाजपा के कद्दावर नेता सह लकवा रोग विशेषज्ञ खरैया निवासी डा.अशोक यादव ने बाबा विश्वकर्मा का पूजा कर पीएम मोदी के दिघार्यु की कामना किया। इस दौरान उन्होंने बाबा से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की अगुवाई में देश को आत्मनिर्भर बनाने सुशासन और गरीब कल्याण के लिए सरकार की प्रतिबद्धता हेतु प्रार्थना की गई। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी का सपना है कि भारत आत्मनिर्भर बने इस निमित्त हमने प्रभु से उनके उत्तम स्वास्थ्य दीर्घ जीवन का आशीर्वाद मांगा है।

### मरहूम तस्लीमुद्दीन साहब के यौमे वफ़ात पर मंजर खान ने किया ख़िराज-ए-अक़ीदत पेश




**नरपतगंज।** राजद के संस्थापक सदस्य, पूर्व केंद्रीय गृह राज्य मंत्री, सीमांचल गांधी, तस्लीमुद्दीन साहब के यौमे वफ़ात पर राजद के कद्दावर युवा नेता जनाब मंजर खान ने ख़िराज-ए-अक़ीदत पेश करते हुए कहा कि आज उनकी पुण्य तिथि है उनकी कमी सीमांचल वासियों को खल रही है।

### प्रतिबंधित कछुए के साथ दो तस्कर गिरफ्तार



**जयनगर /मधुबनी, दैनिक शुभ भास्कर (मो.गुलाब)।** 48वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल जयनगर के कार्यक्षेत्र के अंतर्गत वाह्य सीमा चौकी पिपरोन के जिम्मेवारी के इलाके में सशस्त्र सीमा बल के जवानों द्वारा चेक पोस्ट ड्यूटी के दौरान एक जंगली कछुआ वाइल्ड कछुए के साथ दो तस्करो को सीमा स्तंभ संख्या 284/35 से लगभग 60 मीटर भारतीय क्षेत्र में गिरफ्तार किया है। ये तस्कर कछुए को तस्करी कर नेपाल से भारतीय क्षेत्र में प्रवेश करने जा रहे थे। गिरफ्तार तस्कर संतोष कुमार मंडल पुत्र जुगल मंडल उम्र 40 वर्ष, गांव व डाकघर जनकपुर वार्ड न० -02 धनुषा (नेपाल) एवं विश्वजीत कुमार राय पुत्र जागेश्वर राय उम्र 30 वर्ष, गांव व डाकघर जनकपुर वार्ड न० -02 धनुषा (नेपाल) को जब्त किए गए कछुऐ वाइल्ड कछुए को वन विभाग कार्यालय बेनीपट्टी कार्यालय को अग्रिम कार्यवाही हेतु सुपुर्द किया गया है । श्री गोविंद सिंह भंडारी कमांडेंट, 48वीं वाहिनी जयनगर ने बताया कि भारत नेपाल सीमा पर होने वाली वन्य जीव तस्करी और अन्य अपराधों की रोकथाम के लिये भारत-नेपाल सीमा पर 48वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल जयनगर के द्वारा गश्ती तेज कर दी गई है ताकि इस प्रकार की गतिब्धियों पर पूर्णरूप से प्रतिबंधित किया जा सके ।

# कक्षा 3, 4 एवं 5 के शिक्षकों का 6 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण संपन्न



**अररिया/फारबिसगंज।** राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद (एससीईआरटी) पटना के निर्देशानुसार 11 सितंबर से 16 सितंबर तक जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) फारबिसगंज में बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान के अंतर्गत बच्चों को निपुण बनाने, बच्चों में कक्षा के अनुरूप ज्ञान, कौशल एवं दक्षता का विकास करने, निपुण बिहार के लक्ष्यों को प्राप्त करने एवं राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वेक्षण में बिहार राज्य की स्थिति को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से आयोजित कक्षा 3, 4 एवं 5 के शिक्षकों का 6 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण बुनियाद 2 सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस प्रशिक्षण में अररिया जिले से कक्षा 03 से 05 के कुल 185 प्रशिक्षुओं ने भाग लिया। इस प्रशिक्षण में प्रशिक्षक सुषमा वर्मा, शालिनी कुमारी, सचिन कुमार, अशोक प्रसाद, राकेश कुमार, अरविंद प्रभात, मनोज कुमार, गांधी मिस्त्री, सत्य प्रकाश, नीतीश कुमार, महेश कुमार, मो शाहनवाज आलम के द्वारा प्रशिक्षण के क्रम में प्रशिक्षुओं को भाषा एवं गणित शिक्षण में कठिनाइयां एवं समाधान, बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान के घटक, अधिगम प्रतिफल से संबंधित संभावित गतिविधियां, एफएलएन किट का प्रयोग एवं आईसीटी का शिक्षा में उपयोग की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण सत्र की शुरुआत प्रतिदिन योगा क्लास से एवं समाप्ति राष्ट्रगान से किया गया। प्राचार्य, आफताब आलम के अनुसार यह प्रशिक्षण सभी शिक्षकों को निर्धारित समयांतराल दिया जाएगा। प्रशिक्षण के अंतिम दिन सत्र समापन होने के उपरांत बैच 04 के सभी प्रशिक्षुओं द्वारा डायट में पदस्थापित सभी व्याख्याताओं को सम्मानित किया गया। सम्मानित करने वालों में कुर्साकांटा से दीपरत्न राय, मनटी कुमारी, अनिता कुमारी, अररिया से सुमित कुमार आनंद, वहिदुर रहमान, रवि शंकर, जमिलुद्दीन दीनानाथ मिश्र, चन्दन सदा, प्रकाश भारती, सुमन कुमारी, सबिता मालाकार, फारबिसगंज से दीवाकर कुमार, भवेश झा, रंजेश सिंह, संजय विश्वास, प्रभात कुमार, रानीगंज से रोमा कुमारी, मौसम कुमारी का नाम शामिल है।

## पनोरमा स्पोर्ट्स क्लब बनाने का प्रस्ताव बैठक में पारित



**पूर्णियां।** पनोरमा स्पोर्ट्स सीजन -6 की प्रथम चरण की शुरुआत दिनांक 29 सितम्बर से पनोरमा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स ई होम्स पूर्णिया में आयोजित होने जा रही है। महत्वपूर्ण बैठक की अध्यक्षता पनोरमा ग्रुप के प्रबंध निदेशक श्री संजीव मिश्रा " सर " ने की। बैठक की अध्यक्षता करते हुए श्री संजीव मिश्रा " सर " ने कहा कि गरीब व जरूरतमंद प्रतिभाशाली खिलाड़ियों के लिए पनोरमा स्पोर्ट्स क्लब का बनाने का प्रस्ताव रखा। बैठक में उपस्थित सभी खेल प्रेमियों ने तेह दिल इस बेहतरीन क़दम का स्वागत किया। उन्होंने कहा बहुत जल्द पनोरमा स्पोर्ट्स क्लब का विधिवत गठन कर दी जाएगी । प्रतिभाशाली युवा खिलाड़ियों को कोई परेशानी ना हो। बैठक की संचालन पनोरमा स्पोर्ट्स सीजन -6 आयोजन समिति सदस्य व ईस्ट जोन पूर्व चेयरमैन व क्रिकेट प्रशिक्षक हरिओम झा ने की। पनोरमा स्पोर्ट्स सीजन -6 की शुरुआत दिनांक 29 सितम्बर से प्रथम चरण पनोरमा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स ई होम्स पूर्णिया में आयोजित होने जा रही है। दिनांक 22 सितंबर को संध्या 4:00 बजे पनोरमा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स ई होम्स पूर्णिया में ड्रॉ के माध्यम से विभिन्न खेलों का टाई सीट बनाई जाएगी। इस अवसर पर पनोरमा स्पोर्ट्स प्रतियोगिता में भाग ले रहे सभी रजिस्टर्ड स्कूल एवं क्लबों के पदाधिकारी गण, टीम मैनेजर एवं कप्तान उपस्थित रहेंगे। सभी खेलों के पदाधिकारी गण के सामने टाईसीट बनाई जाएगी। प्रत्येक दिन मैच प्रारंभ होने से पूर्व सभी पदाधिकारियों एवं खिलाड़ी गण एक - दूसरे को नमस्ते कह कर पनोरमा स्पोर्ट्स की शुरुआत करेंगे ।श्री मिथिलेश राय, श्रीमती स्वाति वैश्यंत्री, मो नैयर अली ने भी महत्वपूर्ण बैठक को संबोधित की। और अपने अपने विचार व्यक्त किए।

## रामपुर कोदरकट्टी पंचायत भवन में जन संवाद कार्यक्रम अयोजित



**अररिया।** विभागीय दिशा निर्देश के आलोक में विभिन्न लोक कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी आम जनों को सुलभ कराने, उनकी प्रतिक्रिया प्राप्त करने तथा जन समस्याओं की जमीनी जानकारी एवं निदान के लिए आज अररिया प्रखंड के रामपुर कोदरकट्टी पंचायत भवन में जन संवाद कार्यक्रम आयोजन किया गया। जन संवाद कार्यक्रम का उद्घाटन जिला पदाधिकारी श्रीमती इनायत खान, पुलिस अधीक्षक श्री अशोक कुमार सिंह एवं उपस्थित माननीय पंचायती राज के जनप्रतिनिधी सहित सभी वरीय पदाधिकारी द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत स्कूली बच्चों द्वारा स्वागत गान से किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी श्रीमती इनायत खान ने कहा कि लोगों तक पहुंचने और उनकी समस्या जानने का यह सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि अभी फिलहाल 45 पंचायत को कवर करने के साथ जनसुनवाई का कार्यक्रम तय किया गया है। जिसकी शुरुआत आज इस पंचायत से हुई है। उन्होंने कहा कि जिले के सभी पंचायत को जनसुनवाई अभियान से कवर करने का प्रयास है। जिसमें सरकार की चल रही योजनाएं धरातल पर पहुंच रही है कि नहीं, उसमें क्या कमी है, इसके लिए लोगों से फीडबैक लेना है और उसमें क्या नया किया जा सकता है इसके लिए सुझाव भी प्राप्त करना है। जिलाधिकारी ने कहा कि इसी उद्देश्य के साथ जनसुनवाई की परिकल्पना की गई है। उन्होंने कहा कि जन संवाद कार्यक्रम में जिला स्तरीय अधिकारी अपने-अपने विभाग की योजनाओं के बारे में विस्तार से बताएंगे, ताकि जिन लोगों को योजनाओं के बारे में जानकारी नहीं है वह बारीकी से योजनाओं को जाने।

## राजद अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष की अध्यक्षता में बैठक



**अररिया।** राजद अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला कार्यकारणी की एक दिवसीय बैठक अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष हजरत अजहरुद्दीन जी के अध्यक्षता में हुई बैठक में मुख्य अतिथि के तौर पर अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष पूर्व विधायक जनाब नवाज आलम उर्फ अनवर आलम साहब उपस्थित हुए। बैठक में सम्मानित अतिथि के तौर पर राज्य के आपदा प्रबंधन मंत्री जनाब शाहनवाज आलम जी पूर्व सांसद पूर्व मंत्री बिहार सरकार जनाब सरफराज आलम जी ,राजद जिला अध्यक्ष मनीष यादव जी प्रधान महासचिव मनोज विश्वास जी उपस्थित हुए कार्यक्रम का उद्देश्य पंचायत एवं बुथ स्तर पर अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ को मजबूती प्रदान करना था, राजद जिला अध्यक्ष मनीष यादव जी ने बैठक को संबोधित करते हुए अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष को भरोसा दिलाया कि आपके हर कदम पर राष्ट्रीय जनता दल आपके साथ मजबूती से खड़ी है , कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आपदा प्रबंधन मंत्री ने वोट कटुओं से आगाह करने का काम किया साथ ही कहा आने वाला चुनाव हम सबों के लिए एक चुनौती है जिसे समवेत प्रयास से ही हम सफल कर सकते हैं वहीं पूर्व सांसद ने कार्यकर्ताओं से सभी गिले शिकवे को दूर कर पार्टी हित में संघर्ष करने का निवेदन किया अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष मुख्य अतिथि जनाब नवाज आलम साहब ने विस्तार से बताया की क्यों अल्पसंख्यक समुदाय का कर्तव्य बनता है कि हम हम राष्ट्रीय जनता दल के लिए मतदान करें उन्होंने कहा कि लालू प्रसाद यादव जी ने न केवल अल्पसंख्यक आयोग का गठन करवाया बल्कि लालकृष्ण आडवाणी के दंगाई रथ को रोकने और उन्हें गिरफ्तार करने का काम किया उन्होंने कहा कि आज भी राजद अकलियतों वंचितों दलित शोषितों के हितों की रक्षा के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कम कर रही है और देशभर में भारतीय जनता पार्टी के फासीवादी दंगाई साजिशों का मुंहतोड़ जवाब देने के लिए इंडिया गठबंधन का निर्माण किया गया है उन्होंने अल्पसंख्यक समुदाय से निवेदन करते हुए कहा किसी विभाजनकारी ताकतों के झांसे में नहीं आना है हमें हमारे हक हकूक के लिए लड़ने वाले रहनुमा लालू प्रसाद यादव जी के हाथों को मजबूती प्रदान करनी है। बैठक को राष्ट्रीय जनता दल अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव शत्रुघ्न मंडल, जिला उपाध्यक्ष सरवर आलम जी, महिला राजद जिलाध्यक्ष लवली नवाब जी एवं अन्य नेताओं ने भी संबोधित किया। वहीं इस कार्यक्रम में पुर्व जिलाध्यक्ष सुरेश पासवान, जिला प्रवक्ता जगदीश झा गुड्डू रामनारायण विश्वास , अविनाश आनंद अररिया प्रखंड अध्यक्ष मो नसीम जी युवा राजद के प्रधान महासचिव मोहतसिम अख्तर असलम रहमानी , अतिकुर रहमान , डा तस्दीक आर्यन मोहम्मद नूरुद्दीन इरशाद गजवी अब्दुस समद इंजमाम लड्डू आदि सैकड़ों की संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### सर्जन कार्यालय पूर्णियां में मीडिया कार्यशाला आज

**पूर्णियां।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा 20 सितंबर से आयोजित सर्वजन दवा सेवन (MDA) कार्यक्रम को लेकर 19 सितंबर 2023 (मंगलवार) को सिविल सर्जन कार्यालय में 11:00am में मीडिया कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। इसका उद्देश्य मीडिया द्वारा सामुदायिक स्तर पर जागरूकता पहुँचाकर आमलोगों की इस कार्यक्रम में भागीदारी सुनिश्चित करना है। सभी मीडिया कर्मियों से निर्धारित समय में सुनिश्चित स्थल पर पहुँचकर कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन में भागीदारी सुनिश्चित करने का अनुरोध किया गया

### धूमधाम से मनाया गया भगवान विश्वकर्मा पूजा



**जयनगर /मधुबनी, दैनिक शुभ भास्कर (मो.गुलाब)।** जयनगर प्रखंड क्षेत्र के अलग-अलग जगहों पर बड़े ही धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ भगवान विश्वकर्मा पूजा मनाया गया। देवशिल्पी भगवान विश्वकर्मा की पूजा भक्तिभाव के साथ प्रखंड क्षेत्र के अलग-अलग स्थान, चौक-चौराहों और निजी दुकानों में भव्य पंडाल बनाकर प्रतिमा स्थापित की गई। साथ ही विद्युत पावर उपकेंद्र बलुआटोल, दुल्लीपट्टी में विधिवत रूप से भगवान विश्वकर्मा की पूजा अर्चना वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ की गयी। वहीं रविवार शाम को जयनगर सहित अन्य कई स्थानों पर पूजा समापन के बाद श्रद्धालुओं के बीच महाप्रसाद का भी वितरण किया गया।जयनगर के भेलवाटोल,वाटर वेज चौक,पटना गद्दी रोड, शहीद चौक,बेला,कमलाबाड़ी,परवा, देवधा,उसराही,जयनगर बस्ती में भगवान विश्वकर्मा की पूजा रविवार को मनाया गया।साथ ही प्रतिमा का विसर्जन सोमवार को किया जाएगा।

### एसएसबी के शहीद हेड कॉन्स्टेबल की पुण्यतिथि पर दी गई श्रद्धांजलि



**जयनगर /मधुबनी, दैनिक शुभ भास्कर (मो. गुलाब)।** 48 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल जयनगर के प्रांगण में श्री गोविंद सिंह भंडारी, कमांडेंट के प्रवेक्षण में सभी अधिकारियों, अधीनस्थ अधिकारियों एवं जबानों ने शहीद मुख्य आरक्षी सिकंदर यादव की आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मोन रखा गया । सशस्त्र सीमा बल द्वारा संचालित नक्सल विरोधी अभियानों से क्षुब्ध नक्सलियों ने दिनांक 17/09/2018 को जिला- जमुई बिहार में 48वीं वाहनी सशस्त्र सीमा बल जयनगर में पदस्थापित अवकाश पर गृहनगर गये हुए निहत्थे मुख्य आरक्षी सिकंदर यादव पर नक्सलियों ने अचानक जानलेवा हमला कर दिया। जिसमें मुख्य आरक्षी सिकंदर यादव वीरगति को प्राप्त हुए। मुख्य आरक्षी सिकंदर यादव के इस सर्वोच्च बलिदान को राष्ट्र हमेशा स्मरण रखेगा।

### "अररिया मांगे एम्स " को लेकर भाजपा के युवा नेता रंजीत यादव ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को सौंपा ज्ञापन



**जोगबनी।** लम्बे समय से लंबित मांग अररिया लोकसभा क्षेत्र में एम्स की स्थापना को लेकर भाजपा के कद्दावर युवा नेता रंजीत यादव ने जोगबनी इंटीग्रेटेड चेक पोस्ट पर आवासीय भवनों और बथनाहा में एस एस बी के गैर-आवासीय भवनों का उद्घाटन के पश्चात माननीय गृह एवं सहकारिता मंत्री "श्री अमित शाह जी" से अररिया लोकसभा क्षेत्र शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा पर बात कर अररिया में एम्स निर्माण से संबंधित एक मांग पत्र सौंपा और कहा कि अररिया_लोकसभा क्षेत्र अभी भी शिक्षा और #सवास्थ्य के मामले में बहुत पिछड़ा हुआ है, इस पर वो काफी चिंतित हुए उन्होंने इस पर जल्द अमल करने का आश्वासन दिया । उन्होंने युवा नेता रंजीत यादव को जल्द से जल्द दिल्ली आकर मिलने को कहा है, उम्मीद है अगले हफ्ते दिल्ली में माननीय गृह एवं सहकारिता मंत्री "श्री अमित शाह जी" से मिलकर अररिया लोकसभा क्षेत्र की कुछ बुनियादी जनहित मुद्दों पर विस्तार से बात होगी । सौंपे गए ज्ञापन में लिखा कि एम्स सीमांचल में बने वो भी अररिया में । हर दिल अजीज युवा नेता सह रंजीत यादव ने मांग पत्र में लिखा कि यह ईस्ट वेस्ट कॉरिडोर रोड (हाईवे) पर अवस्थित है।अभी गोरखपुर से सिलीगुड़ी तक बनने वाला ग्रीन फील्ड एक्सप्रेसवे भी यहीं से गुजरेगी।नेपाल का सबसे सघन आबादी वाला दो जिला यहां से मात्र 0.5 से 1.5 घंटे की दूरी पर है. इससे हम वहां के लोगों को उत्तम स्वास्थ्य सुविधा प्रदान कर अंतरराष्ट्रीय कूटनीति में बढ़त हासिल कर सकते हैं।यहां से बंगाल के कई जिले काफी नजदीक हैं और सघन आबादी वाले जिले हैं। AIIMS ( एम्स )जैसी संस्था राष्ट्रीय स्तर के होते हैं। उस लिहाज से जितने अधिक राज्यों को कवर करें। उतना अच्छा। बिहार के लगभग 12 जिले के लोग यहां से 2 - 2.5 घंटों में पहुंच सकते हैं।नीति आयोग के रिपोर्ट्स के मुताबिक भी यह क्षेत्र सबसे अधिक पिछड़े क्षेत्रों में से अग्रणी है, लिहाजा यहां ऐसी संस्थाओं की सर्वाधिक जरूरत है।यह ट्रेन और सड़क दोनों परिवहन मार्ग के मामले में वेल कनेक्टेड जगह है।यहां से दरभंगा तथा बागडोगरा एयरपोर्ट मात्र 02 से 3.5 घंटे की दूरी पर है, लिहाजा अच्छे क्वालिटी के डॉक्टर्स को आने जाने की समस्या नहीं होगी। अब जबकि पूर्णिया में एयरपोर्ट प्रस्तावित है. जो मात्र 30 - 40 मिनट की दूरी पर होगा तो डॉक्टरों के लिए आना जाना और आसान हो जाएगा। यह लोकेलिटी पटना से सर्वाधिक दूरी पर अवस्थित है। लिहाजा यदि यहां इस स्तर का संस्था स्थापित होता है. लगभग 2.5 - 3 करोड़ आबादी को इसका लाभ मिलेगा।

**समारोह** पूर्व उप मुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद लोकप्रिय सांसद प्रदीप सिंह विधायक मंचन केशरी आदि रहे मौजूद

## प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना का वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से किया गया लोकार्पण समारोह



**फारबिसगंज।** फारबिसगंज विधानसभा अन्तर्गत रेणु गांव स्थित अतिपिछड़ा मोर्चा के जिला अध्यक्ष श्री दिलीप पटेल जी के आवास पर विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना का वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग माध्यम से लोकार्पण समारोह आयोजित की गई।इस अवसर पर बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री श्री तारकिशोर प्रसाद जी, अररिया के लोकप्रिय सांसद श्री प्रदीप कुमार सिंह जी, फारबिसगंज विधायक मंचन केशरी,नरपतगंज के माननीय विधायक श्री जयप्रकाश यादव जी, पूर्व विधायक श्री लक्ष्मी नारायण मेहता जी, पूर्व विधायक परमानंद ऋषिदेव जी, भाजपा जिला अध्यक्ष आदित्य नारायण झा,पूर्व जिलाध्यक्ष आलोक भगत जी,पूर्व जिलाध्यक्ष श्री संतोष सुराणा जी,श्री कृष्ण कुमार सेनानी जी, भाजयुमो जिला अध्यक्ष आकाश राज जी, श्री शशिनाथ झा जी, दिलीप मेहता जी, श्री प्रताप नारायण मंड़ल जी एवं सभी मंड़ल अध्यक्षगण , पार्टी के सभी सम्मानित कार्यकर्त्तागण उपस्थित थे। फारबिसगंज विधान सभा क्षेत्र के औराही पूरब पंचायत के सिमराहा में देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्रद्धेय नरेंद्र मोदी जी के जन्म दिवस के अवसर पर "प्रधानमंत्री विश्व कर्मा योजनान्तर्गत" छोटे-छोटे कामगारों के साथ योजना को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।उक्त कार्यक्रम में बिहार के पूर्व उपमुख्य मंत्री कटिहार के सदर विधायक सह लोक लेखा समिति के सभापति श्रद्धेय तारकिशोर प्रसाद जी "मुख्य अतिथि" के साथ रहकर अपनी बातों को विस्तार से रखा।आदरणीय मुख्य अतिथि के द्वारा शुभारंभ किये जा रहे योजना का लाभ कामगारों को प्राप्त हो इसकी जानकारी साझा की गई। मौके पर लोक सभा विस्तारक पारस नाथ साह जी, ,भाजपा नेत्री जय रानी जी, विधान सभा प्रभारी रंजीत मिश्रा जी, अतिपिछड़ा के प्रदेश मंत्री भानू राय जी, मंडल अध्यक्ष विपीन मेहता जी सहित भाजपा के वरिष्ठ नेतागण एंव बड़ी संख्या में ग्रामीण बन्धुगण उपस्थित रहे।

## अतुल नेतृत्व में विकास के पथ पर भारतः संजीव मिश्रा

**पूर्णियां।** एक समर्पित, सेवाभावी और सहृदय नेतृत्व, जिसकी सभी प्राथमिकताओं में जनता का कल्याण, उसके हित और उसकी सुरक्षा सर्वोपरि है। जी-20 के सफलतम आयोजन ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी को विश्व नेता के रूप में स्थापित कर दिया है। उक्त बात शिक्षाविद सह पैनोरमा ग्रुप के एमडी समाजसेवी संजीव मिश्रा ने कही। उन्होंने कहा कि भारत और भारतीय जनता के लिए इस स्वर्ण युग का आरंभ वर्ष 2014 में हुआ था, जब देश में माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन ने देश की कमान संभाली थी। तीन दशकों में यह पहली बार था, जब केंद्र में कोई गैर कांग्रेसी सरकार पूर्ण बहुमत के साथ सत्ता में आई थी। लेकिन, यह भी पहली बार था, जब सत्ता संभालने के बाद किसी दल ने जीत का जश्न मनाने के बजाय, पहले ही दिन से उन चुनौतियों पर ध्यान देना शुरू कर दिया, जो देश औरदेशवासियों की प्रगति के राह में बाधक बनी हुई थीं। प्रधानमंत्री ने अपने पहले सार्वजनिक संबोधन में ही स्पष्ट कर दिया था कि वह प्रधानमंत्री नहीं, बल्कि प्रधान (यानि जनता) के सेवक हैं, जिसका पहला उद्देश्य अपने देश और देशवासियों की सेवा करना है। और अब, जब माननीय प्रधानमंत्री जी का यह सेवाभावी व कुशल नेतृत्व दशक वर्ष में प्रवेश कर चुका है, देश और जनता को बीते नौ सालों में क्या-क्या नए अनुभव हुए हैं, क्या-क्या नई उपलब्धियां हासिल हुई हैं; इनका एक सिंहावलोकन करना काफी महत्वपूर्ण होगा।

**सेवा और संवाद :** माननीय नरेन्द्र मोदी जी का देश के प्रधानमंत्री के रूप में यह दूसरा कार्यकाल है। पहले कार्यकाल की तुलना में इस कार्यकाल में बहुत सारी नई-नई चीजें शामिल हुई हैं और हो रही हैं। लेकिन जो नहीं बदला, वह है नेतृत्व में देश और देश के नागरिकों की सेवा की भावना और सरकार के हर फैसले में जनता की सहभागिता । ये चीजें पहले कार्यकाल में भी प्रमुखता से मौजूद थी, इस बार भी हैं। 'सबका साथ, सबका विकास', महज चार शब्दों का नारा नहीं, बल्कि एक वास्तविकता है, जिसे देश की जनता ने बीते नौ सालों में पूरी शिद्दत के साथ अनुभव किया है। अगर हम पिछले एक दशक में देश की जनता के लिए वर्तमान सरकार द्वारा किए गए सेवा कार्यों की सूची बनाना शुरू करें, तो यह बहुत लंबी हो जाती है। इन कार्यों में जो सर्वाधिक महत्वपूर्ण हैं, उनमें पहला है।डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर योजना। इसने सरकारी राहतों और लाभान्वितों के बीच की दूरी को पाटते हुए उन तमाम बिचौलियों को बाहर का रास्ता दिखाया, जो राहत राशि का एक बड़ा हिस्सा बीच में ही खा जाते थे, और उसका एक बहुत छोटा हिस्सा ही वास्तविक लाभार्थी को मिल पाता था। नौ सालों में यह योजना कितना विस्तृत रूप ले चुकी है, इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि बीते वित्त वर्ष (2022- 23) में, भारत सरकार के 53 मंत्रालयों की 312 योजनाओं के अंतर्गत कुल 670 करोड़ ट्रांजेक्शन हुए, जिनमें कुल 6,74,484 करोड़ रुपये, डीबीटी के माध्यम से सीधे लाभान्वितों के खातों में जमा हुए। इससे न सिर्फ अधिक लोगों का लाभ हुआ, बल्कि बीच के भ्रष्टाचार और सुस्त गति से भी निजात मिली। सेवा भाव का अगला सबसे बड़ा उदाहरण श्री नरेंद्र मोदी जी की पहल पर आरंभ प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना है। एक स्वस्थ भारत के निर्माण का लक्ष्य हासिल करने की ओर बढ़ते हुए इस योजना में अब तक 12 करोड़ परिवारों के लगभग 55 करोड़ लाभार्थियों को जोड़ा जा चुका है, जिन्होंने इसे विश्व की सबसे बड़ी स्वास्थ्य योजना बना दिया है। जन सेवा से संबंधित योजनाओं की इसी श्रृंखला में करीब दस करोड़ लोगों को गैस सिलेंडर पर सब्सिडी प्रदान करने वाली उज्ज्वला योजना है, जो वर्ष 2016 से चल रही है। इसके तहत, बीते वित्त वर्ष में 6100 करोड़ रुपये प्रदान किये गए हैं तथा चालू वर्ष के लिए 7680 करोड़ रुपये का प्रावधान रखा गया है। 2017 में लॉन्च सौभाग्य योजना है, जिसके तहत हर घर में बिजली पहुँचाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। सौभाग्य के माध्यम से,मार्च 2021 तक देश के 2.82 करोड घरों में बिजली पहुँचाई जा चुकी थी। स्वास्थ्य, ईंधन और बिजली के अलावा आम जन को जिस चीज की सबसे ज्यादा जरुरत होती है, वह है पीने के लिए स्वच्छ जल 'हर घर नल' के नाम से लोकप्रिय, केन्द्र सरकार का जल जीवन मिशन इस दिशा में एक बहुत सशक्त और महत्वाकांक्षी पहल है।

## ख़ास ख़बर

### हरिमोहन विश्वाश को बनाया गया जदयू शिक्षा प्रकोष्ठ का जिलाध्यक्ष, कार्यकर्ता में हर्ष



**मो0 नजीर/दैनिक शुभ भास्कर, सुपौल**। जिले में बिहार प्रदेश जदयू शिक्षा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष डॉ अमरदीप ने संगठन के विस्तार में सुपौल जिला के अध्यक्ष पर पुनः हरिमोहन बिश्वास को और प्रदेश महासचिव पद के लिए आवासीय ज्ञानकुंज एकेडमी किसनपुर के निर्देशक श्री पप्पू जायसवाल पर भरोसा जताया है। श्री बिश्वास पूर्व में भी जदयू के कई पदों के अलावा जदयू शिक्षा प्रकोष्ठ के ज़िला अध्यक्ष रह चुके है और उन्होंने संगठन के प्रति अपनी कार्य शैली अहम भूमिका निभाये है। जदयू जिलाध्यक्ष श्री राजेन्द्र प्रसाद यादव ने बताया कि श्री हरिमोहन बिश्वास और पप्पू जायसवाल पार्टी के प्रति वफादारी,निष्ठा के प्रति कार्य किये है और जदयू के सच्चे सिपाही है । खुशी व्यक्त करते हुए हरिमोहन बिश्वास ने कहा प्रदेश नेतृत्व ने जो मुझपर भरोसा जताया उसपर खड़ा उतरने का भरसक प्रयास करूँगा उन्होंने बिहार के यसस्वी मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार, वरिष्ठ मंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव, राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह, प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा, जदयू शिक्षा प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष डॉ अमरदीप, सुपौल जदयू के सांसद, विधायक,पुर्व विधायक, सुपौल जदयू जिलाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद यादव सहित वरिष्ठ नेताओं के प्रति आभार जताया। खुशी व्यक्त करने वालों में पार्टी के प्रदेश महासचिव अमर कुमार चौधरी उर्फ भगवान चौधरी, प्रधान महासचिव जगदीश प्रसाद यादव,उपाध्यक्ष हरेकान्त झा, युगल किशोर अग्रवाल,किशन मंडल,खुर्शीद आलम,ओम प्रकाश यादव, प्रमोद मंडल, अभय कुमार मिश्रा,अजय जायसवाल,अजय अजनवी,पप्पू साह,अमित गुप्ता,शम्भु मिश्रा, बद्री मंडल,अक्षय मिश्रा, प्रियंका यादव,प्रशान्त यादव,कलानंद झा,उपेन्द्र मंडल,दिलीप यादव, सौरभ झा,निर्धन पासवान, सौरभ कुमार, सिकंदर सरदार,राहुल ठाकुर,सुनील कुमार सिंह, मो. प्यारे,अशोक मेहता,रंजीत चौधरी, ललित भगत,ओम प्रकाश कुमार, राजा कुमार,सागर यादव,साजन कुमार, ऋषभ मंडल,सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त किया।

### जदयू कार्यालय में जिला अध्यक्ष सुश्री प्रियंका कुमारी द्वारा कमिटी की सूची की जारी



**मो0 नजीर/दैनिक शुभ भास्कर, सुपौल**। जिले में जनता दल यू जिला कार्यालय सुपौल के (कर्पूरी सभागार) में जिला अध्यक्ष श्री राजेंद्र प्रसाद यादव के नेतृत्व में महासचिव ओम प्रकाश यादव खुर्शीद आलम एवं मुख्य प्रवक्ता प्रमोद कुमार मंडल सदानंद पासवान पप्पू कुमार के उपस्थिति में युवा जनता दल यू के जिला अध्यक्ष सुश्री प्रियंका कुमारी द्वारा सुपौल जिला के सभी 11प्रखंड अध्यक्ष तीन नगर अध्यक्ष जिला कमेटी में उपाध्यक्ष महासचिव प्रवक्ता कोषाअध्यक्ष सचिव का सूची जारी किया गया ! इस अवसर पर जिला अध्यक्ष ने कहा की युवा संघटन को बूथ स्तर तक मजबूत किया जाना चाहिए। युवा देश और पार्टी का भविष्य हैं। इनको जागरूक करने की जरूरत हैं। आने वाला समय युवा का हैं। जद यू महासचिव ओम प्रकाश यादव ने बताया कि पिपरा प्रखंड में 23 सितंबर को होने वाले कर्पूरी परिचर्चा में युवा साथियों की भागीदारी युवा संगठन सुनिश्चित करें। बिहार सरकार के द्वारा किए गए विकास कार्यों को आम आवाम तक पहुंचाने का काम किया जाए।

### सिमराही वार्ड 3 में दुर्गापूजा को लेकर बैठक का आयोजन



**संवाददाता/ दैनिक शुभ भास्कर, राघोपुर ,सुपौल**। जिले में नगर पंचायत सिमराही वार्ड 3 में रविवार को आगामी दुर्गा पूजा को लेकर गणमान्य लोगों की एक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता पूर्व प्रमुख विजय कुमार चौधरी ने किया। इस दौरान दुर्गा पूजा की तैयारियों को लेकर सर्वसम्मति से एक कमिटी का गठन हुआ। बैठक में सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद पर विजय कुमार चौधरी, उपाध्यक्ष सतीश कुमार यादव और कोषाध्यक्ष कैलाश प्रसाद दास को चयनित किया गया। इसके बाद दुर्गापूजा की तैयारियों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि वार्ड 3 में दुर्गापूजा का भव्य आयोजन किया जाएगा।इसको लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई है। भव्य तरीके से दुर्गा पूजा का आयोजन होगा। इस दौरान सभी नगर वासियों को इस आयोजन में सम्मिलित होकर आयोजन को सफल बनाने की बात कही गई। मौके पर सिमराही बाजार व्यापार संघ के अध्यक्ष ललित कुमार जयसवाल, प्रकाश कुमार यादव, विनय कुमार भगत, सुरेश यादव, शम्भू यादव, सुनील कुमार, पवन कुमार, राजेश कुमार, अजय यादव, रमेश यादव, लाल यादव, शंकर यादव नरेश यादव, ललित यादव, नीतीश कुमार, अरुण कुमार, रामकुमार यादव, भोला साह, विरेन्द्र सुतिहार, डोमी ठाकुर बलराम यादव, दिलीप यादव आदि शामिल थे।

# हुसैनाबाद में संदेहास्पद स्थिति में फंदे से लटका मिला महिला का शव





**संवाददाता /दैनिक शुभ भास्कर, राघोपुर, सुपौल**। जिले के राघोपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत रामविशनपुर पंचायत के हुसैनाबाद वार्ड 11 में सोमवार को संदेहास्पद स्थिति में एक महिला का शव बरामद हुआ। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। वहीं घटनास्थल पर पहुंचकर पुलिस शव को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल कर रही है। बताया जाता है कि हुलास पंचायत के वार्ड 7 निवासी लक्ष्मी देवी (21) पिता अमीन कामत की शादी करीब दो साल पहले रामविशनपुर पंचायत के हुसैनाबाद वार्ड 11 निवासी अरविंद मंडल (25) पिता स्वर्गीय भागवत मंडल के साथ दोनों परिवारों की रजामंदी से धूमधाम से की गई। अरविंद गांव में ही रहकर ट्रैक्टर चालक का काम करता है। सोमवार अहले सुबह वह अपने काम पर चले गया। इस बीच वह नाश्ता करने घर पहुंचा तो उसे अपनी पत्नी लक्ष्मी देवी का घर में बंद होने की जानकारी मिली। काफी देर तक आवाज देने पर गेट नहीं खुलने पर परिजनों ने खिड़की तोड़कर अंदर प्रवेश किया, जहां लक्ष्मी फांसी के फंदे से लटकी मिली। इधर, थानाध्यक्ष रजनीश कुमार केशरी ने बताया कि घटना को लेकर जांच पड़ताल की जा रही है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। आवेदन अनुसार कार्रवाई की जाएगी। इधर मृतक के घर कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। वहीं घटना की जानकारी के बाद आसपास के घरों में चूल्हा बंद पड़ गया है।

**मायके वालों ने लगाया हत्या का आरोपः** मृतका लक्ष्मी देवी की मौत के बाद मायके से पहुंचे परिजनों ने ससुरालियों पर हत्या करने का आरोप लगाया है। इस दौरान परिजनों ने कहा कि रविवार की रात लक्ष्मी का अपने पति अरविंद के साथ झगड़ा हुआ। जिस कारण अरविंद ने उसके साथ मारपीट की। जिसकी जानकारी लक्ष्मी ने उसे दूरभाष पर दी। इस बीच आरोपियों ने उसकी हत्या कर फांसी के फंदे से शव को लटका दिया। हालांकि मामले में अबतक परिजनों ने थाना में लिखित आवेदन नहीं दिया है। पुलिस अनुसंधान कर रही है।

## मुख्यालय सदर अस्पताल में रक्तदान शिविर का किया गया आयोजन



**ब्यूरो/दैनिक शुभ भास्कर, सुपौल**। जिले में मुख्यालय स्थित सदर अस्पताल में देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिवस के अवसर पर भारतीय जनता युवा मोर्चा सुपौल के द्वारा जिला अध्यक्ष जयंत मिश्रा के नेतृत्व में सेवा सप्ताह के प्रथम दिन रक्तदान शिविर सुपौल जिला मुख्यालय स्थित सदर अस्पताल में लगाया गया जिसमें कार्यकर्ताओं ने उत्साह पूर्वक भाग रक्तदान करने वाले को प्रशस्ति पत्र भी दिया गया साथ कार्यक्रम में उपस्थित भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष अररिया जिला के प्रभारी डॉक्टर विजय शंकर चौधरी ने कहा कि स्वस्थ समाज से ही सशक्त राष्ट्र का निर्माण होगा प्रधानमंत्री देश को सशक्त बनाने में लगे हुए हैं इसी उद्देश्य से पार्टी के द्वारा रक्तदान के माध्यम से हम जरूरतमंद की मदद करेंगे । भाजपा नेता सह नगर परिषद के मुख्य पार्षद राघवेंद्र झा राघव ने कहा कि युवा मोर्चा ने प्रधानमंत्री के जन्मदिन को लेकर इस सिविर का आयोजन किया है, रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं होता है । जिला प्रवक्ता रणधीर ठाकुर ने कहा कि युवा मोर्चा के द्वारा किया गया यह रक्तदान शिविर सराहनीय है निश्चित रूप से निश्चित ही जरूरतमंदों को रक्त आसानी से उपलब्ध हो पाएगा ।वही पूर्व जिला महामंत्री सुरेश सुमन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री जी के जन्मोत्सव के अवसर पर सेवा सप्ताह के रूप में पूरे भारतवर्ष में भाजपा युवा मोर्चा द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है।

## धूम धाम से मनाया गया विश्वकर्मा पूजा



**अमरेश कुमार/ दैनिक शुभ भास्कर, पिपरा, सुपौल**। जिले में पिपरा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत विद्युत केंद्र पिपरा में भगवान विश्वकर्मा की जयंती व पूजा अर्चना धूमधाम से की गई। विद्युत केंद्र पिपरा में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी 18 सितंबर सोमवार को विश्वकर्मा पूजा धूमधाम से मनाई गई, बता दें कि लोग इसे विश्वकर्मा पूजा के नाम से भी जानते है भगवान विश्वकर्मा को दुनिया का पहले इंजीनियर और वास्तुकार माना जाता है इनको देव शिल्पी भी कहा जाता है। विश्वकर्मा पूजा उद्योगों फैक्ट्री के साथ कल कारखाने व मोटर गैरेज में बड़ी धूमधाम किया गया, विभिन्न वाहन चालकों ने भी बाबा विश्वकर्मा पूजा का आयोजन किया क्षेत्र के हर छोटे बड़े मिस्त्री, मैकेनिक, कारीगरों के साथ लोहा, लकड़ी के काम करने वालों ने भी हर्षोल्लास के साथ पूजा-अर्चना किया वहीं विद्युत उप केन्द्र कटैया, दीनापट्टी ,निर्मली, थुमहा,पिपरा,सहित लोहा पाट्र्स, इलेक्ट्रॉनिक की दुकान डेकोरेशन, आटा चक्की मशीन सहित अन्य छोटे-बड़े सभी दुकानों में भी विश्वकर्मा की पूजा अर्चना की गई। पुराणों व कथाओं की माने तो भगवान विश्वकर्मा ने देवताओं के लिए अस्त्रों शास्त्रों के साथ साथ विभिन्न देवी देवताओं के मंदिरों का निर्माण किया था। इस दिन विश्वकर्मा पूजा कलाकारों बुनकर सिल्पकारों और औद्योगिक घरानों द्वारा प्राचीन काल से की जाती है।इस मौके पर विद्युत केंद्र पिपरा में पूजा के दौरान जेई शौकत अली,सुनिंद्र कश्यप,योगेंद्र मंडल, नीरज कुमार,अमरजीत अरुण,संतोष,सुमित कुमार,प्रभु,बीरेंद्र,कुलदीप,सहित सभी विद्युत कर्मी मोजूद थे।

## दो बाईकों की हुई भीषण टक्कर में एक की मौत व तीन घायल, परिजनों में मचा कोहराम



**अमरेश कुमार/दैनिक शुभ भास्कर, पिपरा, सुपौल**। जिले में पिपरा थाना क्षेत्र के लिटियाही गम्हरिया मार्ग में बसहा कोल्ड स्टोर से दक्षिण पोखर के पास रविवार देर शाम दो बाइक की भीषण टक्कर में एक बीस वर्षीय युवक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि बाइक पर सवार तीन अन्य लोग बुरी तरह से जख्मी हो गए, सभी घायलों का इलाज निजी क्लिनिक में चल रहा है। इधर घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक की पहचान बसहा पंचायत के वार्ड नंबर 4 निवासी गणेश राम का पुत्र शंकर कुमार 20 वर्ष के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया है,घरवालों का रो रो कर बुरा हाल है।घटना के संबंध में प्रत्यक्षदर्शियों से मिली जानकारी अनुसार शंकर कुमार अपने दो साथियों के साथ डिस्कवर बाइक पर सवार हो किसी काम से विशनपुर जा रहे थे कि गम्हरिया लिटियाही मार्ग में कोल्ड स्टोर से पहले पोखर के पास जैसे ही पहुंचे कि लिटियाही की तरह से आ रही एक प्लेटिना बाइक सवार ने शंकर की बाइक में जोरदार टक्कर मार दी टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से जख्मी हो गए। प्लेटिना बाइक सवार त्रिवेणीगंज थाना क्षेत्र के लहरनिया का रहने वाला बताया जा रहा है जिसका इलाज निजी क्लिनिक में चल रहा है। घटना में बुरी तरह से जख्मी शंकर कुमार की मौत घटनास्थल पर ही हो गई जबकि अन्य को बेहतर इलाज के लिए निजी क्लिनिक में भर्ती कराया गया है। घटना की जानकारी पिपरा पुलिस को दी गई मौके पर पहुंची पुलिस शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल सुपौल भेज दिया और घटना की तहकीकात में जुट गई है।

### जदयू में युवाओं व महिलाओं को उचित सम्मान

**सरोज कुमार/दैनिक शुभ भास्कर,किसनपुर,सुपौल**। जिले में किसनपुर प्रखंड अंतर्गत संगठन की मजबूती के लिए किशनपुर प्रखंड के मौजहा में रविवार को एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमे नीतीश कुमार के कार्यों से प्रभावित होकर युवा तथा महिलाए शामिल हुई । वही युवा जिला अध्यक्ष प्रियंका यादव ने बताया किशनपुर प्रखंड बाढ़ प्रभावित क्षेत्र है लेकिन नीतीश सरकार बाढ़ के दौरान बाढ़ पीड़ित को हर संभव मदद पहुंचाई है। वही प्रियंका यादव ने बताया की आगे लोकसभा चुनाव है और वो सुपौल जिला के हर गांव और प्रखंड घूम घूम कर लोगो को नीतीश कुमार के लिए किए गए कार्यों को बताएगी और उनके युवा जदयू सुपौल की पूरी कमिटी नीतीश कुमार के कार्यों को लोगो तक घूम घूम कर बताएंगे और उसे पहुंचाने का कार्य करेंगे।

### धूमधाम से मनाया गया विश्वकर्मा पूजा



**डॉ0 विनीत शेखर /दैनिक शुभ भास्कर, निर्मली, सुपौल**। जिले में निर्मली प्रखंड अंतर्गत विश्व को कर्म प्रदान करने वाले भगवान विश्वकर्मा की पूजा रविवार एवं सोमवार को धूमधाम से मनाई गई। पंडितो की माने तो इस बार 18 सितंबर को पूजा के लिए शुभ माना गया था लेकिन कुछ लोगो ने रविवार को ही पूजा अर्चना कर ली वहीं कुछ ने सोमवार को पर्व मनाया। विश्वकर्मा पूजा को लेकर सुबह से ही लोगों में उत्साह रहा। फल व मिठाइयों की खरीदारी के लिए दिन भर बाजारों में भीड़ जमा रही। विश्वकर्मा पूजा को लेकर लोगों ने अपने-अपने वाहनों की साफ-सफाई कर उनकी पूजा अर्चना की एवं मिठाइयों भी बांटी। इधर लोहा पाट्र्स की दुकान, डेकोरेशन, आरा मशीन, आटा चक्की मशीन सहित अन्य छोटे-बड़ी सभी दुकानों में भी विश्वकर्मा की पूजा अर्चना की गई। इन जगहों पर शाम में पंडितों द्वारा पूजा अर्चना कराई गई, साथ ही श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। शहरी सहित ग्रामीण इलाकों में भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा बैठाई गई। नगर सहित जरौली, महुआ, हरियाही, मझारी, दिघीया बेलासिंगार मोती आदि गाँवो में भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा बैठाई गई। यहां लाइट व रंग-बिरंगी रोशनी से पूजा पंडाल जगमग कर रहा था। वहीं भक्ति गीतों से पूरा माहौल भक्तिमय हो उठा।

### युवा परिषद के अध्यक्ष मुकेश कुमार नहार द्वारा बिना अन्न, फल, फूल, ग्रहण किये 8 दिनों का करेंगे तपस्या



**डॉ बिनीत शेखर/ दैनिक शुभ भास्कर, निर्मली, सुपौल**। जिले में निर्मली प्रखंड अंतर्गत जैन श्वेतांबर धर्मावलंबी के प्रयूषण महापर्व के अवसर पर तेरापंथ युवा परिषद के अध्यक्ष मुकेश कुमार नाहर बिना अन्य, फल, फूल ग्रहण किए 8 दिनों तक तपस्या में रहेंगे। तपस्या के 7वें दिन उसके निज आवास पर तपस्वी के तप के उपलक्ष्य में सोमवार को महिला मंडल के द्वारा धम्म जागरण का आयोजन किया गया। तपस्वी श्री नाहर ने बताया की जैन श्वेतांबर में प्रयुषण पर्व का खास महत्व है। इसमें तपस्वी अन्य, फल, फूल ग्रहण किए बगैर 8 दिनों तक तपस्या में लीन रहते है। वहीं इस कठिन परिस्थिति से गुजरने के बाद तपस्वी 9वां दिन धर्म अराधना करके क्षमापना के दिन स्वंय का अंकन करते है। समस्त लोक प्राणियों से क्षमा मांगकर स्वंय को भी क्षमा किए जाने का प्रत्याखान किया जाता है। वहीं सामाजिक परिवेश में समाज की समस्त लोगो के बीच एक दूसरे को क्षमा का दान दिया जाता है। तेरापंथ धर्म संघ में इस दिन को प्रभादिराज प्रयूषन का दर्जा दिया जाता है। बताया की इस पर्व की शुरुआत 12 सितंबर से हुआ और 20 सितंबर को नगर के तेरापंथ भवन में धर्म अराधना के साथ समाप्त होगा।

### मैट्रिक परीक्षा के फार्म भरने में अधिक रुपये लेने का लगाया आरोप, जमकर हुआ बवाल



**सरोज कुमार/दैनिक शुभ भास्कर, किसनपुर, सुपौल**। जिले में किसनपुर प्रखंड क्षेत्र के मलाढ पंचायत के उच्च माध्यमिक स्कूल महिपट्टी के छात्र ने शनिवार को एचएम पर मेट्रिक फर्म भरने के नाम पर सरकारी नियमों को ताक पर रख कर अधिक रूपए लेने को लेकर छात्र और अभिभावकों ने स्कूल में जमकर बवाल काटा। इस दौरान आक्रोशित अभिभावक और छात्र ने एचएम के खिलाफ नारेबाजी भी की। आक्रोशित ग्रामीणों ने एचएम पर करवाई करने की मांग कर रहे थे। वर्ग दसवीं छात्रा नितिश कुमार,दीपक कुमार, रोहित कुमार, कृष्णा कुमार, इन्द्रेव कुमार,सोमन कुमार,नरेश कुमार, विकास कुमार आदि ने बताया कि मैट्रिक फर्म भरने के नाम पर एचएम के द्वारा अधिक रूपए लिए गए हैं। बताया जाता है कि मैट्रिक के छात्र से फर्म भरने में स्कूल के एचएम के द्वारा सरकारी मानकों को ताक पर रख कर 1300 सो रूपए लिया गया है। और एचएम के द्वारा रसीद भी नहीं दिया गया है। उन्होंने बताया कि जब स्कूल में रसीद कि मांग करते हैं तो कहता है कि रसीद अभी स्कूल में खत्म हो गया है। आने के बाद दिया जाएगा। वहीं सरकारी स्कूल में जनरल छात्र के लिए 1010 और आरक्षित कोंटा के लिए 895 रूपए लेने का प्रावधान है। अभिभावक बेचन यादव, रामदेव यादव,सूर्य नारायण सुतिहार, सहदेव साह, रमेश साह,रम्भु यादव,चंदर यादव,अरूण यादव, आदि ने कहा कि स्कूल में विकास से संबंधित कोई काम नहीं कराया गया है। और उन्होंने कहा कि एचएम की मनमानी के कारण स्कूल ना तो समय से खुलता है और ना ही स्कूल में समय से शिक्षक पहुंचते हैं। इसके कारण बच्चे स्कूल पहुंच कर शिक्षक के आने का इंतजार में स्कूल परिसर में बैठे रहते हैं। ग्रामीणों ने कहा कि समय से ना तो पोशाक राशि मिलती है। और ना छात्रवृत्ति का ससमय लाभ दिया जाता है। उधर एचएम मो जियाउल यजदानी ने कहा कि सरकारी नियमों के अनुसार ही फॉर्म भरने का शुल्क लिया गया है। मेरे पर लगाए गए आरोप बेबुनियाद है।

कार्यक्रम | जिला पदाधिकारी कौशल कुमार की अध्यक्षता में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया

## उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को डीएम ने किया सम्मानित




**मो0 नजीर/दैनिक शुभ भास्कर, सुपौल**। जिले में कलेक्ट्रेट स्थित लहटन चौधरी सभागार में जिला पदाधिकारी कौशल कुमार की अध्यक्षता में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें जिले भर के उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रधानाध्यापकों,शिक्षकों और छात्र - छात्राओं को शॉल, प्रशस्ति-पत्र और मोमेंटों प्रदान कर सम्मानित किया गया।मौके पर शिक्षकों को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी श्री कुमार ने कहा कि आप सभी ने जो अपने क्षेत्र में बेहतर कार्य किए हैं जिसका नतीजा है कि आप सभी को आज सम्मानित किया जा रहा है।उन्होंने कहा कि यह सम्मान आप सभी को शिक्षक दिवस के मौके पर पटना में मिलना था,लेकिन समय कम मिलने के कारण यह संभव नहीं हो पाया।बाद में निर्देश आया कि उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को जिला में हीं सम्मान समारोह का आयोजन कर सम्मानित कर दिया जाए।जिलाधिकारी ने कहा कि शिक्षा हीं विकास की कुंजी है। उन्होनें ने कहा कि हमारे संस्कृति में गुरू को बहुत बड़ा दर्जा प्राप्त है।डीएम ने शिक्षकों से आह्वान किया कि बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के साथ-साथ उनमें अच्छे संस्कार भरना आप सभी का कर्तव्य है।वहीं जिला शिक्षा पदाधिकारी सुरेन्द्र कुमार ने कहा कि आप सभी ने जिले का नाम रोशन किया है।आप सभी अपने अपने विद्यालयों में बच्चों की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करे।जिससे शिक्षा के क्षेत्र में जिले का मान सम्मान बढ़ सके।जिला कार्यक्रम पदाधिकारी एसएसए प्रवीण कुमार ने शिक्षकों व छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि सभ्य समाज की संरचना में शिक्षक का अहम योगदान रहता है।मौके पर प्रशस्ति पत्र पाने वालों में डॉ रणधीर कुमार राणा, डॉ राजीव कुमार, सुधीर कुमार यादव, नरेश कुमार निराला, स्मिता ठाकुर, अर्चना कुमारी, रौशन कुमार मेहता, विवेकानंद कुमार, कृष्ण देव रजक जितेंद्र कुमार व छात्र छात्राओं में अभिषेक कुमार, प्रिंस कुमार, मिथिलेश कुमार, आशीष कुमार, हेमा कुमारी आदि थे।

# बसंतपुर प्रखंड भीमनगर पंचायत के वार्ड 13 में शुद्ध पेयजल नसीब नहीं



**अभिषेक आनन्द /दैनिक शुभ भास्कर ,वीरपुर,सुपौल**। जिले में वीरपुर अनुमण्डल क्षेत्र के बिहार सरकार के महत्वाकांक्षी योजना में से एक हर घर नल जल योजना के लिए करोड़ो रुपये खर्च किये गये हैं।लेकिन धरातल पर लोगों को नल से जल की आपूर्ति अब तक नहीं हो सकी है।हालांकि नल जल से जुड़े काम सिर्फ कागजों पर सीमित है और धरातल पर हर वार्डों में संबंधित संवेदकों द्वारा पूर्व में ही घोर अनियमितता बरती गयी है।कहीं पाइपलाइन अधूरा पड़ा है तो कही नल जल की टोटी भी नहीं लग पायी हैं। नल जल योजना का हाल बहुत ही बुरा है।यही कारण है कि कोसी क्षेत्र के इलाके में भी लोग अब भी आयरन युक्त पानी पीने को मजबूर हो रहे हैं। कोसी इलाके में वर्ष 2008 के बाढ़ के बाद यहां के पानी में ज्यादा मात्रा में आयरन युक्त हो गया है। जिससे लोगों को अनेकों प्रकार की बीमारियां हो रही है । लोग आयरन युक्त पानी पीने पर विवश है।नल जल योजना शुरू होने से लोगों को एक उम्मीद जगी थी कि अब शुद्ध जल नसीब होगा। लेकिन नल जल योजना जमीनी स्तर पर फिसड्डी साबित हो रहा है। ग्रामीणों की मानें तो शिकायत करने के बाद न तो ठेकेदार आते हैं न उनके कर्मचारी आते हैं और न ही जलापूर्ति योजना से जुड़े कोई अधिकारी ही उनकी सुनने के लिए आते हैं. वही वार्ड 13 निवासी निरंजन मेहता ने बताया कि जल नल योजना शोभा की वस्तु बन कर रह गया हैं।जब से नल लगा है कुछ ही दिन हमलोगों को पानी मिला उसके बाद जो बंद हुआ है।अभी तक टूटी में पानी नही आया हैं।वही जितने दिन पानी आया वह पानी आयरनयुक्त था।हमलोगों ने जेई को शिकायत भी किये लेकिन अभी तक पानी चालू नही हुआ है। वही इस बाबत पीएचइडी जेई पवन कुमार ने बताया कि मेरे जानकारी में नही था।अब जानकारी मिली है,संवेदक से बात जल्द ही समस्या का समाधान किया जाएगा।

## ख़ास ख़बर

### अनुमंडल क्षेत्र मे देव शिल्पी भगवान विश्वकर्मा कि श्रद्धा के साथ हुई पूजा अर्चना

**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, बिक्रमगंज/रोहतास।** अनुमंडल क्षेत्र सहित मोथा, काराकाट, कछवा मे देव शिल्पी भगवान विश्वकर्मा की पूजा - अर्चना रविवार को प्रखण्ड के कई सरकारी व निजी प्रतिष्ठानों में जगह - जगह पूरी श्रद्धा के साथ की गई । पूजा को लेकर विद्युत विभाग के सह कार्यालय गोड़ारी के अलावे जयश्री , बेलवाई , सकला , करूप, मोथा व स्थानीय बाजार आदि कई जगहों पर चल रहे लौह सामग्री निर्माण वाले निजी प्रतिष्ठानों में धूमधाम से देव शिल्पी की पूजा - अर्चना की गई । जयश्री में आपसी सहयोग से भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा भी स्थापित की गई है । यहां सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया है ।

### ठनका गिरने से दो किसान की मौत

**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो, सासाराम (रोहतास)।** सासाराम में वज्रपात से एक किसान की मौत हो गई है। जबकि दूसरा घायल हो।घटना के संबंध में मिली जानकारी अनुसार हल्की बारिश में तीन किसान खेत में गए थे पटवन देखने, दूसरा गंभीर रूप से झुलसा करवंदिया ओपी के कंचनपुर गांव में रविवार शाम खेत में दो किसान वज्रपात की चपेट में आ गए। जिसमें एक की मौत हो गई। दूसरा गंभीर रूप से झुलस गया। घायल का इलाज एनएमसीएच जमुहार में चल रहा है। कंचनपुर गांव के तीन किसान खेत में गोभी का पटवन देखने गए थे। इस दौरान हल्की बारिश हो रही थी, तभी खेत में वज्रपात हो गया। दो किसान भगवान पासवान और सुरेश ठनके की चपेट में आ गए।

### टहलने निकले अधेड़ को कंटेनर ने मारी टक्कर, मौत

**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो, सासाराम (रोहतास)।** रोहतास जिले के सासाराम मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बेदा-बलथुआं गांव के समीप शनिवार को पुरानी जीटी रोड पर कंटेनर की चपेट में आने से एक अधेड़ व्यक्ति की मौत हो गई. मृतक बनरसिया का निवासी 50 वर्षीय साहेब बिंद उर्फ कमलेश बताए जाते है. बताते हैं कि साहेब बिंद घर से टहलने के लिए पैदल निकले थे, तभी कंटेनर ने टक्कर मार दी. जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई. घटना के बाद चालक कंटेनर लेकर भागने लगा. सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे जब्त कर लिया. वहीं, कोचस थाना क्षेत्र के चितांव गांव के समीप तेज गति से आ रहे बाइक सवार ने एक अधेड़ व्यक्ति में टक्कर मार दी. घटना में वह बुरी तरह जख्मी हो गया. ग्रामीणों ने जख्मी को तत्काल पीएचसी में भर्ती किया.

### धूमधाम के साथ मनाया गया विश्वकर्मा पूजा

**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, बिक्रमगंज/ काराकाट / सूर्यपुरा/संझौली / दावथ( रोहतास)।** रविवार को पूरे अनुमंडल क्षेत्र में देव शिल्पी भगवान विश्वकर्मा का पूजा धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ पूजा अर्चना किया गया। कल-कारखानों से लेकर छोटे-छोटे लघु उद्योगों एवं विद्यालयों में भी देव शिल्पी भगवान विश्वकर्मा का पूजा अर्चना किया गया । लोहार समाज के युवकों के द्वारा जगह-जगह पर देव शिल्पी भगवान विश्वकर्मा का प्रतिमा रखकर पूजा अर्चना किया गया। देव शिल्पी भगवान विश्वकर्मा के भक्ति गीतों से वातावरण भक्तिमय बना रहा। इस अवसर पर कई जगहों पर संस्कृति कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। राजनीतिक दल के नेताओं ने जगह-जगह पर अपने समर्थकों के साथ पूजा कार्यक्रम में उपस्थिति दर्ज कराए एवं आशीर्वाद लिया।

### श्रद्धाभाव के साथ पूजे गए शिल्पी भगवान विश्वकर्मा




**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, दावथ/रोहतास।** विश्व को कर्म प्रदान करने वाले भगवान विश्वकर्मा की पूजा प्रखंड में रविवार को धूमधाम से मनाई गई। विश्वकर्मा पूजा को लेकर सुबह से ही लोगों में उत्साह रहा। फल व मिठाइयों की खरीदारी के लिए दिन भर बाजारों में भीड़ जमा रही। विश्वकर्मा पूजा को लेकर लोगों ने अपने-अपने वाहनों की साफ-सफाई कर उनकी पूजा अर्चना की, एवं मिठाइयों भी बांटी। इधर लोहा पार्ट्स की दुकान, डेकोरेशन, आरा मशीन, आटा चक्की मशीन सहित अन्य छोटे-बड़ी सभी दुकानों में भी विश्वकर्मा की पूजा अर्चना की गई। बिजली विभाग द्वारा दावत पावर ग्रिड में शाम को पंडितों द्वारा पूजा अर्चना कराई गई।साथ ही श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। स्वर्गीय राम नरेश शर्मा द्वारा बनाया गया। विश्वकर्मा मंदिर दावथ में पुजा अर्चना भजन कीर्तन का आयोजन हुआ। वहीं भक्ति गीतों से पूरा माहौल भक्तिमय हो उठा। मौके पर शंभू कहार,श्री राम साह, राजू शर्मा, उपस्थित थे।

### एफ डब्लू सी के सदस्यों को किया गया सम्मानित



**बिक्रमगंज शुभ भास्कर संवाददाता अजीत शेखर।** रक्तदान के क्षेत्र में कार्य कर रहे FWC यानी फर्स्ट वी केयर संस्था के सदस्यों को हसपुरा औरंगाबाद में आयोजित नेशनल कार्यक्रम में सम्मानित किया गया। सम्मानित होकर लौटने के बाद पत्रकारों से मुख़ातिब होते हुए अंकू सिंह, रेहान खान , विजय यादव , हृदय रिशु सम्राट, मुनीर खान ने कहा कि हमलोगो के लिए असली सम्मान तो वह होता हैं जिससे किए गए रक्तदान से किसी जान बच जाती हैं। इससे बड़ा सम्मान क्या हो सकता हैं। हमलोगो को सम्मानित पल हमेशा गर्वान्वित महसूस कराते रहेगा। उन्होंने कहा कि यह सम्मान सभी रक्तविर भाई बहन के नाम है जो हमेशा रक्तदान कर लोगो का जीवन बचाते हैं।

# अमित शाह के बिहार दौरे के बाद लोस चुनाव की सुगबुगाहट तेज़







**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, शिवसागर/रोहतास।** लोकसभा चुनाव 2024 के होने में अब महज 1 वर्ष से भी कम समय यानी सिर्फ 6 माह ही शेष रह गए हैं।वही केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के बिहार दौरे के बाद इसकी सुगबुगाहट काफ़ी तेज हो गई है।वही आज हमारी टीम सासाराम लोकसभा सीट पर विशेष रूप से बात करने वाली है।जहा पिछले 4 लोकसभा चुनाव यानी 20 वर्ष के जातीय समीकरण और लोकप्रियता के हिसाब से बात करे तो यहां हमेशा ही रविदास और पासवान के बीच काफ़ी उठा पटक जारी रहा है।2019 के लोकसभा सीट से छेदी पासवान 4,94,800 वोट प्राप्त कर विजयी हुए तो वही कांग्रेस की सीट पर लड़ी मीरा कुमार ने 3,29,055 वोट प्राप्त कर दूसरे स्थान पर रही थी।इसके साथ ही 2014 में भी सासाराम लोकसभा सीट से बीजेपी उम्मीदवार छेदी पासवान ही विजयी हुए थे और उनका टक्कर मीरा कुमार से ही हुआ था।उससे पहले 2 बार लगातार मीरा कुमार का ही सासाराम लोकसभा सीट पर दबदबा रहा है।

**लोकसभा सांसद छेदी पासवान की घटती लोकप्रियता बीजेपी की सबसे बड़ी टेंसन-** सासाराम लोकसभा सीट से दो बार लगातार विजय हुए बीजेपी सांसद छेदी पासवान की इन दिनों घटती लोकप्रियता बीजेपी के लिए काफ़ी सिरदर्द बनी हुई है।तो वही दूसरी ओर सासाराम से महागठबंधन बहुत भी मजबूत स्थिति में दिखाई दे रहा है।पूर्व लोकसभा स्पीकर सह पूर्व सांसद मीरा कुमार और पंचायतीराज मंत्री मुरुरी गौतम और पूर्व लोकसभा उम्मीदवार मनोज कुमार की लोकप्रियता लोगों पर बहुत कुछ बयान कर रही हैं।मजबूत विपक्ष को लेकर बीजेपी के तरफ से इन दिनों पूर्व चेनारी विधायक ललन पासवान और सर्वेश राम के नाम को लेकर काफ़ी चर्चाए हो रही है।और सासंद छेदी पासवान के घटती लोकप्रियता को लेकर लोग इस बार उन्हें इनकार कर रहे हैं।तो वही पूर्व विधायक ललन पासवान को लोग सासाराम लोकसभा सीट से काफी पसंद कर रहे हैं क्योंकि ऐसा देखा जा रहा है कि इनकी लोगो पर इनकी लोकप्रियता काफी सर चढ़ कर बोल रहा है।

**जातीय समीकरण से कौन होगा सासाराम से बीजेपी के लिए अच्छा उम्मीदवार-** सासाराम लोकसभा सीट को लेकर जब जातीय समीकरण की बात होती है तो पासवान जाती और रविदास जाती के उम्मीदवार के बीच हमेशा से ही काटे कि टक्कर देखने को मिलती हैं।बीजेपी के विपक्ष में रविदास सीट से मीरा कुमार,मुरुरी प्रसाद गौतम ,मनोज कुमार इन तीनो चर्चित नामो में से है।तो वही बीजेपी छेदी से छेदी पासवान, ललन पासवान,सर्वेश राम का नाम चर्चाओ में है।जो सासाराम 2024 लोकसभा सीट के लिए एक बहुत बड़ी पार्टियों के लिए किसी एक चुनोती से कम नही है।और बीजेपी 2024 लोकसभा उम्मीदवार के घोषणा पर नजर टिकी हुई है।

**एनडीए के लिए किस जाति के उम्मीदवार सासाराम सीट से होंगे कारगर रविदास या फिर पासवान-** आजकल कोई भी पार्टी सीट का बटवारा जातीय समीकरण को नज़र रखते हुए करती है।इस बार ही यही कयास लगाए जा रहे हैं।महागठबंधन से दोनों चर्चित नाम मीरा कुमार और मुरुरी प्रसाद गौतम ऐ दोनों रविदास समाज से ही आते हैं इसके साथ ही VIP पार्टी के पूर्व लोकसभा प्रत्याशी मनोज कुमार भी रविदास जाती से ही आते हैं।और सासाराम लोकसभा सीट से BSP भी अपने हर बार की तरह रविदास को ही मौका देगी।जो रविदास के वोट पट बहुत पार्टियो की नज़र टिकी हुई है।इसके बाद जब बात (एनडीए) की होती है तो वह पासवान समाज के वोट को अपने और खिंचने का काफी प्रयत्न करती है।यही कारण है कि वही छेदी पासवान को लगातार दो बार मौका दिया है और वह उसपर खड़े भी उतरे है।परन्तु इन दिनों सांसद छेदी पासवान की घटती लोकप्रियता पार्टी के लिए काफ़ी सिरदर्द बनी हुई है।राजनीतिक विससेज के अनुसार अगर बीजेपी सासाराम लोकसभा सीट से सर्वेश राम को ऑफर देती है तो पासवान जाती के वोट दूसरी पार्टी को जा सकती है और रविदास वोट में भी अधिक रविदास समाज से उम्मीदवार के होने के कारण बट जाएगा तो और महागठबंधन के लिए एक बहुत बड़ी क्षति होगी।वही पूर्व विधायक ललन पासवान को पासवान समाज का वोट अपने और खिंचने और ब्राह्मण और राजपूत के वोट अपने ओर आकर्षित करने और इनकी बढती लोकप्रियता सासाराम लोकसभा सीट के लिए सबसे बढ़िया उम्मीदवार माना जा रहा है।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 73वां जन्मदिन भव्य रूप से मनाया



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, नासरीगंज (रोहतास)।** नगर में भाजपा नगर अध्यक्ष लालबाबु उर्फ संजय कुमार की अध्यक्षता में भाजपा कार्यकर्ताओं ने देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 73वां जन्मदिन भव्य रूप से मनाया। जिसका संचालन नगर महामंत्री रौशन कुमार सिंह ने किया। जन्मदिन का कार्यक्रम नासरीगंज नगर के एम कोचिंग सेंटर माली टोला में किया गया। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को रोड़ी चंदन लगाकर, लड्डू खिलाकर एवं केक काटकर जन्मदिन मनाया गया। उनके जन्मदिन के शुभ अवसर पर उनके कार्यकाल में मुख्यमंत्री बनने से लेकर प्रधानमंत्री बनने तक एवं उनके नेतृत्व में पूरे विश्व में भारत का सम्मान बढ़ाने तक चर्चा किया गया। भाजपा नगर अध्यक्ष लालबाबू ने कहा कि नरेंद्र मोदी जी का जन्म 17 सितंबर 1950 को गुजरात के वडनगर में हुआ। इनके पिताजी का नाम दामोदर दास मूलचंद मोदी और माता हीराबेन थी । इनकी माता जी का स्वर्गवास 100 वर्ष की उम्र में अभी हाल ही में हुआ ।प्रधानमंत्री जब भी कोई कार्य करते तो अपने माता जी का आशीर्वाद जरूर लेते ।नरेंद्र मोदी अपने भाई बहनों में दूसरे भाई हैं। अभी पूरे विश्व के प्रधानमंत्री में इनका नाम श्रेष्ठ आता है । जून 2023 में ग्लोबल लीडर अप्रूवल लिस्ट में हमारे देश के प्रधानमंत्री टॉप पर आए जिनको 72% रेटिंग मिला जो बहुत ही सौभाग्य और गर्व से की बात है। सबसे बड़ी खुशी की बात है कि विश्व के निर्माता विश्वकर्मा पूजा के ही शुभ अवसर पर इनका जन्म हुआ है और ऐसा लगता है कि भारत ही नहीं बल्कि पूरे विश्व का निर्माण करने हेतु इनका जन्म हुआ है। मौके पर उपस्थित मंडल के प्रभारी अमित कुशवाहा ने कहां कि आज प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में देश का चौमुखी विकास हो रहा है एवं आर्थिक स्थिति में भी आज हमारा देश विश्व के चौथे नंबर पर आ गया है।बीते वर्ष चंद्रयान 2 के लैंडिंग का प्रयास के असफलता के बाद भी प्रधानमंत्री ने इसरो के वैज्ञानिकों को हिम्मत दिया ।

## अवैध रूप से बिजली चोरी को लेकर तीन व्यक्तियों पर विभाग ने लगाया जुर्माना



**दैनिक शुभ भास्कर जिला संवाददाता धर्मेन्द्र कुमार सिंह, बिक्रमगंज/रोहतास।** बिलिंग गुणवत्ता एवं बकायेदार उपभोक्ताओं की जांच को लेकर एक जांच दल का गठन कर विद्युत ऊर्जा चोरी को लेकर कनीय विद्युत अभियंता, सूर्यपुरा प्रदीप कुमार प्रजापति ने प्राथमिकी दर्ज की है। बताते चले कि बकायेदार उपभोक्ताओं का विद्युत विपत्र की राशि बकाया रहने के कारण विभाग द्वारा विशेष अभियान चलाकर विद्युत कनेक्शन काट रही है परंतु कुछ उपभोक्ताओं द्वारा बिना बकाया राशि एवं रिकनेक्शन शुल्क जमा किये अवैध रूप से तार जोड़कर विद्युत ऊर्जा की चोरी करने लग रहे हैं। इसी बीच ग्राम-इमिरता के उपभोक्ता का बकाया राशि रहने पर विद्युत कनेक्शन कटने के पश्चात अवैध रूप से तार जोड़कर जलाने को लेकर वशिष्ठ सिंह, पिता-पुटन सिंह के घरेलू परिसर पर 32828 रुपये राजस्व की क्षति लगाई गई है। आगे बताते चले कि मीटर बाईपास कर अवैध रूप से विद्युत ऊर्जा की चोरी करने को लेकर ग्राम-धाँगो के पारस सिंह पर 18342 रुपये, शिवनाथ सिंह पर 11266 दंडित राशि लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज की गई है। ऊक्त उपभोक्ता के द्वारा मीटर बाईपास करने के कारण वास्तविक पठन अवरुद्ध हो रहा था। सहायक विद्युत अभियंता, राज कुमार के द्वारा सभी उपभोक्ताओं से आग्रह किया गया है कि जिनका बकाया पर लाइन कटा हुआ है वो अपना बकाया राशि एवं रिकनेक्शन शुल्क जमा करने के पश्चात ही विद्युत ऊर्जा का उपभोग करें एवं अनावश्यक होने वाली परेशानियों से बचें साथ ही साथ उपभोक्ताओं से यह भी आग्रह की गई है कि जो उपभोक्ता मीटर बाईपास कर विद्युत ऊर्जा की चोरी कर रहे हैं वह दुरुस्त कर लें तथा जो व्यक्ति बिजली का कनेक्शन नहीं लिए हैं वह कनेक्शन ले लें अन्यथा पकड़े जाने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। सभी अभियुक्तों के खिलाफ विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 के तहत सूर्यपुरा थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।

### भगवान कृष्ण के बरही महोत्सव का आयोजन



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, दावथ/रोहतास ।** प्रखंड मुख्यालय पर स्थित राम जानकी मंदिर परिसर में बड़े धूमधाम हर्षउल्लास के साथ भगवान श्री कृष्णा बाल गोपाल का बरही कार्यक्रम का आयोजन मंदिर पूजा कमेटी एवं ग्रामीणों के द्वारा किया गया। पुजारी वीरेंद्र उपाध्याय के द्वारा विधि विधान वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ भगवान राम जानकी एवं बालकृष्ण का पूजा,अर्चना,आरती की गई। मंदिर में सुबह से ही भक्तों की ताता लगी रही। श्री कृष्ण के जयकरो से पूरा गांव गूंज उठा बैंड बाजे के साथ भगवान बालकृष्ण को नगर भ्रमण कराया गया। भगवान बालकृष्ण की पालकी जिस रास्ते से गुजर रही थी गलियों में भक्तों खासकर के महिलाओं बच्चे बच्चिया भगवान बाल कृष्ण के एक झलक पाने के लिए खड़ी नजर आई।मंदिर के तरफ से भंडारा का भी आयोजन किया गया जो भी भक्त आए भगवान का पूजा अर्चना के बाद प्रसाद ग्रहण करके ही घर लौटे। खास करके महिलाओं के द्वारा भगवान बालकृष्ण के बरही उत्सव पर पारंपरिक गीत भजन का भी आयोजन किया गया। जानकारी देते हुए राम जानकी मंदिर कमेटी के अध्यक्ष मनोज सिंह ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी सभी ग्रामीण भक्तों के सहयोग से बाल गोपाल भगवान कृष्ण के बरही महोत्सव मनाया गया। महोत्सव में मनोज सिंह,विनोद सिंह, भाजपा नेता, गोपाल सिंह गुड्डुतिवारी,अंजनी पाठक ,पुरंजय कुमार मिश्रा चारोंधाम मिश्रा(पत्रकार) गुड्डू सिंह (युवाभाजपा नेता) लोरी कुशवाहा, भोला कुशवाहा गुंडन सिंह, मकुनी कहार ,गुड्डू सर, श्री भगवान प्रसाद, पंचरत्न महतो, मनोज सिंह गांधी ,कृष्ण प्रसाद, सनोज लाल, बबन यादव, ननहक ठाकुर अंगद सिंह ,अभय सिंह, रामजी सिंह,ललन साह,जवाहर प्रसाद आदि उपस्थित रहे।

### हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया विश्वकर्मा पूजा



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता रवि कुमार, नासरीगंज(रोहतास)।** प्रखण्ड क्षेत्र में रविवार को शिल्प के आराध्य देव भगवान विश्वकर्मा पूजा धूमधाम से हुई। कई जगहों पर विधिवत प्रतिमा रख तथा पंडाल का निर्माण कर उनका पूजा-अर्चना किया गया। जबकि लौह उपकरण इलेक्ट्रॉनिक दुकान, वाहन एजेंसियों, वाहन चालकों समेत लोहे के उपकरण का उपयोग करने वाले दुकानदारों ने बड़ी संख्या में अपनी दुकानों पर भगवान विश्वकर्मा की पूजा की। विश्वकर्मा पूजा को ले सुबह से ही लोगों में उत्साह व्याप्त था। लौह उपकरण की दुकानों को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। दुकानों के बाहर पूरे दिन ध्वनि विस्तारक यंत्रों से भगवान विश्वकर्मा की महिमा के गीत बजते रहे। जिससे माहौल भक्तिमय बना रहा। बता दें कि भगवान विश्वकर्मा ब्रह्मांड के पहले शिल्पी थे। इसलिए उन्हें देव शिल्पी का दर्जा प्राप्त है। वहीं पंचमन्दिर के प्रांगण में विश्वकर्मा भगवान की प्रतिमा का विश्वकर्मा समाज ने विधिवत पूजा-अर्चना किया। इस अवसर पर विश्वकर्मा समाज के लोगों ने सभी मुख्य अतिथियों को अंगवस्त्र देकर सम्मनित किया। इसके अलावे स्थानीय विद्युत पावर सब स्टेशन में पदाधिकारियों व कर्मियों ने आकर्षक पंडाल में भव्य प्रतिमा स्थापित कर विश्वकर्मा की भक्ति भाव से पूजा अर्चना की। विद्युत कनीय अभियंता पंकज कुमार शर्मा, मानव बल रियासत हुसैन, बटेश्वर कुमार, मनोज कुमार सहित दर्जनों कर्मी पूजा-अर्चना में लगे रहे। इस अवसर पर सीओ अमित कुमार, थानाध्यक्ष सुधीर कुमार, आरओ चंदन चौधरी, अध्यक्ष जगनारायण शर्मा, सचिव पंकज शर्मा, वार्ड पार्षद जयनाथ शर्मा, सरोज शर्मा, सत्येंद्र शर्मा, अनूप शर्मा, उप मुख्य पार्षद कलावती देवी, उप मुख्य पार्षद प्रतिनिधि लुकेश्वर कुमार प्रिय, वार्ड पार्षद संतोष कुमार, जदयू नेता विशाल कुमार गुप्ता, रवि कुमार सिंह, आशुतोष राणा समेत कई लोग मौजूद थे।

### टेम्पू पलटने से छः घायल एक की मौत



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो, सासाराम (रोहतास)।** जिला के नटवार थाना क्षेत्र के किशुनपुरा गांव में पिता की मौत की खबर सुन पुत्र एवं दमाद घर आ रहे थे कि रास्ते में टेम्पू पलट गई जिसमें टेम्पू सवार मृतक के दमाद की सदर अस्पताल सासाराम में इलाज दौरान मौत हो गई। जबकि सभी घायलों का इलाज ग्रामीण कवि सुनील कुमार के द्वारा सदर अस्पताल सासाराम में कराया गया। घटना के संबंध में मिली जानकारी अनुसार किशुनपुरा गांव निवासी मोहम्मद रहमान मियां के पुत्र मोहम्मद फसारूदिन खलीफा ( 61) वर्ष की बीते रात गाडी से गिरने के कारण इलाज के दौरान अस्पताल में मौत हो गई थी। जिनकी मौत की खबर सुनकर मृतक का बडा दमाद अमरा तलाब निवासी मोहम्मद मुस्तकीन के पुत्र रियाजुदिन (40) वर्ष की शरीर पर टेम्पो पलट जाने के चलते शरीर के बहुत भागों की हड्डियां चुर हो जाने के कारण इलाज के क्रम में तुरंत मौत हो गई। जबकि मृतक के पुत्र कलीम इद्रिसी को गंभीर चोटें आई हैं।जिन पर सभी छः मृतक के परिजनों का इलाज कराया गया। घायल में मृतक के पुत्र, पुत्री,नात, नातिन कुल छः शामिल हैं।

जन्मदिन | बजरंगबली का पूजा अर्चना कर बाटी मिठाईयां, दीर्घायु की किया कामना

## काराकाट भाजपा कार्यकर्ताओं ने हनुमान चालीसा के पाठ कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दी जन्मदिन की बधाई



**दैनिक शुभ भास्कर जिला संवाददाता धर्मेन्द्र कुमार सिंह, बिक्रमगंज/रोहतास।** काराकाट प्रखंड अंतर्गत मोथा गांव में भाजपा कार्यकर्ताओं ने बड़ी ही सेवा भाव के रूप में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन मनाया । भाजपा नेता अर्जुन गुप्ता के अध्यक्षता में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 73वां जन्मदिन मनाया गया। पीएम मोदी के छायाप्रति रख कर दीप जलाकर एवं सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ करते हुए हनुमान चालीसा की 101 किताबें लोगों के बीच बांटा । पीएम मोदी के जन्मदिन के कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रोहतास जिला भाजपा उपाध्यक्ष प्रमोद सिंह कुशवाहा ने कहा कि आज जहां एक तरफ विपक्ष द्वारा सनातन धर्म को खत्म करने के लिए एक षड्यन्त्र चला जा रहा है। वही हम भाजपाइयों द्वार बजरंगबली की कृपा से सनातन धर्म का ध्वज पूरे विश्व में लहराने के लिए संकट मोचन का पूजा पाठ कर रहे हैं। ताकि भारत वर्ष पर किसी प्रकार की संकट ना आये । वही इस कार्यक्रम के अध्यक्ष अर्जुन गुप्ता ने कहा कि विपक्ष में बैठे हजबंधन, ठगबंधन के लोगों द्वारा सनातन धर्म पर हर रोज प्रहार किया जा रहा हैं। उन्होंने कहा की विपक्षियों द्वारा रामचरितमानस तथा प्रभु श्री राम का विरोध करना विपक्ष की सनातन विरोधी मानसिकता को दर्शाती है। जिस प्रकार आज कल सनातन तथा भारत का विरोध किया जा रहा है वो कही से भी उचित नहीं है। वही लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में आज भारत विश्व गुरु बनाने की ओर तेजी से कदम बढ़ा रहा हैं। उन्होंने कहा की आज 17 सितंबर भगवान विश्वकर्मा की जयंती पर पीएम मोदी ने विश्वकर्मा स्कीम लॉन्च की ताकि कारीगरों और शिल्पकारों के कौशल को बढ़ावा मिल सके। उन्होंने कहा की विश्वकर्मा योजना का उद्देश्य पारंपरिक शिल्प में लगे लोगों का समर्थन करना है. यह स्कीम 13,000 करोड़ रुपये की है, जिससे वर्कर्स, मजदूरों को आर्थिक सहायता देने के साथ-साथ लोन भी उपलब्ध कराई जाएगी. इस योजना के तहत आने वाले कामगारों को 3 लाख रुपये तक का सस्ता लोन दिया जाएगा। इस स्कीम से लोहार, कुम्हार, राज मिस्त्री, धोबी, फूलों का काम करने वाले आदि को फायदा मिलेगा। उन्होंने कहा की प्रधानमंत्री के द्वारा किया गया घोषणा काबिले तारीफ है । काराकाट भाजपा मंडल अध्यक्ष ललित मोहन सिंह ने भी कहा कि मोदी जी के नेतृत्व में पूरे देश भर में शहीदों के घर से मिट्टी लेकर के हम लोग जिला में भेजेंगे जिला प्रदेश को भेजेगा और प्रदेश केंद्र को भेजेगा इस संकल्प को पूरा करने में भारतीय जनता पार्टी लगा हुआ है। जन्मदिन कार्यक्रम में विनोद पासवान, मुन्ना पांडेय, मनोज साह, ददन पांडेय सहित सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ताओं ने पीएम नरेंद्र मोदी को जन्मदिन की बधाई दी।

## जनसंपर्क : लोस चुनाव तहत भाजपा का मेरा बूथ-सबसे मजबूत कार्यक्रम का शुभारंभ



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, बिक्रमगंज/ काराकाट/रोहतास।** आगामी सत्र-2024 लोकसभा चुनाव तैयारी को लेकर काराकाट लोकसभा क्षेत्र में भाजपा कार्यकर्ताओं ने जनसंपर्क अभियान शुरू किया। जिसको लेकर "मेरा बूथ-सबसे मजबूत" कार्यक्रम तहत काराकाट प्रखंड सह लोकसभा क्षेत्र के किरही पंचायत के अमौरा गांव व संझौली प्रखंड के कैथी गांव में भाजपा शिक्षक प्रकोष्ठ प्रदेश महामंत्री डॉ० मनीष रंजन के नेतृव में सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ताओं ने देर शाम तक भाजपा के लिए वोट समर्थन में लोगों से जनसंपर्क किया। इस अवसर पर भाजपा युवा नेता डॉ० मनीष रंजन लोगों से मुलाकात कर उनसे रूबरू होते हुए बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सपने को साकार करने के लिए आगामी सत्र-2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव में काराकाट लोकसभा क्षेत्र के सभी वोटर बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेते हुए लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भाजपा प्रत्याशी को अपना बहुमूल्य वोट दें उन्हें विजयी बनाने का कार्य करेंगे। साथ ही साथ सभी भाजपा कार्यकर्ताओं समक्ष विशेष चर्चा करते हुए कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं की एकजुटता से ही "मेरा बूथ-सबसे मजबूत" अभियान सफल हो सकेगा। क्योंकि प्रधानमंत्री का एक ही लक्ष्य है कि सबका साथ-सबका विकास से ही भारत पूरे विश्व में अपनी शक्ति का एक ऐतिहासिक गाथा लिखने की ओर अग्रसर हो चुका है। इस मौके पर भाजपा नेता-सुनील सिंह,अजीत सिंह,ललित मोहन सिंह, सतेंद्र तिवारी, लव मिश्र, मुन्ना पांडे,मनोज तिवारी, राजेश कुशवाहा, चिंटू सिंह, अंकित सिंह, नागा सिंह, विमलेश तिवारी, अंटू सिंह, सरोज सिंह, गुड्डू सिंह, मुखिया भोला सिंह, संजीव सिंह, राजकुमार सिंह, सुधीर सिंह,मनोज सिंह, मदन गिरी, सुनील सिंह, संजय सिंह, अनिल सिंह सहित सैंकड़ों लोग उपस्थित थें।

## ख़ास ख़बर

### थाना क्षेत्र के विभिन्न जगहों से चार वारंटी गिरफ्तार भेजे गए न्यायिक हिरासत में




**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, कुदरा (कैमूर)।** थाना प्रशासन द्वारा थाना क्षेत्र के विभिन्न जगहों से कुल चार वारंटीयो को गिरफ्तार कर भेजा गया न्यायिक हिरासत में। संदर्भ में जानकारी देते हो थाना अध्यक्ष संजय कुमार के द्वारा बताया गया, कि कोर्ट से निर्गत नोटिस के आधार पर थाना क्षेत्र के नटेयां गांव से मनजी सेठ व धनजी सेठ पिता द्वारिका सेठ को गिरफ्तार किया गया। तो थाना क्षेत्र के जहानाबाद से विकास कुमार उर्फ विशाल राम पिता रामलाल राम को गिरफ्तार किया गया। वहीं थाना क्षेत्र के कझार घाट गांव से अवधेश चौधरी पिता स्वर्गीय मोहन चौधरी को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार चारों आरोपियों को स्वास्थ्य जांच के उपरांत न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### हत्या के मामले में फरार चल रहे आरोपी ने किया आत्मसमर्पण




**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता सदर, कैमूर।** भभुआं पूर्व के हत्या मामले में एक आरोपी ने भभुआं न्यायालय में आत्मसमर्पण किया। जानकारी के अनुसार हत्यारा भभुआं थाना क्षेत्र के शिवों गांव निवासी भारती राम के 22 वर्षीय पुत्र रवि राम है जो पूर्व के हत्या के मामले में फरार चल रहा था जिसने भभुआं न्यायालय में आत्म समर्पण किया है वहीं न्यायालय के आदेश पर मेडिकल जांच कराकर न्यायिक हिरासत भेज दिया गया है।

### नशे के हालत में दो को पुलिस ने भेजा जेल



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता सदर, दुर्गावती (कैमूर)।** थाना प्रशासन द्वारा दो नशेड़ियों को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल। थाना अध्यक्ष से मिली जानकारी के अनुसार गस्ती के दौरान निकली दुर्गावती पुलिस ने राष्ट्रीय राजमार्ग पर कुलहरिया गांव के सामने दो लोगों को शराब के नशे में घूमते बकबक करते हुए देखा ।जहां से दोनों शराबियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया और थाने लाई। जब शराबियों का नशा चटका तो अपने को थाने में देखकर घबरा गए। इसके बाद पुलिस ने पूछताछ किया तो पता चला कि दोनों व्यक्ति दुर्गावती थाना क्षेत्र के लवकुश कुमार बिंद महेंद्र बिंद दोनों ग्राम महूअरिया के रहने वाले हैं। अगर देखा जाए तो शराब मामले में नित्य प्रति छापेमारी और पियक्कड़ों को जेल भेजे जाने के बाद कोई कमी नहीं आ रही है।

### विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि भाग लेंगे

**कैमुर भभुआ, शुभ भास्कर।** लोक कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी आम जनों को सुलभ कराने, आम जनों की प्रतिक्रिया प्राप्त करने तथा साथ ही लोक कल्याणकारी योजनाओं को स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप और अधिक विस्तृत करने के संबंध में जनमानस के सुझावों को प्राप्त करने के उद्देश्य से जिले के प्रखंड कुदरा अंतर्गत पंचायत नेवरास,अमृत सरोवर के स्थान पर 20/09/23 (बुधवार) को समय 12 बजे से जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। आम जनों के साथ-साथ जनसंवाद कार्यक्रम में सामिल होने हेतु स्थानीय जनप्रतिनिधि भी सादर आमंत्रित रहेंगेI महत्वपूर्ण लोक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ आम जनों को स- समय एवं पारदर्शी तरीके से उपलब्ध कराना साथ ही योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराना तथा उन योजनाओं का जिले में समुचित तरीके से क्रियान्वयन हमारी प्राथमिकता है जनसंवाद कार्यक्रम में डीएम के साथ जिले के एसपी एवं संबंधित । जन संवाद कार्यक्रम में जिले के जिला स्तरीय पदाधिकारियों द्वारा महत्वपूर्ण लोक कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन एवं उपलब्धियो की जानकारी आम जनों एवं उपस्थित जनप्रतिनिधियों को दी जाएगी तथा इस संबंध में उनकी प्रतिक्रियाएं प्राप्त करने के साथ-साथ योजनाओं को और अधिक विस्तृत करने के संबंध में उनके सुझाव प्राप्त किए जाएंगे।

### तालाब में डूबने से एक व्यक्ति की हुई मौत

**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता सदर, कैमूर।** भभुआं प्रखंड क्षेत्र के बहेरी गांव में एक व्यक्ति की तालाब में डूबने से हुई मौत। मिली जानकारी के अनुसार मृतक करमचट थाना क्षेत्र के स्वर्गीय जानकी बिन्द के 65 वर्षीय पुत्र वैद्यबिन्द है। जो तालाब में नहाने के लिए गए हुए थे। जहां गहरे पानी में पैर फिसल कर गिर जाने से डुब कर मौत हो गई। जब गांव वालों ने तालाब से निकाला तब तक उनकी मौत हो चुकी थी।

# चार पहिया वाहन सहित 134.200 लीटर शराब जप्त




**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, कुदरा (कैमूर)।** थाना प्रशासन द्वारा थाना क्षेत्र के ससना पंचायत मधुबनी टोला के पास से एक सेंट्रो चार पहिया वाहन सहित 134.200 लीटर शराब जप्त कर, चालक को गिरफ्तार करते हुए भेजा गया जेल। संदर्भ में जानकारी देते हुए थाना अध्यक्ष संजय कुमार के द्वारा बताया गया, कि थाना प्रशासन द्वारा बिहार सरकार के मध्य निषेध कानून को पूर्ण रूप से पालन करते हुए, नशे व नशेड़ियों के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है। जिस क्रम में शनिवार की रात्रि रात्रि गश्ती के दरमियां थाना प्रशासन द्वारा, गुप्त सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र के ससना पंचायत अंतर्गत मधुबनी टोला के पास से वाहनों की जांच कर सेंट्रो कार गाड़ी क्रमांक डी एल ८ सी ए ए ४९७२ से ब्लू लाइन शराब ६७१ नग २०० मिलीलीटर कुल शराब की मात्रा 134.200 लीटर बरामद किया गया। जिसके जुर्म में शराब समेत उक्त वाहन को जप्त करते हुए तस्कर को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार तस्कर राजकुमार पिता कन्हैया राम वार्ड 12 मोहनिया थाना मोहनिया कैमूर का निवासी बताया जा रहा है। गिरफ्तार तस्कर को स्वास्थ जांच के उपरांत जेल भेज दिया गया।

### 15 लीटर देशी महुआ वाली शराब के साथ मोटरसाइकिल जप्त दो तस्कर गिरफ्तार

**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता कैमूर।** जिला के नक्सल प्रभावित अधौरा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत लोहरा थाना प्रशासन द्वारा, आगामी त्योहारों के मद्देनजर लोहरा थाना क्षेत्र में शराब, अवैध हथियार, व नक्सली गतिविधियों पर नियंत्रण हेतु, पुलिस बल के साथ मार्च किया गया। साथ ही जगह-जगह सघन छापेमारी किया गया। संदर्भ में जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष संजय कुमार सिंह उर्फ सिंघम के द्वारा बताया गया कि दो पहिया वाहन से शराब परिचालन की गुप्त सूचना के आधार पर वाहन जांच भी किया गया। जिस क्रम में एक काले कलर का प्लैटिना मोटरसाइकिल गाड़ी नंबर बी आर 45- एन-7926 से 15 लीटर देसी महुआ वाली शराब बरामद किया गया, जिस जुर्म में शराब सहित मोटरसाइकिल व एक ब्लू कलर के बैग के साथ दो अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अपराधी अखिलेश कुमार सिंह पिता विनोद सिंह ग्राम सलैया थाना अधौरा व संजय सिंह पिता रूपचंद सिंह थाना लोहरा जिला कैमूर के निवासी बताए जा रहे हैं।

## DRM और उपर के ऑथोरिटी को पत्र लिखने का निर्देश




**भभुआ कैमुर, शुभ भास्कर ब्यूरो कैमुर।** जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की भौतिक बैठक किया गया एवं आवश्यक निर्देश दिए गए जो निम्मत है ब्लैक स्पोट्स पर पर जो वर्क एजेंसी द्वारा काम किये गये उसको सत्यापन करने का निदेश दिया गया। सड़क दुर्घटना के हिट एवम रन मामले में जेनेरल इन्सुरेंस कौंसिल को स्मारित करने का निदेश दिया गया ताकि मृतक के आश्रित को जल्द से जल्द अनुदान की राशि दिया जा सके। NH या GT रोड क्षेत्र के स्कूल को चिन्हित करने और सड़क सुरक्षा उपाय यथा सिगनेज, रम्बल स्ट्रीप बनाने और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने का निदेश दिया गया । ऑनर सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुपालन हेतु FAR/ IAR/DAR को जल्द से जल्द लागू करने हेतु पुलिस अधीक्षक को कहा गया । आने वाले पूजनोत्सव में सड़क सुरक्षा और Good Samaritan के लिये पूजा पंडालो पर बैनर लगाने हेतु निदेश दिया गया। रेलवे ओवरब्रिज के शीघ्र मरम्मती हेतु DRM और उपर के ऑथोरिटी को पत्र लिखने का निदेश दिया गया।

## 28 पंचायत रोज़गार सेवकों का ABPS में ख़राब प्रदर्शन करने के लिए 15 दिनों का वेतन कटौती करने का निर्देश



**भभुआ कैमुर, शुभ भास्कर ब्यूरो कैमुर।** जिला पदाधिकारी श्री सावन कुमार के द्वारा मनरेगा की समीक्षात्मक बैठक की गई एवं निम्नवत दिशा निर्देश दिया गया। जिला पदाधिकारी महोदय द्वारा 28 पंचायत रोज़गार सेवकों का ABPS में ख़राब प्रदर्शन करने के लिए 15 दिनों का वेतन कटौती करने का निर्देश दिया गया। जिला पदाधिकारी द्वारा जिला स्तरीय पदाधिकारियों को पंचायतों का ख़राब प्रदर्शन करने वाले पंचायत का प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। जिला पदाधिकारी द्वारा कार्यक्रम पदाधिकारी को ख़राब प्रदर्शन करने वाले रोज़गार सेवक का कार्रवाई के लिए प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। सभी PO को अपने कार्यालय में प्रत्येक कार्यदिवस को सभी PRS, Accountant, JE के साथ बैठक करने का निर्देश दिया गया। बैठक में उप विकास आयुक्त सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# हरितालिका तीज पर महिलाओं ने रखा निर्जला व्रत







**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, बिक्रमगंज/दावथ/ सूर्यपुरा/संझौली रोहतास।** अनुमंडल क्षेत्र में हरतालिका तीज पूरे श्रद्धाभाव के साथ मनाया गया। महिलाओं ने अपने पति की लंबी आयु के लिए निर्जला व्रत रखा है। शाम को भगवान गणेशजी, शिव व पार्वती की पूजा की।। रात्रि जागरण कर भजन कीर्तन करते हुए व्रत किया। हरितालिका पर्व पर महिलाओं में खासा उत्साह देखा गया। सुबह से फूलों और मिठाई की दुकानों पर भीड़ नर आई। दाम्पत्य जीवन को सुखी बनाने के लिए शिव-पार्वती की पूजा करना उत्तम माना गया है। सुहागिन महिलाएं अपने अखंड सौभाग्य की कामना एवं कुंवारी कन्याए अच्छे वर के लिए हरितालिका व्रत करती हैं। शिव-पार्वती और गणेश की प्रतिमा पर तिलक करके दूर्वा अर्पित कर भगवान शिव को फूल, बिल्वपत्र व शमीपत्री अर्पित कर और माता पार्वती को श्रृंगार का सामान अर्पित किए। तीनों देवताओं को वस्त्र अर्पित करने के बाद हरतालिका तीज व्रत कथा का श्रवण किया गया। पंडित चारों धाम मिश्रा ने बताया कि इस व्रत को हर तालिका इसलिए कहा जाता है क्योंकि पार्वती की सखी उन्हें पिता को बगैर बताए हर कर जंगल में ले गई थीं। हरित अर्थात हरण करना और तालिका अर्थात सखी। पार्वती जी भगवान शिव को पति के रूप में चाहती थीं। भगवान शिव ने पार्वती के व्रत से प्रसन्न होकर वर मांगने के लिए कहा।

**अभियान** जिला पदाधिकारी द्वारा स्वच्छता झाड़ू सभी जनप्रतिनिधि के हाथो में दिया गया

# जिला पदाधिकारी के द्वारा चलाया गया स्वच्छता अभियान





**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता कैमूर सदर, (कैमूर)।** भभुआ जिला पदाधिकारी के द्वारा स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत ऐतिहासिक धर्म स्थल मां मुंडेश्वरी धाम पर स्वच्छता अभियान चलाया गया साथ ही पौधा रोपण भी किया गया। समन्वयक, डीपीएमयू। प्रखंड विकास पदाधिकारी, प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी, प्रखंड समन्वयक, प्रखंड परियोजना प्रबंधक जीविका, जनप्रतिनिधि मुखिया जी,वार्ड सदस्य, दीदी, स्वच्छता पर्यवेक्षक, स्वच्छता कर्मी ,प्रभावशाली लोग, ग्रामीण समुदाय के लोग एवं अन्य सहयोगी भाग लिए। जिला पदाधिकारी द्वारा स्वच्छता झाड़ू सभी जनप्रतिनिधि के हाथो में दिया गया । स्वच्छता ही सेवा अभियान को मिशन मूड में चलकर अपने घर आंगन, टोला , मौहला, गांव , पंचायत को स्वच्छ सुंदर बनाएं एवं चारो तरफ साफ़ सफ़ाई दिखे अपने पंचायत को 2 अक्टूबर तक अपने पंचायत को सम्पूर्ण स्वच्छता के लक्ष्य को हासिल कर मॉडल पंचायत के रूप घोषणा कर बापू के सपना को साकार करें। इसके बाद सभी जनप्रतिनिधि मुखिया जी, वार्ड सदस्य, स्वच्छता कर्मी, स्वच्छता पर्यवेक्षक, जीविका दीदी, प्रभावशाली लोग, युवा वर्ग, कर्मी , ग्रामीण समुदाय के लोग स्वच्छता शपथ लिए इन सभी लोग को कहना स्वच्छता ही हमलोग की पहचान होगी। स्वच्छता के प्रति हमलोग सजग रहेंगे और घर घर जाकर लोगों को जागरूक करेंगे अपने गांव पंचायत को स्वच्छ सुंदर बनाएंगे ये हमलोग का संकल्प है।

## मारपीट के मामले में सात अभियुक्तों को प्रशासन ने किया गिरफ्तार, भेजा जेल



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, भगवानपुर (कैमूर)।** थाना प्रशासन द्वारा मारपीट के मामले में दोनों पक्षों से सात अभियुक्तों को गिरफ्तार कर भेजा गया। संदर्भ में जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष अनिल प्रसाद ने बताया की ग्राम ददरा मे आपसी विवाद मे दो पक्षों मे मारपीट हो गया जिसमे दोनों पक्षों के लोग घायल हो गये l प्रथम पक्ष ग्राम ददरा से श्री राम पासवान पिता बंशरोपण पासवान, अशोक पासवान पिता स्व. भोला पासवान का सर फट गया जिस संदर्भ में भगवानपुर थाना में आवेदन देते हुए न्याय का गुहार लगाय गया है।, वहीं द्वितीय पक्ष ग्राम ददरा से हिरा पासवान पिता गया पासवान, जितेंद्र पासवान पिता शालिक पासवान, भागवत पासवान पिता शिवधर पासवान, अजय पासवान पिता भागवत पासवान, प्रभा देवी पति भागवत पासवान का सर फट गया। जो आवेदन लेकर भगवानपुर थाना पहुँचे दोनों पक्ष के आवेदन के आधार पर दोनों पक्ष से सात अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया गया। तथा समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भगवानपुर मे मेडिकल जांच कराकर जेल भेजा गया।

### सफाई के नाम पर पैसे की की जा रही निकासी नहीं हो पा रहा है सफाई



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, रामपुर (कैमूर)।** रामपुर प्रखंड अंतर्गत खरेंदा पंचायत के वार्ड नंबर एक और दो में सफाई के नाम पर की जा रही है पैसे की निकासी, लेकिन नहीं हो पा रहा हैं सफाई। मिली जानकारी के अनुसार रामपुर प्रखंड के खरेंदा पंचायत में सफाई कर्मी नियुक्त किए गए हैं, लेकिन ग्रामीणों के माने तो आज तक कोई कर्मि आज तक कूड़ा उठाने के लिए नहीं आए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि कचरा चौक चौराहे पर फेंकने की वजह से, बारिश होते ही सब नाली में चल जा रहा है। जिसको रविवार को ग्रामीणों के द्वारा साफ किया गया। कुछ ग्रामीणों का कहना है कि जब हम लोग ही सफाई करेंगे तो सफाई के नाम पर कर्मी क्यों नियुक्त किए गए हैं। कुछ ग्रामीणों के द्वारा कहा गया कि प्रखंड विकास पदाधिकारी से हम लोग यही आग्रह करेंगे की कर्मी को बदला जाए, और कोई अच्छे कर्मी की नियुक्ति की जाए जो सफाई कर सकें।

### चाट में पलटा ट्रैक्टर एक की मौत



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, कैमूर।** जिला के भभुआं थाना क्षेत्र अंतर्गत भभुआं चैनपुर मार्ग सारंगपुर मोड़ के समीप ट्रैक्टर चाट में पलटने की वजह से ट्राली में बैठे एक व्यक्ति की हुई मौत। घटना की सूचना पर पहुंचे थाना प्रशासन द्वारा शव का पंचनामा करते हुए कब्जे में ले अंत्य परीक्षण हेतु सदर अस्पताल भभुआं भेजा गया। घटना के संबध में बताया जाता है कि मोकरी गांव निवासी विनोद गोंड भभुआं बाजार करने के लिए अपने गांव से ट्रैक्टर पर सवार होकर जा रहे थे।तभी अचानक सारंगपुर मोड़ के पास एक अनियंत्रित ट्रैक्टर ओवर टेक करने में इस ट्रैक्टर को धक्का दे दिया, जिससे यह ट्रैक्टर चाट में जा पलटा। ट्रैक्टर के टाली में बैठे विनोद गोंड उसी में दब गए। इस घटना की सूचना मिलते ही आस पास के लोग इकठ्ठा होकर टाली में दबे व्यक्ती को बाहर निकाले। तब तक विनोद की मौत हो चुकी थी। जिसकी सूचना स्थानीय लोगों द्वारा थाना प्रशासन को दिया गया। घटना की सूचना पर सदर अस्पताल में पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे जिला पार्षद विकास सिंह उर्फ लल्लू पटेल के द्वारा शोक संवेदना प्रकट किया गया। उनके द्वारा पीड़ित परिवार को सरकार की ओर से से मिलने वाली सहायता राशि दिलाने का आश्वासन दिया गया।

### विद्युत आपूर्ति फीटर में किया गया बाबा विश्वकर्मा का भव्य पूजा और भंडारा



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, भभुआं (कैमूर)।** अनुमंडल अन्तर्गत बाबा विश्वकर्मा का किया गया पूजा अर्चना जिसमें भगवानपुर भभुआ रामपुर मुंडेश्वरी सभी विद्युत आपूर्ति फीटर में जेयी और एसडीओ के द्वारा पूजा अर्चना किया गया। भगवानपुर विद्युत आपूर्ति केंद्र में पूजा अर्चना के साथ जेयी के द्वारा लोगों को आमंत्रित कर भंडारा का आयोजन भी किया गया। बाबा विश्वकर्मा से आशीर्वाद लेकर बिजली मिस्त्रियों के द्वारा अपने काम की शुरुआत की गई ।सभी बिजली मिस्त्री रंग सिंह उमा रविंदर ऑपरेटर दीपक सिंह मुकेश कुमार मुकेश कुमार कुंदन कुमार शिवाजी इन सभी के साथ जेयी सत्येंद्र कुमार भी बाबा विश्वकर्मा के चरणों में माथा टेका।

### अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, कुदरा (कैमूर)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत कुदरा भभुआं रोड ओवर ब्रिज के पास राष्ट्रीय राजमार्ग 2 पर अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत। मिली जानकारी के अनुसार कुदरा ग्राम वासी पोंगा सिंह पिता सुरेश सिंह जो की समय लगभग 5:00 बजे शाम को दक्षिण दिशा से उत्तर की ओर सड़क पार कर रहे थे। की पश्चिम की ओर से आ रही अज्ञात वाहन की चपेट में आ गए, आसपास उपस्थित लोगों द्वारा मौके पर पहुंचकर व्यक्ति को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाने का कोशिश किया गया। पर पाया गया कि व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गया है। दुर्घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे थाना प्रशासन द्वारा शव का पंचनामा कर अंत्य परीक्षण हेतु सदर अस्पताल भभुआं भेजा गया। अंतिम परीक्षण के उपरांत शव परिजनों के हवाले कर दिया गया।

### प्रखंड क्षेत्र में धूमधाम से की गयी भगवान विश्वकर्मा की पूजा





**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता , दुर्गावती (कैमूर)।** स्थानीय प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न जगहों पर धूम धाम से भगवान विश्वकर्मा की पूजा की गई। इसी क्रम में कर्मनाशा बाजार के समीप केशोपुर में अशोका कंपनी में भगवान विश्वकर्मा की पूजा के साथ साथ भजन कीर्तन और भंडारे का भी आयोजन किया गया।बता दें कि 17 सितंबर को शिल्पकार भगवान विश्वकर्मा की जयंती पूरे दुर्गावती प्रखंड में धूमधाम से मनाया गया । क्षेत्र के अलग-अलग जगहों पर भगवान विश्वकर्मा की मूर्ति रखकर पूजा अर्चना किया गया। वही कुछ जगहों पर भगवान विश्वकर्मा की पूजा के साथ साथ भजन कीर्तन और भंडारे का भी आयोजन किया गया। बताते चलें की पुराणों के अनुसार भगवान विश्वकर्मा जी ब्रह्मा जी के सातवें पुत्र और सृष्टि के पहले शिल्पकार और इंजीनियर थे। भगवान विश्वकर्मा जी ने ही देवी-देवताओं के लिए तमाम अस्त्र-शस्त्र समेत स्वर्गलोक, इंद्रलोक, लंका नगरी, द्वारिका नगरी आदि का निर्माण किया था।

# खास ख़बर

## पाई पाई बटोर कर बैंक में जमा किया हुआ गरीब किसान का 1 लाख 80 हजार गायब

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या, अयोध्या।** बिटिया की शादी के लिए एक गरीब दंपत्ति ने मेहनत मजदूरी कर बैंक में 2 लाख 8 हजार एक सौ 18 रुपए जमा किए थे।जिसमें से 1 लाख 80 हजार रुपए निकल गए।इसकी जानकारी खाता धारक गरीब किसान दंपत्ति को दस माह बाद लगी। खाते से पैसा गायब होने की जानकारी मिलते ही किसान की पत्नी जसमता के होश उड़ गए।वो अपने पति के साथ बैंक ऑफ इंडिया की शाखा भेलसर के मैनेजर के पास पहुंची।पीड़ितों की शिकायत पर मैनेजर ने कहा ये पैसा बैंक से नही जनसेवा केन्द्र से निकला है।कोतवाली क्षेत्र के भेलसर निवासी पति/पत्नी संयुक्त खाताधारक हरी राम पुत्र शिवराम ने बताया कि उसने विगत तीन वर्ष से मेहनत मजदूरी कर थोड़ा थोड़ा रुपया इकट्ठा कर बैंक में पैसा जमा किया था। दिनांक 2 अगस्त 2022 को उनके खाते में कुल धनराशि 2 लाख 8,118 रुपये थी।15 दिसंबर 22 को इन्होने 4 हजार रुपये भेलसर जनसेवा केंद्र से निकाला था।5 सितंबर 2023 को किसान दंपत्ति पुनः बैंक में कुछ पैसा निकालने पहुंचा।तो बैंक खाते में महज 28 हजार रुपए होने की जानकारी मिली।इस पर किसान दंपत्ति चिन्तित हो गए।पीड़िता ने बताया उसने ये धनराशि बिटियां की शादी के लिए इकट्ठा किया था।अब हम कैसे अपनी बिटिया की शादी कर पाएंगे ये कहते रोने लगी।बैंक मैनेजर खाते का स्टेटमेंट देते हुए बताया कि आपके खाते से दस-दस हजार करके 18 बार में ये धनराशि जनसेवा केंद्र से निकाली गई है।पीड़ित ने इसकी लिखित तहरीर स्थानीय कोतवाली सहित साइबर सेल में दी है।इस बावत चौकी प्रभारी भेलसर दृवेश त्रिवेदी ने बताया कि साइबर टीम द्वारा जांच की जा रही है।

## उचक्को ने पार कर दी बाइक

**रूदौली अयोध्या** । रूदौली कोतवाली क्षेत्र में शनिवार को लखनी पुर मजरे खैरन पुर में एक डायनोष्टिक सेंटर के सामने से गायब हो गई। पीड़ित सूरज कुमार पुत्र सन्त राम निवासी लखनी पुर ने घटना की सूचना कोतवाली रूदौली में की है। शिकायती पत्र में लिखा कि मैंने अपनी सफेद रंग की अपाची बाइक नंबर यू पी 42बीडी 9425 डायनोष्टिक सेंटर के सामने शनिवार शाम 4 बजे खड़ी कर अंदर चले गए थे तीन घण्टे बाद जब बाहर आए तो बाइक नही थी ।

## वायरल बुखार में साफ-सफाई का रखें ख्याल : डा. इंद्रजीत वर्मा

**गोसाईगंज - अयोध्या।** शहरी व ग्रामीण इलाके में बदलते मौसम के कारण वायरल बुखार के रोगियों से निजी और सरकारी अस्पतालो में मरीजो की भीड़ लगी हुई हैं। सीएचसी से लेकर निजी अस्पतालों व डॉक्टर के क्लीनिक में काफी संख्या वायरल से पीड़ित मरीज आ रहे हैं। गम्भीर रूप से पीड़ित मरीजों को भर्ती करने की नौबत आ गई है।सीएचसी के आंकड़े इसकी गवाही दे रहे हैं। सोमवार को वायरल बुखार से पीड़ित 250 लोगों ने गोसाईगंज सीएचसी के ओपीडी में अपना उपचार कराया। गोसाईगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर मौजूद फार्मासिस्ट ने बताया कि सीएससी पर दवा की कोई कमी नहीं है। पीड़ितों को अस्पताल से ही दवा मिल रही है। डॉक्टर भी बाहर का कोई दवा नहीं लिख रहे है। अस्पताल में भरपूर मात्रा में वायरल फीवर सहित अन्य रोगों से संबंधित दवा उपलब्ध है। मालूम हो कि सितंबर महीने का आधा से अधिक माह लगभग बीतने को है ।बावजूद गर्मी कहर बरपा रही है। इस समय मच्छरों की संख्या में काफी इजाफा हो गया है। इसके कारण मच्छर जनित रोग कस्बे सहित ग्रामीणांचल इलाको में कहर मचाये हुए हैं। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉ0 इंद्रजीत वर्मा ने बताया कि वायरल बुखार होने पर मरीज के शरीर पर नार्मल पानी की पट्टियां रखें और एक मिनट बाद बदलते रहे। इससे मरीज के शरीर का तापमान नार्मल हो जाएगा।पीड़ित मरीज को हर छह घंटे में पैरासिटामॉल की एक गोली दे सकते हैं। दूसरी कोई गोली डॉक्टर से पूछे बिना न दें। बच्चों को हर चार घंटे में 10 मिली प्रति किलो वजन के अनुसार दवा दे सकते हैं।दो दिन तक बुखार ठीक न हो तो मरीज को डॉक्टर के पास जरूर ले जाएं।अपने आसपास साफ-सफाई का पूरा ख्याल रखें। मरीज को वायरल है, तो उससे थोड़ी दूरी बनाए रखें। मरीज को पूरा आराम करने दें, खासकर तेज बुखार में। आराम भी बुखार में इलाज का काम करता है।मरीज छींकने से पहले नाक और मुंह पर रुमाल रखें। इससे वायरल होने पर दूसरों में फैलेगा नहीं।

## दबंग ने 11 वर्षीय बालक की पिटाई, पीड़ित ने की शिकायत

**बीकापुर** - अयोध्या।पूरा कलंदर थाना क्षेत्र के पूरे दिलासी मजरे सरियावां निवासी सत्य प्रकाश के 11 वर्षीय भतीजे द्वारा भैंस चराते समय पड़ोस के जी एस विद्यालय की फील्ड में जाने पर प्रबंधक आलोक शुक्ला द्वारा बुरी तरह मारने पीटने व गाली देने की शिकायत पूरा कलंदर में करने पर इलाज के लिए बीस हजार रुपये देकर सुलह करने की बात हुई पीड़ित की मां कौशल्या देवी ने कहा की बच्चें को गंभीर चोट होने से इतने पैसे में इलाज होना संभव नहीं है और आए दिन यह किसी न किसी को मारते रहते हैं अभी लगभग 6 माह पूर्व लेखपाल को मारे थे जिसका मुकदमा लिखा गया था कक्षा 8 तक मान्यता लेकर हाई स्कूल तक के बच्चों को शिक्षा ग्रहण करवा रहे हैं व अपनी दबंगई से क्षेत्र में आतंक पैदा किए हैं जिसमें 12 सितंबर की शाम लगभग 5:00 बजे मेरे बच्चें को बुरी तरह से मारने पीटे की शिकायत करने पर दवा के लिए पैसा भी दिया लेकिन इतने पैसों में बच्चे का इलाज संभव ना होने से कप्तान से मिलकर शिकायत करने की बात कही है! उक्त आरोप लगाते हुए कौशल्या देवी ने बताया कि कोतवाली मे पुलिस द्वारा कहा गया कि यहां समझौता नहीं होता बाहर समझौता करो यहां शिकायत पर कार्यवाही होती है ।

# वॉलीबॉल प्रतियोगिता में चंदौली ने वाराणसी को हराया

## वॉलीबॉल प्रतियोगिता में दिखी रोमांचकारी मैच उमड़ी रही दर्शको की भीड़



**दैनिक शुभ भास्कर , संवाददाता सुरेश चन्द्र पाण्डेय। जखनियां गाजीपुर।** जखनिया के वृंदावन स्थित महामंडलेश्वर श्री बाल कृष्णा यति इंटर कॉलेज के परिसर में 67 व मंडली माध्यमिक विद्यालयीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का उद्घाटन फीता काटकर खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर अवकाश प्राप्त प्रधानाचार्य शिवपूजन सिंह ने किया इस मौके पर वाराणसी चंदौली जौनपुर गाजीपुर से 16 टीमों ने इस मैच में भाग लिया जिसमें काफी रोमांचकारी मैच खेलते हुए 19 वर्ष बालक सीनियर गाजीपुर प्रथम जौनपुर द्वितीय , 14 वर्ष बालक सब जूनियर मैं चंदौली प्रथम वाराणसी द्वितीय, 19 सीनियर बालिका जौनपुर प्रथम गाजीपुर द्वितीय, 14 वर्ष बालिका सब जूनियर में जौनपुर प्रथम चंदौली द्वितीय से मैच फाइनल हुआ। सभी विजेता टीम को उपस्थित क्यों ने मोमेंटो देकर सम्मानित किया। निर्णायक कर्ता में बाबूलाल सोनकर, समीर लाल राकेश कुमार राय ,सुरेंद्र कुमार रहे। इस मौके पर मुख्य अतिथि के साथ विशिष्ट अतिथि में डॉक्टर विजेंद्र नाथ पांडे प्रधानाचार्य भाला इंटर कॉलेज गाज़ीपुर। मारकंडेय यादव ,अजय राय, अनिल विश्वकर्मा, उदयभान सिंह, बृजेश पांडे, छविनाथ मिश्रा, मंडल सचिव गोपाल प्रसाद माध्यमिक शिक्षा खेल वाराणसी, विशिष्ट अतिथि ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेलकूद प्रतियोगिता से खिलाड़ियों में खेल के प्रति लगाव बढ़ता है और बौद्धिक विकास होता है। तथा आज के परिवेश में खेलकूद का काफी महत्व है इस पर सरकार भी ध्यान दे रही है। संचालन सुदामा राम विश्वकर्मा, राजेश पांडे, विजेंद्र नाथ पांडे , अमृतेश जी रहे। आयोजक विद्यालय के सुभाष सिंह ,लाल जी साही ,प्रदीप कुमार सिंह, संजीव सिंह कुशवाहा, मीरा यादव, श्री कृष्ण मुरारी लाल श्रीवास्तव मौजूद रहे।

## रेलवे प्लेटफार्म पर विशाल पेड़ की डाली गिरने से एक महिला यात्री हुई घायल



**दैनिक शुभ भास्कर , संवाददाता रमेश सोनी।** दुल्लहपुर गाजीपुर। दुल्लहपुर थाना क्षेत्र के दुल्लहपुर रेलवे स्टेशन पर आज दोपहर 12:30 बजे विशाल गूलर के पेड़ का एक विशाल डाली प्लेटफार्म पर धड़ाम करके गिर गया ।जिससे लोगो में हड़कंप मच गया। अगल-बगल की दुकानदार सहित अन्य दूरदराज मौजूद यात्री भी जुट गए। वही एक अज्ञात यात्री महिला घायल हो गई जिसके हाथ में चोट लगी है ।उसके परिजन तत्काल निजी अस्पताल में भर्ती कराया ।यह विशाल डाली उसे वक्त गिरी जब सारी ट्रेनें चली गई थी और प्लेटफार्म पर यात्री की संख्या काफी कम थी ,नहीं तो एक डाली 11:00 बजे से पहले गिरती तो पूरी तरह से प्लेटफार्म पर यात्रियों की भीड़ रहती है ।किसी बड़ी घटना से भी इनकार नहीं किया जा सकता ।इस सिलसिले में मऊ रेल डीसीआई अखिलेश सिंह ने बताया कि गुलर की पुरानी पेड़ की डाली गिरने से एक महिला की चोट लगने की सूचना मिली है ।तत्काल कर्मचारियों द्वारा डाली को हटाया गया है संजोग सही था कि उसे डाली के नीचे यात्री नहीं थे।

## पति की लंबी आयु के लिए महिलाओं ने रखा हरतालिका तीज व्रत



**दैनिक शुभ भास्कर , संवाददाता सुरेश चन्द्र पाण्डेय, जखनियांः** हरितालिका तीज व्रत महिलाओं द्वारा मनाया जाने वाला पूर्वी उत्तर भारत का प्रमुख पर्व है।जिसमें महिलाएं अपने पति की लंबी आयु के लिए निर्जला व्रत रखती हैं। इसी क्रम में जखनिया कस्बे की रिंकी गुप्ता कुशल गृहिणी एवं सामाजिक कार्यकर्ता ने भी व्रत रखा तथा सभी को शुभकामनाएं दी।उन्होंने बताया कि हिंदू पंचांग के अनुसार, भाद्रपद मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि के दिन हरतालिका तीज व्रत रखा जाता है। इस विशेष दिन पर भगवान शिव और माता पार्वती की उपासना का विधान है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, इस विशेष दिन पर शिव-पार्वती की उपासना करने से वैवाहिक जीवन में सुख एवं समृद्धि की प्राप्ति होती है। साथ ही संतान प्राप्ति के लिए भी इस व्रत को बहुत ही प्रभावशाली माना जाता है। बता दें कि इस वर्ष हरतालिका तीज व्रत 18 सितंबर 2023, सोमवार के दिन रखा जा रहा है। साथ ही इस दिन कई शुभ सुनो का निर्माण हो रहा है।

## किशोरी को भगाने का आरोपी अरेस्ट कर भेजा जेल

**दैनिक शुभ भास्कर , संवाददाता रमेश सोनी, दुल्लहपुर गाजीपुर।** भुड़कुड़ा थाना क्षेत्र के एक गांव से 13सितंबर को किशोरी को बहला फुसलाकर भगा ले गया था।जिसमे पीड़ित के पिता के तहरीर पर केस दर्ज कर तलाश में जुटी थी।जिसमे आज सुबह 7बजे जखनिया दक्षिणी केबिन से आरोपी युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिए।कोतवाल तारावती ने कहा कि पीड़ित के पिता के तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया था जिसको आज आरोपी 19वर्षीय युवक को पकड़ जेल भेजा गया।

## पुलिस की संरक्षण में देख रही अवैध कच्ची शराब

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या, रामपुरभगन -अयोध्या।** तारुन थाना अंतर्गत पुलिस चौकी रामपुर भगन क्षेत्र में अवैध कच्ची शराब का धन्धा तेजी फल फूल रहा है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के लाख प्रयासों के बावजूद चौकी क्षेत्र में लंम्बे अर्से से जमे हल्का सिपाही व आबकारी विभाग की मिलीभगत से क्षेत्र के बराव, परसावा महोला, माहनमऊ ,रामपुर भगन बधवा आदि गांवो मे अवैध कच्ची शराब धड़ल्ले से बिक रही है उक्त गांवो के लोगो का कहना है कि शाम होते ही पीने और पिलाने का सिलसिला शुरू हो जाता है और देर रात तक चलता रहता है जिससे गांव के 12 से 25 साल के बच्चों व युवकों का भविष्य बर्बाद हो रहा है ये बच्चे सुबह होते ही अवैध कच्ची शराब के अड्डे पर देखे जाते है उक्त गांवो के संभ्रांत लोगों का कहना है कि आबकारी विभाग मुक दर्शक बन सब देख रही है तो लम्बे अर्से से जमे हल्का सिपाही सुविधा शुल्क लेकर अवैध कच्ची शराब बेचवा रहे है और कम उम्र के बच्चों का भविष्य बर्बाद कर रहे हैं। विभागीय सूत्र बताते हैं कि ये सिपाही अवैध कारोबार की जानकारी चौकी प्रभारी को नहीं बताते हैं। इस बाबत पूछना चाहा तो चौकी प्रभारी रामपुर भगन अभिनंदन पांडेय के फोन पर संपर्क नहीं हो पाया।

## जीआरपी पुलिस ने इनामिया वांछित को किया गिरफ्तार

**अयोध्या।** पुलिस अधीक्षक रेलवे लखनऊ श्रीमती पूजा यादव के निर्देश में ट्रेनों एवं रेलवे स्टेशनों पर चोरी लूट जहर खुरानी की घटनाओं की रोकथाम व इनामिया वांछित वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत पुलिस उपाधीक्षक रेलवे संजीव कुमार सिन्हा के कुशल पर्वेक्षण में प्रभारी निरीक्षक जीआरपी अयोध्या कैन्ट द्वारा राकेश कुमार राय द्वारा जीआरपी अयोध्या कैन्ट की गठित टीम द्वारा चेकिंग के दौरान थाना जीआऱपी अयोध्या कैन्ट से सक्रिय अपराधी शातिर किस्म का चोर बजरंगी बेलदार उर्फ महेश पुत्र स्व0 दयाराम निवासी कुढ़ा केशवपुर दर्शननगर थाना कोतवाली अयोध्या जनपद अयोध्या उम्र 25 वर्ष को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया ।

## यज्ञ व हवन कर प्रधानमंत्री मोदी के दीर्घायु होने की कामना किया

**पूरा बाजार - अयोध्या।** प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन को मनाने के लिए भाजपा कार्यकर्ताओं ने आयुष्मान भव पखवाड़े की शुरुआत की है इसी क्रम में भाजपा नेता रणधीर सिंह डब्लू की अगुआई में भाजपा कार्यकर्ताओं ने चक्रवर्ती सम्राट राजा दशरथ के समाधि स्थल पर बने भव्य मंदिर के प्रांगण में विधि विधान से हवन व यज्ञ करके प्रधानमंत्री मोदी के दीर्घायु होने की कामना किया है । रणधीर सिंह डब्लू ने कहा कि प्रधानमंत्री देश के गौरव हैं उनकी छत्रछाया में देश विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसर है हम सबने यज्ञ व हवन करके प्रधानमंत्री के लंबी उम्र होने की कामना किया है हवन में सैकड़ो भाजपा कार्यकर्ताओं ने भाग लिया सबने एक स्वर से मोदी के दीर्घायु होने की कामना किया है ।

## पीएचडी प्रवेश परीक्षा के सफल अभ्यर्थियों के परीक्षाफल घोषित

**अयोध्या।** डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय प्रशासन ने पीएचडी प्रवेश परीक्षा 2022-23 का अंतिम परीक्षाफल घोषित किया। विवि की कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल के निर्देश में विश्वविद्यालय प्रशासन ने पीएचडी प्रवेश परीक्षा के अंतिम सफल अभ्यर्थियों के परीक्षाफल घोषित किए गए। विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ0 अंजनी कुमार मिश्र ने बताया कि पीएचडी प्रवेश परीक्षा के सफल अभ्यर्थियों का परीक्षाफल घोषित कर दिया गया है। इनमें 40 विभिन्न विषयों के परीक्षा परिणाम घोषित किए गए है। उक्त परीक्षाफल विश्वविद्यालय की अधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड है।

## ट्रक पर गौ मांस की आशंका पर बजरंगियों का हंगामा

**अयोध्या।** थाना कैंट के अंतर्गत सहादतगंज के पास ट्रक पर गौ मांस की आशंका पर बजरंगियों का हंगामा, थाना कैंट के सआदतगंज हाईवे पर ट्रक को रोककर किया हंगामा, ट्रक के ड्राइवर को किया पुलिस के हवाले, खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारी भी पहुंचे मौके पर, पशु चिकित्सा विभाग के अधिकारी भी पहुंचे मौके पर, खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारियों ने की जांच, शाहापुर पश्चिम बंगाल की कंपनी से जारी बिल पर भैंस का मांस, पशु विभाग के अधिकारियों ने लिया सैंपल, जांच के लिए जाएगा मथुरा, बजरंग दल के जिला महामंत्री लालजी शर्मा का दावा, पश्चिम बंगाल से ही बजरंग दल के कार्यकर्ता कर रहे थे रेकी, ट्रक पर गौ मांस, दिल्ली हो रही सप्लाई,नहीं हुई कार्रवाई तो होगा आंदोलन।

## नन्दिनी कृषक समृद्धि योजना किसानों और पशुपालकों की आय को बढ़ाने में काफी मददगार साबित होगीः नितीश कुमार

**अयोध्या।** जिलाधिकारी नितीश कुमार ने प्रदेश सरकार द्वारा कृषकों हेतु चलायी जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से अधिक से अधिक कृषकों को लाभान्वित करने हेतु कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा चलायी जा रही नन्द बाबा दुग्ध मिशन के अन्तर्गत गौवंशीय पशुओं में नस्ल सुधार एवं दुग्ध उत्पादकता में वृद्धि हेतु नन्दिनी कृषक समृद्धि योजना संचालित की गयी है, जिसके प्रथम चरण में प्रदेश में 25-25 दुधारु गायों की 35 इकाइयां स्थापित की जाएगी। यह योजना किसानों और पशुपालकों की आय को बढ़ाने में काफी मददगार साबित होगी। उन्होंने बताया कि प्रदेश में उच्च उत्पादन क्षमता के गोवंश का संवर्धन करने के लिए योजना की शुरुआत की गई है। इस योजना से पशुओं की दुग्ध उत्पादन क्षमता बढ़ेगी साथ ही पशुपालकों के लिए उच्च उत्पादन क्षमता के गोवंश की भी उपलब्ध कराए जाएंगे। योजना से किसान, पशुपालकों को रोजगार के अवसर मिलेंगे साथ ही पशुपालकों की आय में वृद्धि भी होगी। प्रथम चरण में मण्डल अयोध्या सहित 10 मंडल मुख्यालयों के जनपदों में यह योजना संचालित की जाएगी। दुधारु गायों में साहिवाल, गिर, थारपाकर एवं गंगातिरी प्रजाति की गायें हो शामिल की जाएगी। इकाई स्थापना करने वाले वाले पशुपालकों व किसानों को उनके द्वारा किए गए खर्च में सरकार द्वारा नियमानुसार छूट दी जाएगी। उन्होंने बताया कि उक्त योजना से पशुपालक व किसानों खुशहाल होंगे। इस योजना के अन्तर्गत लाभार्थियों का चयन समिति के माध्यम से किया जायेगा, जिसमें मुख्य विकास अधिकारी अध्यक्ष, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी संयोजक सचिव तथा लीड बैंक आफिसर व उप दुग्धशाला विकास अधिकारी सदस्य होंगे। इस योजना की विस्तृत जानकारी कार्यालय मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी अथवा स्थानीय पशु चिकित्सालयों से प्राप्त कर सकते है।

## झाड़ की सफाई करते समय युवक की कुएं में गिर कर मौत

**हैदरगंज अयोध्या** । सोमवार की दोपहर 3 बजे के आसपास हैदरगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत जाना बाजार के बीकापुर मोड़ के पास सड़क के किनारे बाग में स्थित कुएं पर उगी झाड़ की सफाई करते समय 18 वर्षीय मोहम्मद असलम पुत्र घिर्राऊ कुएं में गिर गया । जिसकी जानकारी होते ही आसपास के लोग उसे बचाने के लिए कुएं पर पहुंच गए और भरसक प्रयास भी किया । किसी तरह असलम को अचेता अवस्था में लोगों ने कुएं से निकलकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर राम हैदरगंज ले गए । जहां पर मौजूद चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया । वहीं देर शाम 6 बजे के आसपास हैदरगंज थाने के उपनिरीक्षक राहुल कुमार पांडेय ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है । ग्रामीणों ने बताया कि मृतक एक भाई और एक बहन थे बहन की दो माह पहले ही मृत्यु हो चुकी है । इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक थाना हैदरगंज मोहम्मद अरशद ने बताया कि सूचना पर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है । अग्रिम कार्यवाही चल रही है ।

## भुड़कुड़ा पुलिस ने अलग-अलग मामले में पांच लोगों का किए चालान

**दैनिक शुभ भास्कर , संवाददाता रमेश सोनी, दुल्लापुर गाजीपुर** । भुड़कुड़ा थाना क्षेत्र के जलालपुर धनी गांव में विपिन गिरी और बेचन गिरी के जमीनी विवाद शांति भंग में किए चालान। रामसिंहपुर गांव में पत्नी को मारने पीटने के विवाद में पति सुनील का चालान।मकदुमपुर गांव में भाई भाई के विवाद में राजू चौहान और रमेश चौहान का शांति भंग में चालान।कोतवाल तारावती ने बताया कि आपसी विवाद में तहरीर मिली थी जिसमे सभी का शांति भंग में चालान किया गया।

धरना सड़क को ल

# स्वच्छ भारत का सपना रह गया अधूरा,लाखों के सामुदायिक शौचालय बन गई झाड़ियां का ढेर

**दैनिक शुभ भास्कर , संवाददाता सुरेश चन्द्र पाण्डेय, जखनियां गाजीपुर।** जखनियां ब्लाक के 90 ग्राम पंचायत में स्वच्छ भारत मिशन के तहत ग्राम सभा के बस्ती को रोशन करने के लिए सामुदायिक शौचालय का निर्माण कराया गया जिसका बाकायदा के लेखपाल जेई सचिव ने भूमि को चिन्हित कारण कराकर सामुदायिक शौचालय को बनाया गया। लेकिन सामुदायिक शौचालय निर्माण में काफी अनियमितता बरती गई।जिसका खामियाजा गांव के लोग भुगत रहे हैं। आज ग्रामीणों को सड़को या खुले में शौच करने को मजबूर है। 2020-21 में सामुदायिक शौचालय को हर गांव में बनाने का आदेश दिया गया कई गांव में तो विवादित जमीन पर ही शौचालय खड़ा कर दिया गया वह भी घटिया मटेरियल से आज तक शौचालय में ना तो गद्दे की खुदाई हुई ना तो उसमें टाइल्स और गमले बैठाएंगे। आज पूरी तरह से इन शौचालय में देखा जाए तो हरि झाड़ियां पेड़ पौधे उग गए हैं। जो जिम्मेदार है वह कागजों पर शौचालय को दौड़ा रहे हैं। अभी देखा जाए तो जखनिया, वाजिदपुर, जलालाबाद, हरदासपुर खुर्द ,दामोदरपुर, लेदिहा, भुडकुड़ा,लालापुर,विजहरा, रेवरीया,धमराव,अमारी,टड़वा टप्पा,रामपुर पतारी,बहरामपुर,धनेशपुर,करूई,मुस्तफा बाद उर्फ बड़ागांव, सोंनहडा, कनुआन,महार बुजुर्ग, सदरजहापुर,राजापुर,शाहपुर सोम्मर राय,रघुनाथ भडेवर ,माखनपुर,सोफिपुर, सुल्तानीपुर,कोठिया,सहित कई गांव में सामुदायिक शौचालय निर्माण आधे अधूरे होकर जर्जर पड़ी है।इस सिलसिले में खंड विकास अधिकारी त्रिवेणी राम ने कहा कि नब्बे गांव में 85पूर्ण है जबकि 5अपूर्ण है।75गांव में केयर टेकर समूह के महिला को 6000मानदेय पर रखा गया है।कुछ क्रियाशील है। तथा कुछ जमीनी विवाद में रुकी है।जल्द पूरा किया जाएगा।



## ख़ास ख़बर

### कजरीतीज मेले में श्रद्धालुओ की भीड़ को देखते हुए जनपद की सभी एम्बुलेंस को हाई अलर्ट पर रखा गया है



**ब्यूरो आवेश अंसारी गोंण्डा।** जनपद गोण्डा के प्रोग्राम मैनेजर संजय पांडेय ने बताया की कजरी तीज मेले में श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए सभी एंबुलेंस को हाई अलर्ट कर दिया गया है आम जनमानस को किसी भी प्रकार की असुविधा न होने पाए इसके लिए जनपद में जगह जगह पर हॉटस्पॉट बनाया गया है तथा कुछ एंबुलेंस सचलदल के साथ राउंड पर रहेंगी जिससे किसी भी प्रकार की चिकित्सीय असुविधा ना होने पाए इसके लिए कर्नलगंज सरयू घाट पर एम्बुलेंस नम्बर UP32EG5007, करनैलगंज से गोंडा दुःखहरण नाथ मंदिर तक सचल दल में एम्बुलेंस नम्बर UP32EG0081, दुःख हरण नाथ मन्दिर पर एम्बुलेंस नम्बर UP32EG0092, वा कर्नलगंज से पृथ्वी नाथ मंदिर के रास्ते पर सचलदल में एम्बुलेंस नम्बर UP32BG8551,तथा पृथ्वीनाथ मंदिर पर एम्बुलेंस नम्बर UP32EG0076 आदि एंबुलेंस को लगाया गया है तथा कुछ एंबुलेंस को जगह जगह पर हॉटस्पॉट बना कर खड़ा किया गया है जैसे रुपईडीह पेट्रोल पम्प के पास, रामापुर पुल के पास, बालपुर पुलिस चौकी के पास, मिश्रौलिया क्रॉसिंग के पास, अंबेडकर चौराहे के पास, फुहारा चौराहे पुलिस चौकी के पास आदि जगह पर एंबुलेंस का हॉटस्पॉट बनाकर एंबुलेंस को खड़ा किया गया है ।जिससे जरूरत पड़ने पर बेहतर से बेहतर एंबुलेंस सुविधा प्रदान की जा सके ।

### दुष्कर्म व दहेज प्रताड़ना का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार



**ब्यूरो आवेश अंसारी गोंण्डा।** गोंण्डा पुलिस अधीक्षकअंकित मित्तल ने अपराध एंव अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत वांछित अभियुक्तों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी करने हेतु जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक थानाध्यक्षों को कड़े निर्देश दिए थे। उक्त निर्देश के अनुक्रम में थाना वजीरगंज पुलिस द्वारा क्षेत्र भ्रमण के दौरान मुखबिर खास की सूचना पर दुष्कर्म व दहेज प्रताड़ना के वांछित अभियुक्त-विनय चौहान उर्फ राकेश चौहान को गिरफ्तार कर लिया गया। उक्त अभियुक्त ने अपनी विधवा भाभी के साथ शादी करने के नाम पर शारीरिक सम्बन्ध बनाये थे तथा बाद में शादी करने से मना कर दिया था तथा सास ससुर के साथ मिलकर दहेज की बात को लेकर प्रताड़ित करते हुए घर से भगा दिया था। जिसके सम्बन्ध में पीड़िता द्वारा थाना वजीरगंज में अभियोग पंजीकृत कराया गया था। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध थाना वजीरगंज द्वारा विधिक कार्यवाही की गयी।

### नंदिनी नगर में खेल कूद प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**नवाबगंज (गोण्डा) शुभ भास्कर रिपोर्ट अनमोल मिश्रा।** क्षेत्र के नंदिनी नगर महाविद्यालय में रविवार को अभियुदय यूथ क्लब के द्वारा खेल खुद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. विजयी छात्रों को पुरसस्कृत भी किया गया. एकल अभियान के ग्राम स्वराज मंच के ततत्वाधान में अभ्युदय यूथ क्लब की तरफ से रविवार को आयोजित खेल कूद प्रतियोगिता में कुश्ती, कबड्डी,दौड़ ऊँची कूद व लम्बी कूद में सैकड़ो बच्चो ने प्रतिभाग किया.कार्यक्रम का उद्घाटन संच समिति के उपाध्यक्ष विहारी लाल पाण्डेय व विहिप जिला सह मंत्री रामशंकर शर्मा ने किया. प्रतियोगिता में टिकरी, नवाबगंज, दुर्जनपुर घाट में संचालित एकल विद्यालय के छात्र छात्राये शामिल हुई.कबड्डी में महाराणा प्रताप टीम, कुश्ती में सूरज,आदर्श, दौड़ में अमित, अभिषेक, शिवानी, सुहानी, ऊँची कूद में अंतिमा,अनीता, तथा लम्बी कूद में अर्णव, लक्ष्य व आयुषी विजयी हुई. विजयी बच्चो को संच प्रमुख शिवानी सिंह, निरंकार व दिवाकर ने पुरसस्कृत किया.

### विहिप की प्रखंड बैठक सम्पन्न



**नवाबगंज (गोण्डा) शुभ भास्कर रिपोर्ट अनमोल मिश्रा।** विहिप के प्रखंड इकाई कि बैठक रविवार को नगर के पालिका न्यू मैरिज हाल में सम्पन्न हुई. बैठक का उदेश्य शौर्य यात्रा कि तयारी रही. विश्व हिन्दू परिषद प्रखंड नवाबगंज कि बैठक नगर में स्थित न्यू मैरिज हाल में शाम 5 बजे सम्पन्न हुई. बैठक का संचालन जिला कार्याध्यक्ष जनार्दन सिंह ने किया. उन्होंने आगामी 30 सितंबर को जिले के कटरा कुटी धाम से प्रारम्भ होने वाली शौर्य यात्रा कि तयारियो पर चर्चा की. तथा व्यवस्था की जिम्मेदारी पदाधिकारियों को सौंपी. जिलामंत्री विजय प्रताप सिंह ने बताया की शोभायात्रा का स्वागत हजारों की संख्या में लोग कटरा कुटी धाम पर करेंगे तथा दोपहर भोजन नगर नवाबगंज के पश्चात यात्रा गोण्डा के लिए प्रस्थान करेंगी. जिसमे कार्यक्रम को पूर्ण रूप से सफल बनाने के लिए लोगो को सहयोग करना है.बैठक की अध्यक्षता मुंशीलाल गुप्ता ने की.इस मौके पर सोनू सिंह, संजय श्रीवास्तव, राजेश तिवारी, प्रेमनाथ मिश्र, रामदेव यादव, सचिन सोनी सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

# प्रशिक्षणरत प्रशिक्षुओं ने मानदेय की हेराफेरी का लगाया आरोप, प्रदर्शन

**शुभ भास्कर, अशोक कुमार जायसवाल, पीडीडीयू नगर।** आज दिन शनिवार को प्लांटडिपो मुख्य कारखाना प्रबंधक गेट के सामने लगभग 50 - 60 की संख्या में अप्रेंटिस प्रशिक्षु जो रेल कारखाना प्लांट डिपो डीडीयू में दिनांक 01.11.2022 से प्रशिक्षणरत है। उक्त प्रशिक्षु को प्रशिक्षण के दौरान रुपए 7000- प्रति महीना स्टैफंड निर्धारित किया गया था। जिसका 5500 रुपए ही प्रति माह प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षण के दौरान भुगतान किया जाता है। लेकिन पत्र संख्या एम०एस०डी०ई -39/15-2022- अप्रेंटिस तारीख-01.09.2023 के अनुसार बाकी के 1500/- रुपए भुगतान करने का भारत सरकार का कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय शिक्षुता प्रशिक्षण विभाग से पत्र प्राप्त हुआ है। जिसके बाद भारत के अन्य रेलवे डिविजन में अप्रेंटिस के प्रशिक्षुओं को 1500 कटने वाले सभी माह के पैसे को जोड़कर इकट्ठा प्राप्त हुआ है जिसकी जानकारी होने के बाद हम सभी रेलवे प्लान डिपो डी०डी०यू के अप्रेंटिस के प्रशिक्षु मुख्य रेल प्रबंधक प्लांट डिपो डीडीयू को एक लिखित आवेदन देने हेतु इकट्ठा हुवे थे जिसके पश्चात मुख्य रेल प्रबंधक द्वारा पत्र स्वीकार ना करते हुवे हमलोग से वादा किया गया की आप लोगो का पैसा नवंबर 2022 से लेकर अब तक जो भी 1500 रुपए प्रतिमाह कट के आ रहा था वो सभी किश्त एक साथ



आगामी बुधवार 20/09/2023 तक जोड़कर आप लोगो के खाते में भेज दी जाएगी। और मुख्य रेल प्रबंधक के इसी आश्वासन को मानकर हम सभी प्रशिक्षु अभ्यर्थी वापस आ गए समय रहते हुए हमारी मांगे पूरी नहीं की गई तो आने वाले समय में हेड क्वार्टर ऑफिस हाजीपुर में शिकायत किया जाएगा। धरना प्रदर्शन में मुख्य रूप से शशि यादव,रवि,अभिषेक,दीपक,संध्या,प्रियंका,हिमांशु, आरिफ,विजय,अवधेश,स्वतंत्र,अमित आदि सभी प्रशिक्षु छात्र उपस्थित रहे।।

## किसान समस्याओं को लेकर 6 बिंदुओं का सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा ज्ञापन

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या।** भारतीय किसान यूनियनअ राजनैतिक द्वारा तहसील सदर तिकोनिया पार्क में किसान समस्याओं को लेकर मासिक पंचायत कर संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को 6 बिंदुओं को लेकर ज्ञापन सौपा जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अरविंद यादव ने की पंचायत में प्रदेश उपाध्यक्ष देवनारायण सिंह आगामी 25 तारीख लखनऊ होने वाली महापंचायत मैं ज्यादा से ज्यादा चलने की किसानों से अपील की वरिष्ठ प्रदेश सचिव फरीद अहमद ने कहा कि सरकार हमारे किसानों की जमीन ओने पोने दम में ले रही है जो की 2017 से सरकार ने जिले का सर्किल रेट नहीं बढ़ाया सर्किल रेट को बढ़ाकर ही किसानों की जमीन ली जाए और जिले में छुटटा जानवर खुलेआम घूम कर फसलों को चौपट कर रहे हैं और रोड पर छुट्टा जानवरों से आए दिन एक्सीडेंट होकर तमाम लोग चोटिल हो रहे हैं और तमाम मवेशी भी दुर्घटना में मर जा रहे हैं जिलाध्यक्ष अरविंद यादव ने कहा मांझा बरेटा



शाहनवाजपुर उपरहार कूड़ा केशवपुर की धारा 1965 का प्रकाशन 7 सितंबर को किया गया था जो अन्याय पूर्ण है सोहावल मकसूमगंज कटरौली मगलसी की जमीनों का मार्केट रेट से 4 गुना रेट दिया जाए मांझा बरेटा में किसानों की खरीदी गई जमीन में अभी तक कोई विकास कार्य नहीं शुरू किया गया ज्ञात हो कि पूर्व में उपरोक्त गांव में किसानों की अधिकांश जमीनी आवास विकास खरीद चुका है शेष बची जमीन उनकी जीविका का साधन है पंचायत में प्रमुख रूप से महिला जिला अध्यक्ष सविता मौर्या माहा नगर अध्यक्ष अजय यादव राजेंद्र किसान राजू बाबा मोहम्मद इस्लाम रामजीतपाण्डेय रामप्यारी धुरिया अमरनाथ मंगरु राम रोशनी नीलम कौशल्या जसमती जनक दुलारी आदि सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## अग्रिम पंक्ति प्रदर्शन योजना अंतर्गत मत्स्य बीज का वितरण



**ब्यूरो आवेश अंसारी गोंण्डा।** गोंण्डा आचार्य नरेंद्र कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कुमारगंज अयोध्या के अधीन संचालित कृषि विज्ञान केंद्र मनकापुर गोंडा के मत्स्य अनुभाग द्वारा प्रदर्शन हेतु चयनित कृषकों को उन्नत किस्म के मत्स्य बीजों का वितरण किया गया । इस अवसर पर केंद्र के प्रभारी अधिकारी डॉक्टर पीके मिश्रा, डॉ अजीत सिंह वत्स वरिष्ठ वैज्ञानिक फसल सुरक्षा तथा डॉक्टर ज्ञानदीप गुप्ता वैज्ञानिक मत्स्य उपस्थित रहे । डॉक्टर गुप्ता ने बताया कि जनपद गोंडा में तालाबों आदि सहित जलाशयों का क्षेत्रफल अन्य जनपदों की अपेक्षा काफी अधिक है । जलाशयों में मछली का उत्पादन कर किसान भाई अच्छी आय प्राप्त कर सकते हैं । प्रदर्शन के अंतर्गत मत्स्य की उन्नतशील प्रजातियां कतला रोहू नैन का बीज वितरण किया गया । प्रदर्शन में चयनित प्रगतिशील कृषकों राजेश कुमार सिंह, प्रवीन कुमार सिंह, सहदेव यादव, राजेश कुमार वर्मा आदि को निशुल्क मत्स्य बीज का वितरण किया गया । मत्स्य तालाबों का वैज्ञानिक ढंग से प्रबंध कर किसान भाई अच्छी आय प्राप्त कर सकते हैं । सरकारी सहायता प्राप्त करने के लिए किसान भाई मत्स्य पालन विभाग गोंडा से संपर्क स्थापित कर सकते हैं । तकनीकी जानकारी प्राप्त करने हेतु नजदीकी कृषि विज्ञान केंद्र, मत्स्य विभाग आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कुमारगंज अयोध्या,राष्ट्रीय मत्स्य अनुवांशिकी संसाधन ब्यूरो तेलीबाग लखनऊ से संपर्क स्थापित कर सकते हैं ।

# पालटेक्निक में चयनित बच्चो को किया सम्मानित

**चहनियां। चंदौली।** कंपोजिट विद्यालय हृदयपुर के पूर्व छात्रों ने अपनी मेहनत और लगन से पॉलिटेक्निक कॉलेज में प्रवेश हेतु प्रवेश परीक्षा को उत्तीर्ण किया । जिन्हें शिक्षकों ने माला पहनाकर तथा मिष्ठान खिलाकर शुभकामनाएं और बधाई दी । इसी वर्ष राज्य अध्यापक पुरस्कार से सम्मानित विद्यालय के प्रधानाध्यापक वीरेंद्र सिंह यादव ने बताया की हमारे विद्यालय से कक्षा आठ उत्तीर्ण कर चुके संदीप विश्वकर्मा ,सनी यादव तथा अंकुश विश्वकर्मा ने पॉलिटेक्निक संयुक्त प्रवेश परीक्षा को अच्छे नंबरों से उत्तीर्ण कर राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज में दाखिला लिया । जिससे विद्यालय परिवार में खुशी का माहौल व्याप्त है । अंकुश विश्वकर्मा ने राजकीय पॉलिटेक्निक



कॉलेज औरैया में , शनि यादव ने महामाया पॉलिटेक्निक धानापुर में तथा संदीप विश्वकर्मा ने संत रविदास पॉलिटेक्निक चाकिया चंदौली में इलेक्ट्रॉनिक एंड कम्युनिकेशन ब्रांच में प्रवेश लिया । यह बच्चे हमारे विद्यालय से राष्ट्रीय आय आधारित परीक्षा को भी उत्तीर्ण कर चुके हैं तथा प्रतिवर्ष 12000 रुपए की छात्रवृत्ति कक्षा 9 ,10, 11, 12 में प्राप्त कर चुके हैं । इन्हें आगे की पढ़ाई के लिए किसी आर्थिक समस्या का सामना नहीं करना पड़ेगा । विद्यालय सिर्फ विद्या का केंद्र ही नहीं बल्कि बच्चों के भविष्य के सपनों को साकार करने में जुड़ा है । इन छात्रों ने बताया की राज्य शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित शिक्षक नंद कुमार शर्मा के द्वारा हम लोगों को कक्षा 6 से 12 तक लगातार शैक्षणिक सपोर्ट मोटिवेशन तथा भविष्य की योजनाओं के बारे में निर्देश मिलते रहे । जिसका परिणाम है कि आज हम लोग राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज में प्रवेश प्राप्त करने में सक्षम हुए हैं । उनके प्रयासों से लगातार हम लोगों के जीवन में नए रास्ते और नई मंजिल प्राप्त हो रही है । शिक्षक गौतम लाल जी ने भी अपने मेहनत से इन बच्चों को सजाया संवारा ताकि आने वाले समय में यह अपना और विद्यालय का तथा इस गांव और जिले का नाम रोशन कर सके । बच्चों ने भी अपने बड़े भाइयों का तालियो के साथ उत्साह वर्धन किया । विद्यालय पर कक्षा की छात्र-छात्राएं अर्पिता ,श्रेया, श्वेता, अलीशा ,खुशी, रिंकी ,वर्षा ,अंशिका, नाहिद ,मोहिनी विश्वकर्मा, श्रद्धा विश्वकर्मा, कविता शर्मा, समरीन, अमित मौर्य ,विकास यादव ,अनमोल ,आदित्य, स्नेहा मौर्य ,अंजलि पाल ,अंशिका पाल सहित तमाम बच्चे उपस्थित रहे ।

### छह व्यक्तियों को पकड़ा गया

**संवाददाता मो0 अबूबकर, रुदौली अयोध्या।** थाना मवई पुलिस ने एंटी रोमियो टीम द्वारा महिलाओं,बालिकाओं एवं बच्चों की सुरक्षा के दृष्टिगत क्षेत्र में भ्रमण कर रही थी। तभी गली, मोहल्ले, चौराहे पर अनावश्यक संदिग्ध परिस्थितियों में घूमते, छींटाकशी, अश्लील हरकत आदि करते हुए पाए जाने पर उपनिरीक्षक गुलाम रसूल कांस्टेबल अनूप चौधरी महिला कांस्टेबल उजाला के साथ मौके पर पहुँच छह व्यक्तियों को पकड़कर लाया गया। तथा सभी संदिग्ध व्यक्तियों के परिजनों को थाने पर बुलाकर हिदायत देकर कर छोड़ दिया गया।

### पुलिस ने फरार वारंटी को किया गिरफ्तार

**केपीपीएन मुनीर अंसारी, संवाददाता मो0 अबूबकर, रुदौली अयोध्या।** पटरंगा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कई माह से फरार चल रहे अभियुक्त रामलाल पुत्र लालता प्रसाद निवासी ग्राम बुलबुलपुर थाना पटरंगा को उपनिरीक्षक सुदर्शन प्रसाद आर्या हमराही अंकुर कश्यप अवनीश कुमार ने पुलिस टीम के साथ गिरफ्तार कर लिया।उन्होंने बताया की गिरफ्तार किए अभियुक्त पर विधिक कार्यवाही की जा रही है। थाना अध्यक्ष पटरंगा ओम प्रकाश ने बताया गिरफ्तार किए गए व्यक्ति को न्यायालय भेज दिया गया।

### अब 32 सीसीटीवी कैमरे की निगरानी मे होगा वजीरगंज कस्बा



**ब्यूरो आवेश अंसारी गोंण्डा।** जीना तो है उसी का जिसने ये राज जाना, है काम आदमी का औरों के काम आना, इस कहावत को वजीरगंज के ग्राम प्रधान सुशील जायसवाल ने ग्राम पंचायत वजीरगंज को सीसीटीवी कैमरे की निगरानी मे करके सच कर दिखाया है। आपको बता दें कि वजीरगंज कस्बे में बीते दिनों चोरी की वारदात के साथ ही विभिन्न रूप से कई वारदाते घटित हो चुकी हैं, जिसका खुलासा करने में पुलिस को भी नाकों चने चबाने पड़ते थे, इन घटनाओं को देखते हुए ग्राम प्रधान सुशील जायसवाल ने ये महसूस किया कि अगर बाजार में कई महत्त्वपूर्ण स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लग जाएं तो इन घटनाओं पर रोक लग सकती है और तीसरी नजर से इन घटनाओं का खुलासा भी हो सकता है। इन सभी बातों को ध्यान मे रखते हुए ग्राम प्रधान ने ग्राम पंचायत की बजट से कई धार्मिक स्थलों के साथ ही महत्त्व स्थानों पर 32 सीसीटीवी कैमरा लगवाएं हैं। सरहनीय कार्य की भनक लगते ही पुलिस अधीक्षक अंकित मित्तल ने उनके कार्यों की सराहना की हैं।एसएचओ वजीरगंज अभय सिंह ने ग्राम प्रधान के आवास पहुंचकर उन्हें सम्मानित किया।और सरहनीय कार्य की बधाई दी। इस अवसर पर आदर्श जायसवाल, पपलू गुप्ता, प्रदीप जायसवाल लुट्टू मौर्या, आदि लोग उपस्थित रहे।

### विश्वकर्मा पूजनोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रम में देर रात तक झूमे श्रोता



**चहनियाँ (चंदौली)।** कैथी गांव में रविवार की शाम को विश्वकर्मा पूजनोत्सव में कलाकारों ने भक्तिमय रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया । जो देर रात तक कार्यक्रम चला कैथी में विगत 21 वर्ष से विश्वकर्मा पूजा का आयोजन होता आ रहा है । इस वर्ष भी विश्वकर्मा पूजनोत्सव कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया । सांस्कृतिक कलाकार विराट साइना सहयोगियों संग शिव पार्वती,राधा कृष्ण,मां काली आदि देवी देवताओं की झांकी प्रस्तुत किया । झांकी डांस प्रस्तुति पर श्रोता झूम उठे । कार्यक्रम देर रात तक चलता रहा । आयोजक कार्यक्रम के अध्यक्ष सुजीत विश्वकर्मा व दिनेश मोदनवाल ने कलाकारों को व अतिथियों को अंगवस्त्रम देकर सम्मानित किया । इस दौरान जितेंद्र विश्वकर्मा,नीरज विश्वकर्मा,गोपाल गुप्ता,शिवलाल जायसवाल,रामजी मोदनवाल,शिवम विश्वकर्मा,आनन्द सिंह,जयशंकर जायसवाल,ओमप्रकाश गुप्ता,मनोज गुप्ता आदि लोग उपस्थित थे ।

### यातायात व शांति व्यवस्था में तैनात होमगार्ड के साथ अभद्रता



**संवाददाता मो0 अबूबकर, रूदौली (अयोध्या)।** रुदौली कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत भेलसर चौराहा के पास यातायात व शान्ति व्यवस्था में तैनात होमगार्ड के साथ टेंपो चालक ने अभद्रता के साथ हाथापाई की।आरोपी चालक का पुलिस ने शांति भंग की आशंका में चालान किया है। जानकारी के अनुसार रुदौली कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत भेलसर चौकी से चंद कदम की दूरी पर सुरक्षा व्यवस्था में तैनात होमगार्ड रामचंद्र अपने साथी नंदकुमार तिवारी के साथ यातायात सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टिगत भेलसर चौराहे पर अपने ड्यूटी पॉइंट पर तैनात थे लखनऊ गोरखपुर राष्ट्रीय राजमार्ग की सर्विस रोड भेलसर चौराहे पर एक टेंपो अवैध तरीके से खड़ा था जिसे हटाने के लिए होमगार्ड ने कहा इस पर टेंपो चालक टेंपो से उतरकर होमगार्ड का हाथ पकड़ कर हाथापाई शुरू कर दी।इसी बीच सुरक्षा में तैनात दूसरे होमगार्ड नंदकुमार तिवारी की नजर जब उस पड़ी तो वो टेंपो चालक को पकड़ लिया और घटना की सूचना रुदौली कोतवाली पुलिस को दी।सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस टेंपो चालक व टेंपो को हिरासत में ले लिया।वही इस घटना का वीडियो चौराहे पर लगे सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हुआ।मामले में वरिष्ठ उपनिरीक्षक वीरेन्द्र राय ने बताया कि होमगार्ड के साथ बदतमीजी करने वाले ड्राइवर अखिलेश पुत्र भल्लू निवासी सिपहिया कोटवा पर शांति भंग की धारा में कार्यवाही की गई है।

आयोजन | विशाल भंडारे का आयोजन में हजारों की संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया

# विश्वकर्मा पूजा के अवसर पर जगह-जगह भंडारे का आयोजन

**संवाददाता मो0 अबूबकर, रुदौली (अयोध्या)।** गति वर्षो की भाती इस वर्ष भी पूरे जिले में धूमधाम से मनाया गया विश्वकर्मा पूजा अकबरगंज स्थित विश्वकर्मा मंदिर पर विधि विधान पूर्वक पूजा का कार्यक्रम हुआ व दोपहर में जवाबी बिरहा कार्यक्रम पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन हुआ जिसमें हजारों की संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया भंडारे में रुदौली विधायक राम चन्द्र यादव, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अशोक कसौधन, नगर पालिका अध्यक्ष प्रत्याशी विनोद कुमार लोधी, विश्वकर्मा समाज के समाजसेवी शिव बहादुर विश्वकर्माआदि हजारों की संख्य में लोग समलित हुए,भगवान विश्वकर्मा को सृष्टि का पहला इंजीनियर माना जाता है ऐसा कहते हैं कि विश्वकर्मा पूजा के दिन घर दुकान या फैक्ट्री में लोहे व लकड़ी और मशीनरी की पूजा की जाती है भगवान विश्वकर्मा की अनुकंपा से कारोबार में सभी के उन्नत



होती है ऐसी मान्यता है कि इस दिन भगवान विश्वकर्मा ने सृष्टि के रचयिता ब्रह्मा जी के सातवें पुत्र के रूप में जन्म लिया था भगवान विश्वकर्मा का जिक्र 12 आदितओं और ऋग्वेद में होता है हिंदुओं के लिए यह त्यौहार बहुत महत्वपूर्ण होता है इस दिन हर समाज के लोग अपने कारखानों और वाहनों की पूजा करते हैं कई शास्त्रों में है कि विश्वकर्मा जी ने द्वारिकापुरी लंका इंद्रलोक पुष्पक विमान देवताओं के अस्त्र-शस्त्र का निर्माण किया था इसी कड़ी में पूरे जिले में जगह-जगह कार्यक्रम का आयोजन हुआ अमर बिल्डिंग वर्क पर विशाल भंडारे का आयोजन हुआ जरेला बाजार मंदिर पर कार्यक्रम हुआ गुलालपुर विश्वकर्मा मंदिर पर भंडारे का कार्यक्रम हुआ अमानीगंज में विश्वकर्मा मंदिर पर पूजा और भंडारे का आयोजन हुआ इसी तरह पूरे जिले में विधि विधान से पूजा का आयोजन हुआ विश्वकर्मा ब्रिगेड के पदाधिकारी द्वारा जिले के कई कार्यक्रमों में पहुंचकर अपने आराध्य देव श्री विश्वकर्मा भगवान की पूजा कर बड़े बुजुर्गों का आशीर्वाद प्राप्त किया।

## शोहदों के खिलाफ पटरंगा पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई

**संवाददाता मो0 अबूबकर, रुदौली अयोध्या।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अयोध्या राजकरन नय्यर द्वारा दिए गए निर्देश के क्रम में पटरंगा पुलिस द्वारा शोहदों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में सोमवार को एंटी रोमियो टीम प्रभारी कमलेश मय हमराह टीम द्वारा स्कूल छुटने के समय लालाराम इंटर कॉलेज पटरंगा मंडी के गेट के सामने से चार एवं मकन गंज मोड से एक कुल पाँच नवयुवकों को पकड़ा गया। जिसमें से चार लोगों को उनके परिजनों को बुलाकर हिदायत करते हुए सुपुर्दगी में दिया गया। तथा एक के खिलाफ धारा 294 की कार्यवाही की गई है। माह सितंबर 2023 में अब तक पटरंगा पुलिस द्वारा 12 लोगों के खिलाफ कार्यवाही की गई, और इसी तरह लगातार कार्यवाही जारी रहेगी। जनता से अनुरोध है कि अपने बच्चों को किसी भी प्रकार की गलत सोहबत में न पडने दे यदि कोई शिकायत हो तो पुलिस की मदद ले।

# ब्लॉक प्रमुख ने इंटर लॉकिंग मार्ग का किया लोकार्पण

**चहनियाँ (चंदौली)।** क्षेत्र के पुराविजयी गांव में मेन रोड से बारात घर पर जाने वाले मुख्य मार्ग को गांव के ग्रामीणों कि मांग पर ब्लाक प्रमुख अरुण कुमार जायसवाल ने अपने क्षेत्र पंचायत निधि से दो सौ मीटर दस लाख रुपए खर्च से मार्ग पर इंटर लॉकिंग लगवाया जिससे ग्रामीणों ने खुशी जाहिर करते हुए हर्ष व्यक्त किया। पुराविजयी गांव में बरात घर जाने वाली मार्ग विगत कई वर्षों से क्षतिग्रस्त हो गया था। जिससे गांव में शादी विवाह व मांगलिक समारोह के दौरान आने जाने में लोगों को बहुत ही परेशानियां उठानी पड़ती थी। मार्ग कि समस्या को लेकर ग्रामीणों ने ब्लाक प्रमुख से मार्ग पर निर्माण कार्य करने के लिए कहा जिससे ब्लाक प्रमुख ने ग्रामीणों को आश्वस्त करते हुए उन्होंने ने अपनी क्षेत्र पंचायत निधि से मार्ग का निर्माण किया। वहीं गांव के ग्राम प्रधान व क्षेत्र पंचायत सदस्य सहित गांव के दर्जनों लोगों ने सोमवार को मार्ग का लोकार्पण



समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख अरुण कुमार जायसवाल ने मार्ग निर्माण का लोकार्पण किया इस दौरान उन्होंने का कि गांव में सादी विवाह मांगलिक कार्यों के लिए बारात घर पर जाने के लिए गांव के लोगों को आवागमन में दिक्कतें आ रही थी जिससे हमने अपने क्षेत्र पंचायत निधि से मार्ग पर इंटर लॉकिंग का निर्माण कार्य करा दिया हूं विकास खंड चहनिया के प्रत्येक गांवों गरीबों को आवास, विधवा, वृद्धा, विकलांग पेंशन,राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड,शिक्षा, स्वास्थ्य, शुद्ध पानी,साफ-सफाई, उजाला के लिए हाई मास्क व सोलर लाइट नाली, खड़ंजा,सीसी रोड, इंटर लॉकिंग मार्ग कार्य का निर्माण के साथ ही सरकार के योजनाओं को को धरातल पर लाना व गांवों में चहुंमुखी विकास को बढ़ावा देना हमारी प्राथमिकता है । हमें अपने विकास खंड चहनिया को प्रदेश में नंबर वन पर लाना है। गांव के ग्राम प्रधान व क्षेत्र पंचायत सदस्य ने ब्लाक प्रमुख को अगं वस्त्र स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। ज्ञानेंद्र कुमार, जयंत सिंह परदेशी निषाद सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

## ख़ास ख़बर

### नाला प्रखंड क्षेत्र में करमा पर्व का हुआ शुभारंभ



**दैनिक शुभ भास्कर, सुष्मिता कुमारी, नाला/जामताड़ा।** नाला प्रखंड क्षेत्र में बारघरिया, आमलाचातर, नतुनडिह , कालाझरिया जुड़ीडंगाल, तिलाबनी आदि जगहों में भाई-बहन का पर्व कर्मा का शुभारंभ विधिवत रूप से की गई। इस अवसर पर अजय नदी से कुमारी कन्याओं के द्वारा नया डाला में नदी में स्नान कर डलिया में बालू भरकर उसमें कुर्थी, जौ, मूंग ,चना ,धान की बुवाई कर जावा को उठाया गया ।यह जावा 9 दिनों तक जगाया जाएगा ।मालुम हो करमा पर्व झारखंड के प्रमुख त्योहारों में से एक है। मालूम हो कि यह पर्व इस क्षेत्र के लिए काफी लोकप्रिय है ।यह पर्व भादो महीने की शुक्ल पक्ष एकादशी के दिन पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है ।इस पर्व में बहन अपने भाई की सुख समृद्धि दीर्घायु की कामना करती है ।ज्ञात हो कि पर के अनुसार प्राचीन परंपरा के अनुसार धान की रोपाई के बाद इस पर्व को मनाया जाता है। इस पर्व को लेकर पूरे क्षेत्र में उत्सवी माहौल है।

### जश्न ए ईद मिलाद उन नबी तैयारी को लेकर अशर्फी वेलफेयर सोसाइटी की बैठक



**दैनिक शुभ भास्कर, संवाददाता, मधुपुर/ देवघर।** आगामी 28 सितंबर को जश्ने ईद मिलादुन्नबी एकीकत एहतराम के साथ मनाया जाएगा। इसकी तैयारी को लेकर सोमवार को राधा गिलास फैक्ट्री मोड स्थित अब्दुल कलाम चौक के पास स्थित एक निजी आवास में उज्जैर अहमद अशरफी की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजन की गई। मौके पर इमरान अहमद अशरफी, गुलाम अशरफ राजू, अल्ताफ हुसैन बीके, अलाउद्दीन हसन बुरहानी, शकील अहमद अशरफी, मौलाना मुस्लिम अख्तर शिवानी, सरफराज अहमद अशरफी, इत्यादि उपस्थित थे। जश्ने ईद मिलादुन्नबी की तैयारी को लेकर चर्चा की गई। कहा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी प्रशासन के गाइडलाइन का पालन करते हुए जश्ने ईद मिलादुन्नबी मनाया जाएगा और जुलूस मोहम्मदी निकाला जाएगा। जुलुसे मोहम्मदी शहर विभिन्न रास्तों से होकर मधुपुर डाक बंगला मैदान में जमा होंगे। और उल्माऐकराम के संबोधित के बाद संयुक्त रूप से देश के लिए अमन' शांति' की तरक्की' भाईचारगी के लिए दुआएं की मांगी जाएगी। इसके बाद महफिल का समापन होगा। मौके पर झारखंड सरकार के अल्पसंख्यक कल्याण खेल कुद कला संस्कृति मंत्री हफीजुल हसन भी उपस्थित रहेंगे।

### जसीडीह पुलिस व आरपीएफ ने रेलवे ट्रैक से 45 वर्षिय अज्ञात युवक का शव किया बरामद



**दैनिक शुभ भास्कर, संवाददाता, मधुपुर/देवघर।** हावड़ा नई दिल्ली मुख्य रेल मार्ग के जसीडीह थाना अंतर्गत कुमड़ाबाद रोहिणी रेलवे स्टेशन के बीच अप ट्रैक नवाडिह रेलवे फाटक नंबर 27 पोल संख्या 317/ 7 -9 के पास एक 45 वर्षीय अज्ञात युवक का शव रेलवे ट्रैक पर पड़े होने की सुचना आसनसोल कंट्रोल ने मधुपुर स्टेशन प्रबंधक एवं आरपीएफ को दी। सूचना मिलते ही मधुपुर आरपीएफ एवं जसीडीह थाना की पुलिस ने घटनास्थल पर अप ट्रैक पोल संख्या 317/ 7-9 के पास 45 वर्षीय अज्ञात व्यक्ति का शव देखा। मौके पर मधुपुर आरपीएफ के सब इंस्पेक्टर श्याम सुंदर कुमार, कांस्टेबल सुखविंदर कश्यप एवं जसीडीह लोकल थाना के एएसआई शशि भूषण घटना स्थल पर दल बल के साथ पहुंची | और मामले की जांच किया। मृतक ब्लू रंग का ट्राउजर और ब्लैक गंजी पहने हुए हैं। उसके पास से टिकट नहीं मिला है और ना ही आधार कार्ड प्राप्त हुआ है। पंचनामा करके शव को रेलवे ट्रैक से हटाया ।मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। जसीडी लोकल पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए देवघर भेज दिया है। इस संबंध में जसीडीह थाना के पुलिस ने यूडी केस दर्ज किया है। वही अप रेल ट्रैक पर शव रहने से धनबाद पटना इंटरसिटी एवं आसनसोल झाझा सवारी गाड़ी लगभग 1 घंटा विभिन्न स्टेशन पर खड़ी रही।

# साइबर अपराधियों के खिलाफ सीसीए लगाने की तैयारी





**दैनिक शुभ भास्कर, मनीष बरणवाल, जामताड़ा।** जिले को साइबर अपराध से मुक्त करने को लेकर अब साइबर अपराधियों के खिलाफ पुलिस प्रशासन क्राइम कंट्रोल एक्ट यानी सीसीए लगाने की तैयारी कर रही है। जिला के नवपदस्थापित पुलिस कप्तान अनिमेष नैथानी संबंधित थाना प्रभारी को आवश्यक निर्देश दिया है। जामताड़ा एसपी अनिमेष नैथानी ने जानकारी देते हुए बताया कि साइबर अपराध पर अंकुश लगाने को लेकर अब जेल से छूटने के बाद साइबर अपराधियों पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी, उन्हें थाने में हाजिरी लगानी पड़ेगी।एसपी ने बताया कि वैसे साइबर अपराधी जो कुख्यात हैं, उनके विरूद्ध सीसीए लगाने की तैयारी भी चल रही है। इसको लेकर ऐसे साइबर अपराधियों को थाना प्रभारी को चिन्हित करने का निर्देश दिया गया है। एसपी ने बताया कि बहुत जल्द ही जिले में साइबर अपराधियों के खिलाफ सीसीए की कार्रवाई देखने को मिलेगी। ऐसा देखा जाता है कि जेल से छूटने के बाद साइबर के अपराधी दोबारा गुनाह में शामिल हो जाते हैं। इसको लेकर पुलिस ने अब कड़ा रूख अख्तियार किया है। अब जेल से छूटने के बाद साइबर अपराधियों पर नजर रखी जाएगी और उन्हें संबंधित थाना में हाजिरी लगानी पड़ेगी और वैसे साइबर अपराधी को एसपी द्वारा चिन्हित करने का निर्देश दिया गया है जिनके विरूद्ध सीसीए लगायी जानी है।जामताड़ा साइबर अपराध के लिए देश में बदनाम हो चुका है। जिले को साइबर अपराध से मुक्त करने को लेकर जिला पुलिस साइबर अपराधियों के विरूद्ध सीसीए लगने की तैयारी कर रही है। इसे लेकर संबंधित थाना प्रभारी को जिले के एसपी ने आवश्यक निर्देश दिये हैं। साइबर अपराधियों को अब संबंधित थाना में हाजिरी लगानी पड़ेगी और अब वो जिला बदर होंगे।

## देव शिल्पी विश्वकर्मा भगवान की पूजा धूमधाम से मना



**दैनिक शुभ भास्कर, संवाददाता, मधुपुर/ देवघर।** शहर समेत ग्रामीण अंचल में देव शिल्पी विश्वकर्मा भगवान की पूजा धुमधाम से मनाया गया। इस दौरान विभिन्न समितियों द्वारा जगह-जगह भव्य पंडाल बना कर विश्वकर्मा की पूजा विधि विधान पूर्वक किया गया। रेलवे परिसर स्थित आईओ डब्ल्यू कार्यालय, पीडब्ल्यू आई कार्यालय, टीआरडी, इलेक्ट्रीक लोको शेड, डीजल लोको शेड, गाड़ी प्रदीपन कार्यालय, ओएचइ, कूली यूनियन व वाहन संचालक, विद्युत सब स्टेशन पटवाबाद, पीएचडी, बस स्टेंड, ला ओ पाला, मुभा उद्योग आदि संस्थानों द्वारा भव्य मूर्ति की स्थापना कर पूजा अर्चना किया गया। लोगों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। पूजा को लेकर विभिन्न पूजा पंडालों में काफी भीड़ व चहल पहल देखी गयी। विभिन्न स्थानों पर स्थापित आदिशिल्पी भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमाओं को लेकर गाजे-बाजे के साथ झूमते-नाचते श्रद्धालुओं ने भ्रमण किया। इस दौरान श्रद्धालु गाने की धुन पर थिरक रहे थे। इसके बाद उन्होंने झील तालाब,रेलवे पंपु तलाब में भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा का विसर्जन किया।

## अवैध शराब कारोबार पर जामताड़ा आरपीएफ की कार्यवाही



**दैनिक शुभ भास्कर, मनीष बरणवाल, जामताड़ा।** रविवार को गुप्त सूचना के आधार पर एएसआई जयंत रॉय के साथ आरक्षी पप्पू कुमार एवं आरक्षी शक्ति कुमार ट्रेन संख्या 18183 अप टाटा - दानापुर एक्सप्रेस के जामताड़ा स्टेशन पहुचने के बाद इसके सामान्य बोगी में छापेमारी कर तीन बैग में 96 पीस पाइथन ब्रांड के देशीशराब बरामद किया और इसे ट्रेन से उतारकर प्लेटफार्म नंबर एक पर ओवर ब्रिज के पास जब्त किया ।जिसका कुल कीमत 2688/- रुपये है। ट्रैन में इसके अवैध शराब ले जा रहे व्यक्ति की खोज की गई लेकिन कोई भी व्यक्ति इसका दावा नही किया। सभी कागजी कार्यवाही करने के बाद जब्त शराब को आगे के कार्यवाही के लिए उत्पाद विभाग, जामताड़ा को सौंप दिया गया।

# उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला स्तरीय सतर्कता सह निगरानी समिति की बैठक



**दैनिक शुभ भास्कर, मनीष बरणवाल, जामताड़ा।** सोमवार को उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी जामताड़ा शशि भूषण मेहरा की अध्यक्षता में अनुसूचित जाति एवं जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 अंतर्गत जिला स्तरीय सतर्कता सह निगरानी समिति की बैठक कार्यालय प्रकोष्ठ में आहूत किया गया। बैठक में परियोजना निदेशक आईटीडीए अनिलसन द्वारा समिति के समक्ष चार्जशीट समर्पित के उपरांत वादी/वादिनी को प्रथम किस्त का मुआवजा निर्धारण हेतु तत्संबंधी प्रस्तुत प्रतिवेदन के आधार पर समिति द्वारा अधिनियम में निहित प्रावधानों के अंतर्गत निर्धारित मुआवजे के प्रथम किस्त भुगतान हेतु विचार विमर्श किया गया। जिसमें एस.सी./एस.टी. जामताड़ा जिले के विभिन्न थाना कांड के 04 पीड़ित वादी/वादिनी को नियमानुसार प्रथम किस्त भुगतान की स्वीकृति, समिति द्वारा सर्वसम्मति से दिया गया, साथ ही समिति द्वारा अन्य मामलों पर विचार विमर्श कर उचित करवाई करने हेतु सहमति प्रदान की गई। मौके पर उप विकास आयुक्त अनिलसन लकड़ा, अनुमंडल पदाधिकारी संजय पांडेय, जिला परिवहन पदाधिकारी अजय कुमार तिर्की, जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रधान मांझी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी आनंद ज्योति मिंज, जिला कल्याण पदाधिकारी उत्तम कुमार भगत, विधायक प्रतिनिधि श्री परेश यादव, शंकर भंडारी सहित अन्य संबंधित उपस्थित थे।

### कम अनाज देने के विरोध में मधुपुर डीलर एसोसिएशन ने की बैठक



**दैनिक शुभ भास्कर, संवाददाता, मधुपुर/ देवघर।** कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय के समीप मैदान परिसर में गोदाम प्रबंधक एवं डोर स्टेप डिलीवरी संवेदक की मिलीभगत से मधुपुर के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के डीलरों को 2 किलो प्रति क्विंटल पर कम अनाज देने के विरोध में डीलर एसोसिएशन मधुपुर ने एक बैठक अध्यक्ष आफताब आलम की अध्यक्षता मे की गई। इस बैठक में डीलर ने बारी बारी से अपनी समस्याओं को देवघर जिला अध्यक्ष अभय कुमार झा को अवगत कराया। बताया कि अनाज पहुंचने के क्रम में पैसे की वसूली और मजदूर का पैसा डीलर को भुगतान करना पड़ता है। साथ ही डीलरों ने बताया कि माप तोल का कांटा खराब हो जाने पर उसका भी भुगतान स्वयं डिलर को करना पड़ता है। जिसकी राशि 15 सौ रुपए भुगतान करना पड़ता है। 1 के कमीशन में इतना अतिरिक्त खर्च डीलर के द्वारा भुगतान करना पड़ता है। यह संभव नहीं है।वहीं डिलरों ने बताया की एन एफ एस ए 2023 माह मार्च, जुलाई एवं अगस्त वहीं पी एम जी के एक वाई 2022 आठ माह का बाकी है। इतनी बकाया राशि होने के कारण डीलरों की आर्थिक स्थिति दयनीय हो गई है। और डिलर कर्ज में डूब गया है। मौके पर अध्यक्ष आफताब आलम, मोहम्मद इमरान, मधु झा, विजय पांडे, मोहम्मद साकिब, मोहम्मद निसार, गोपाल थर्ड, मोहम्मद रफीक, उमेश यादव, मोहम्मद अलाउद्दीन, उत्तम कुमार समेत ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के दर्जनों डीलर उपस्थित थे।

### शेखपुरा में एकदिवसीय क्रिकेट सर्कल टूर्नामेंट का हुआ आयोजन



**दैनिक शुभ भास्कर, संवाददाता, मधुपुर/ देवघर ।** शेखपुरा स्थित रामलीला मैदान में "शखपुरा क्रिकेट क्लब"के द्वारा एक शानदार क्रिकेट सर्किल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 16 टीमों ने हिस्सा लिया।टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला एडिलेड और तबाही इलेवन के बीच खेला गया। जिस में एडिलेड की टीम ने अपनी जीत दर्ज कराई।विजेता,उपविजेता और अन्य खिलाड़ियों को टूर्नामेंट के अतिथिगण पूर्व वार्ड पार्षद शबाना परवीन, भाजपा जिला मंत्री पवन यादव उर्फ पप्पू समाजसेवी मोहम्मद श्याम पिंटु घोष और समाज सेवी ने संयुक्त रूप से पुरस्कृत किया और सभी ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं। कमिटी के सदस्य बबलू साव,सौरव तिवारी,राहुल सिंह,प्रतीक राउत,सूरज पाठक,शुभ राउत,आयुष पांडे,पियूष पांडे, नीतीश साव,रिशु सिंह, हिमांशु यादव,मुरारी यादव, मानिक चंद्रवंशी आदि को शुभकामनाएं देते हुए उनका धन्यवाद किया।

### सुबह 8:00 बजे से वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ भगवान गणेश की होगी पूजा अर्चना



**दैनिक शुभ भास्कर, मनीष बरणवाल, जामताड़ा।** जामताड़ा गांधी मैदान में आयोजित होने वाले 10 दिवसीय गणेश महोत्सव की तैयारी पूरी कर ली गई है। सुबह 8:00 बजे से वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ भगवान गणेश की पूजा अर्चना की जाएगी। गणेश महोत्सव आयोजन समिति के अध्यक्ष मुक्ताराम दत्त ने बताया कि गणेश महोत्सव की सभी तैयारी पूरी कर ली गई है। इस दौरान भगवान गणेश को 51 किलो का तीन लड्डू चढ़ाया जाएगा। मुक्ताराम दत्त ने कहा कि श्रद्धालुओं द्वारा भी मनोकामना पूर्ण होने पर लड्डू चढ़ाया जाता है। यही कारण है कि अभी तक तीन श्रद्धालुओं द्वारा 51 51 किलो का लड्डू चढ़ाने की बात कही गई है। गणेश महोत्सव मेले में मनोरंजन के लिए झूला ब्रेक डांस सहित अन्य प्रसाधन की दुकानें सज गई है। पंडाल तथा गांधी मैदान के आसपास के क्षेत्र को रंग-बिरंगे लाइटों से सजा दिया गया है। मीना बाजार तथा अन्य दुकान भी सज गई है। पंडित आचार्य रामानंद पांडे ने बताया कि प्रत्येक दिन सुबह पूजा अर्चना की जाएगी। उसके बाद आरती तथा प्रसाद वितरण होगा। वही शाम को विशेष आरती का आयोजन किया जाएगा। 26 सितंबर को रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। प्रशासन द्वारा पूरे मेला प्रांगण में पुलिस बल की तैनाती की गई है। वही कमेटी द्वारा भी वालंटियर को नियुक्त किया गया है।

**प्रदर्शनी** | भाजपा जिला कार्यालय में विश्वकर्मा परियोजना राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम के निमित्त एक कार्यक्रम

# जन्मदिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जीवनी पर भाजपा जिला कार्यालय में लगाया गया प्रदर्शनी




**दैनिक शुभ भास्कर, मनीष बरणवाल, जामताड़ा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी के जन्मदिन के शुभ अवसर पर भाजपा जिला कार्यालय में विश्वकर्मा परियोजना राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम के निमित्त एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय मंत्री कृष्णा महतो उपस्थित थीं। मौके पर भाजपा वरिष्ठ नेता वीरेंद्र मंडल ने कहा कि देश के लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के ऐसे शिल्पकार जो स्वयं अपने से तरह-तरह की चीज का अविष्कार करते हैं ऐसे शिल्पकारों को प्रोत्साहित करने के लिए विश्वकर्मा परियोजना का आरंभ किया है। इस योजना का लाभ हाथ से काम करने वाले कारीगरों को मिलेगा। इसके लिए 13000 करोड़ का आवंटन केंद्र सरकार ने किया है। जिसका लाभ देशभर के कारीगरों के साथ ही झारखंड के कारीगरों को भी मिलेगा। इससे मिट्टी के बर्तन बनाने वाले कुंभकार समाज , नई समाज,बढ़ई वर्ग, लोहार वर्ग, सोनार वर्ग को अर्थात विश्वकर्मा वर्ग के सभी भारतीय कारीगरों को इसका लाभ मिलेगा।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सबका साथ सबका विकास सबका प्रयास का जो नारा है वह जमीन पर भी उतरते हुए दिखाई दे रहा है। उन्होंने प्रधानमंत्री के 73वें जन्मदिन पर उनके दीर्घायु होने का कामना करते हुए उपस्थित भाजपा के कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय लोगों को विश्वकर्म योजना के लिए शुभकामना दिया।इस परियोजना के तहत शिल्पकारों को आर्थिक रूप से सहयोग किया जाएगा ताकि आत्मनिर्भर भारत के सपनों को साकार किया जा सके। कार्यक्रम में 'मेरा माटी मेरा देश' कार्यक्रम के तहत भाजपा कार्यालय के आसपास के घरों से मिट्टी संग्रह अमृत कलश यात्रा किया गया एवं वृक्षारोपण एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जीवनी पर आधारित लगाए गए प्रदर्शनी का अवलोकन भाजपा के सभी नेताओं एवं कार्यकर्ताओं एवं कार्यक्रम में उपस्थित गण्यमान्य लोगों ने किया।कार्यक्रम की अध्यक्षता ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष रंजीत यादव ने किया। मौके पर जिला अध्यक्ष सोमनाथ सिंह,शर्मिला रजक, सुनील हांसदा, सुमित शरण, सभी मंडलों के अध्यक्ष, मंच मोर्चा के अध्यक्ष एवं पार्टी के काफी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# लोगों को स्वच्छता का पाठ पढ़ाएगी मधुपुर वारियर्स




**दैनिक शुभ भास्कर, संवाददाता, मधुपुर/देवघर।** स्वच्छ भारत मिशन शहरी अंतर्गत नगर विकास एवं आवास विभाग के निर्देशानुसार इंडियन स्वच्छता लीग के तहत स्वच्छता पखवाड़ा 15 सितंबर से 2 अक्टूबर 2023 तक मनाया जाना है। जिसमें स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक करना स्वच्छता के लिए सहभागिता बढ़ाना खासकर इसमें युवाओं को जोड़ना शामिल है। इसके तहत नगर परिषद मधुपुर के द्वारा बृहद स्वच्छता रैली एवं स्वच्छ जागरूकता अभियान चलाया गया। कार्यपालक पदाधिकारी शिखा कुमारी द्वारा हरी झंडी दिखाकर स्वच्छता रैली को रवाना किया गया। उन्होंने कहा कि स्वच्छता रैली का मुख्य उद्देश्य लोगों में स्वच्छता को लेकर जागरूकता फैलाना है और साफ सफाई को अपने जीवन में आत्मसात करना है। नगर प्रबंधक विश्वनाथ भगत द्वारा बताया गया कि स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम को जन जन तक पहुंचाने के लिए नगर परिषद द्वारा एक स्वछता टीम बनाई गई है। जिसका नाम है मधुपुर वॉरियर्स। ये टीम वार्डो में जाकर लोगों को स्वच्छता का पाठ पढ़ाएगी और स्वच्छता के प्रति जागरूक करेगी। इस स्वच्छता रैली में प्रधान सहायक ओम प्रकाश झा, मनोहर कुमार दास, जावेद मेराज रब्बानी, अजय कुमार,मिथुन रवानी, भूपेंद्र भगत, संजय कुमार, सदानंद कुमार, मनीष कुमार, औरंगजेब अंसारी, अशफाक अंसारी सभी सफाई मित्र एवं कर्मी स्वयं सहायता समूह की महिलाएं आदि उपस्थित थी।

## ख़ास ख़बर

### मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रम का आयोजन



**सिकंदरपुर, बलिया।** विकास खण्ड नवानगर अंतर्गत ग्राम सभा आराजीकरियापर के सोनपुरवा मरवटिया गांव मे निषाद पार्टी के प्रदेश सचिव आई.टी. मंटू निषाद के दिशा निर्देश मे "मेरा माटी मेरा देश"कार्यक्रम का आयोजन किया गया।जिसमे महिलाओं द्वारा मटका के साथ गांव के हर घर जाकर अलख जगाया गया। जहां गृह स्वामियों द्वारा घड़े मे मिट्टी व चावल डाल कर "मेरा माटी मेरा देश" कार्यक्रम को सफल बनाने मे सहयोग दिया। इस कार्यक्रम मे ग्राम प्रधान उषा देवी की मौजूदगी लोगों को उत्साहित किया।अपने अध्यक्षीय संबोधन में गांव के प्रधान प्रतिनिधि -विजय लाल निषाद ने 'अपने देश के वीर शहीदों को याद करते हुए कहा कि गांव की सार्वजनिक संपत्ति को देख रेख करना, हमारा दायित्व बनता है।इस अवसर पर ,प्रवीण निषाद,देवेंद्र निषाद,कोटेदार मोती चंद निषाद,अच्छे लाल निषाद,गिरजा शंकर निषाद के साथ ही दर्जनों महिला/पुरुष मौजूद थें।

### पति-पत्नी के झगड़े को वजीरगंज पुलिस ने कराया खत्म, पति-पत्नी एक साथ रहने को हुए राजी




**ब्यूरो आवेश अंसारी गोंण्डा।** गोंण्डा 18.09.2023 को आवेदिका मीना पत्नी अंकित मौर्या निवासी ग्राम कोठाथाना वजीरगंज गोंडा द्वारा थाना वजीरगंज पर आकर थानाध्यक्ष के समक्ष पेश होकर प्रार्थना पत्र दिया। जिसमे आवेदिका ने बताया कि पारिवारिक विवाद को लेकर पति अंकित मौर्य पुत्र हरिश्चंद्र मौर्या वा ससुर हरिश्चंद्र मौर्य निवासी ग्राम कोठा मुरावन पुरवा थाना वजीरगंज गोंडा आवेदिका को खर्चा नहीं देते हैं तथा बीमारी का इलाज भी नहीं करवाते हैं। आवेदिका को मारे पीटे भी हैं। थाना वजीरगंज के उ0नि0 बृजेश कुमार, हे0का0 आनन्द सिंह वा महिला हेल्प डेस्क पर मौजूद म0का0 पूनम सिंह के द्वारा दोनो पति पत्नी को थाना स्थानीय पर बुलाया गया तथा दोनो के आपसी मतभेदों को दूर कर पत्नी की समस्याओं का निस्तारण किया गया जिसमे पति ने भविष्य में पत्नी को ऐसी समस्याएं न होने का आश्वासन दिया दोनो पति पत्नी ने आपसी मतभेद खत्म करते हुए सुलह समझौता कर लिया। पुलिस के इस कार्य की आम जनमानस में काफी प्रंशसा की जा रही है।

### थाना तुलसीपुर से 01 वारण्टी गिरफ्तार



**बलरामपुर।** पुलिस अधीक्षक केशव कुमार द्वारा वांछित वारंटी की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी योगेश कुमार व क्षेत्राधिकारी तुलसीपुर राघवेन्द्र सिंह के पर्यवेक्षण में तथा प्र0नि0 थाना तुलसीपुर के टीम ने सोमवार को उ0नि0 रामकुमार वर्मा मय हमराह का0 कृष्ण कुमार पाण्डे द्वारा मा0 न्याया0 A.C.J. M महोदय द्वारा जारी NBW आदेश के क्रम में अ0स0 16/85 धारा 25 आर्म्स एक्ट थाना तुलसीपुर जनपद बलरामपुर से संबंधित वारन्टी नन्द कुमार पुत्र भून्ने कोरी नि0 देवीपाटन थाना तुलसीपुर जनपद बलरामपुर को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त उपरोक्त को मा0 न्यायालय रवाना किया गया।

### 19 सितंबर को नवनियुक्त जिला अध्यक्ष संजय यादव का आगमन



**सिकंदरपुर, बलिया।** सिकंदरपुर के पूर्व विधायक संजय यादव के जिला अध्यक्ष बनने के उपरांत पहली बार जनपद आगमन पर कई जगह कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत का कार्यक्रम आयोजित है। प्रथम नगर आगमन पर कार्यकर्ताओं द्वारा उनके भव्य स्वागत की व्यापक तैयारियां की गई है। जिलाध्यक्ष 19 सितम्बर मंगलवार को लखनऊ से होकर रसड़ा ,नगरा,बेल्थरा रोड ,मालदह,बंशीबजार, नवानगर,नवरतनपुर,नगरा मोड़,सिकंदरपुर चौराहा,बहेरी,खेजुरी,खड्सरा, सुखपुरा तदोपरांत बलिया कार्यालय पहुंचेंगे। जहा कार्यालय पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे। इस दौरान पार्टी के वरिष्ट नेता, जनप्रतिनिधि, पार्टी पदाधिकारी, व कार्यकर्तागण उपस्थित रहेंगे।

# जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों ने दिया धरना किया विरोध प्रदर्शन

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या , बीकापुर- अयोध्या।** विकासखंड क्षेत्र के पातूपुर ग्राम पंचायत में बहुतायत में मौजूद आवारा पशुओं द्वारा फसलों को किए जा रहे नुकसान से निजात दिलाने तथा ग्राम पंचायत में प्रस्तावित गौशाला निर्माण की मांग को लेकर ब्लॉक परिसर पर पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधियों द्वारा सोमवार को ग्रामीणों के साथ ब्लॉक परिसर में एक दिवसीय धरना दिया गया और विरोध प्रदर्शन किया गया। धरने का नेतृत्व क्षेत्र पंचायत सदस्य राहुल दुबे एवं प्रधान प्रतिनिधि मुकुल आनंद सहित ग्रामीण शामिल है। राहुल दुबे ने बताया कि कुछ दिन पहले उनके द्वारा खंड विकास अधिकारी रशेष गुप्ता तथा अन्य अधिकारियों को दो सूत्रीय मांग पत्र दिया जा चुका है। व समस्या के निस्तारण की मांग की जा चुकी है। लेकिन अभी तक कोई पहल नहीं हुई है। दावा किया कि ग्राम पंचायत द्वारा गौशाला की जमीन प्रस्तावित करने के बावजूद भी ब्लॉक के जिम्मेदारों की लापरवाही का नतीजा है कि बड़ी गांव सभा होने के बाद भी यहां गौशाला निर्माण का कार्य अधर में लटका हुआ है। धरने को संबोधित करते हुए पूर्व जिला पंचायत सदस्य संतोष दूबे ने कहा कि आवारा जानवरों के कारण जहां एक और किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है



वहीं दूसरी ओर आए दिन राहगीर हिंसक जानवरों की चपेट में आकर घायल हो रहे हैं। समस्या का समाधान न होने पर बड़ा आंदोलन छेड़ा जाएगा। धरने के माध्यम से खंड विकास अधिकारी के प्रतिनिधि एडीओ पंचायत अजय तिवारी तथा एडीओ आईएसबी बद्रीनाथ पांडेय को जिलाधिकारी को संबोधित 2 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा गया। और चेतावनी दी गई की यदि 15 दिवस में ग्रामीणों की समस्या का समाधान नहीं होगा तो ग्राम वासी पुनः एक बार आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।वहीं एडीओ पंचायत अजय तिवारी ने बताया कि शासन की प्राथमिकता में शामिल गौशाला निर्माण का कार्यक्रम पंचायत में कराया जाएगा जिसका प्रस्ताव हो चुका है।धरने में मुख्य रूप से पूर्व जिला पंचायत सदस्य संतोष दूबे, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि मुकुल आनंद, बीडीसी सदस्य बद्री प्रसाद शर्मा, सुशील दुबे, अशोक शुक्ला, सुधीर दुबे, रामबहादुर वर्मा, सियाराम कोरी, राम सहाय निषाद, अनिल यादव, नीरज शुक्ला, राजन शुक्ला, विजय नारायण सिंह अशर्फीलाल, रामगोपाल, शिव बहादुर, छेदीलाल रामगोपाल, पवन तिवारी राम लवट मिश्रा, अमृतलाल, राघवेंद्र दुबे और सहित दर्जनों की संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## पेड़ से लटका मिला बुजुर्ग का शव, पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेजा



**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ, मिल्कीपुर, अयोध्या।** मिल्कीपुर अंतर्गत पुलिस चौकी हैरिंग्टनगंज क्षेत्र के आदिलपुर पूरे लाला का पुरवा गांव निवासी रामदुलारे पुत्र महराजदीन रावत रविवार देर रात खेत की ओर गए थे। परिवार को सदस्यों ने काफी खोजबीन किया लेकिन कहीं पर कोई पता नहीं लगा। ग्रामीण आज खेत खलियान की ओर गए तो देखे की नीम के पेड़ से रस्सी के सहारे कोई बुजुर्ग लटका हुआ है। घटना की जानकारी मिलने के बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और देखा तो रामदुलारे ही पेड़ से लटके हुए थे। इतना देखने के बाद परिजनों में कोहराम मच गया।ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस चौकी प्रभारी हैरिंग्टनगंज रजनीश पाण्डेय, कांस्टेबल कुलदीप यादव, शिवम यादव ,मुकेश कुमार के साथ मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों के सहयोग से पेड़ से लटके बुजुर्ग के शव को पुलिस ने नीचे उतारने के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।चौकी प्रभारी ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद घटना के संबंध में कुछ कहा जा सकेगा।ग्रामीणों ने बताया कि मृतक रामदुलारे की एक बेटा व एक बेटी ही थी। बेटी का लगभग 10 वर्ष पूर्व सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी बेटी के बेटे विजय सेन को घर पर ही रखकर पढ़ाई लिखाई कराया और उसको अपने साथ रखा हुआ था न जाने किस बात को लेकर राम दुलारे ने यह कदम उठाया या उनके साथ और कुछ हुआ कुछ समझ में नहीं आ रहा है।

## ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान पर लगाया भ्रष्टाचार का आरोप, प्रदर्शन

**बलरामपुर हर्रैया सतघरवा ब्लाक संवादाता, अनुपम मिश्रा।** उत्तर प्रदेश में किसानों को समृद्ध साली बनाने के लिए योगी सरकार तरह तरह की योजनाएं ला रही है,किसानों के खेत में अच्छी फसल की उपज हो इसलिए गांव गांव में गौशाला बनाने का काम कर रही है,लेकिन गांव में बने गौशाला का जिम्मेदार द्वारा नही किया जाता है,जिससे किसान अत्यंत परेशान हैं,ऐसा ही एक मामला बलरामपुर जनपद के ग्राम पंचायत मोतीपुर कला का है जहां ग्रामीणों ने गांव में गौशाला का पोल खोलते हुए ग्राम प्रधान पर भरष्टाचार का आरोप लगाया है,ग्रामीणों का कहना है की गौ वंशो पीने के लिए गौशाला में जल/हैंडपंप की कोई व्यवस्था नहीं है,गौशाला मे पल रही गाय बीमारियो का सीकर हो रही है,लेकिन जिम्मेदार मौन रहते,कुछ ग्रामीणों यहां तक बताया की भूख प्यास के कारण बीते दिनो कुछ गौ वंशो ने दम तोड दिया था,गांव के पास मे बने गौशाला में लगभग 100 गौ वंश है , लेकिन गौशाला की हालत पूरी तरह से जरजर हैं,गौशाला मे एक गाय पीड़ित अवस्था में मिली जिसके शरीर से टैग



भी निकाला हुआ था ,गाय की खराब हालत देख पशु चिकित्सा अधिकारी शिवपुरा से फोन लाइन पर बात की गई तो उन्होंने जवाब में तत्काल प्रभाव से ड्रा की टीम भेज कर इलाज कराने की बात कही वही जब इस संबंध मे मुख्य विकास अधिकारी से बात कर जानकारी करने की कोशिश की गई तो मुख्य विकास अधिकार का फोन अनरीच्वल आया फिर ग्रामीणों द्वारा लगाए गए आरोप के सम्बंध में जब ग्राम प्रधान से बात की गई तो उन्होंने ग्रामीणों द्वारा लगाए गए आरोपों को निराधार बताया , अब देखना यह है की गौशाला की स्थिति में कोई सुधार आएगा या फिर जिले जिम्मेदार सरकार की मनसा पर पानी फेरते नजर आएंगे,... ग्रामीणों के मुताबिक ग्राम प्रधान मोतीपुर कला के द्वारा गांव में लगा खड़ंजा का ईट निकाल कर अपने निजी घरों में उपयोग कर लिया गया है।

## किसानों की समस्याओं को लेकर भाकियू ने सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा ज्ञापन

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या।** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक द्वारा तहसील सदर तिकोनिया पार्क में किसान समस्याओं को लेकर मासिक पंचायत कर संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को 6 बिंदुओं को लेकर ज्ञापन सौपा जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अरविंद यादव ने की पंचायत में प्रदेश उपाध्यक्ष देवनारायण सिंह आगामी 25 तारीख लखनऊ होने वाली महापंचायत मैं ज्यादा से ज्यादा चलने की किसानों से अपील की वरिष्ठ प्रदेश सचिव फरीद अहमद ने कहा कि सरकार हमारे किसानों की जमीन आने दम में ले रही है जो की 2017 से सरकार ने जिले का सर्किल रेट नहीं



बढ़ाया सर्किल रेट को बढ़ाकर ही किसानों की जमीन ली जाए और जिले में छुटटा जानवर खुले आम घूम कर फसलों को चौपट कर रहे हैं और रोड पर छुट्टा जानवरों से आए दिन एक्सीडेंट होकर तमाम लोग चोटिल हो रहे हैं और तमाम मवेशी भी दुर्घटना में मर जा रहे हैं जिलाध्यक्ष अरविंद यादव ने कहा मांझा बरेटा शाहनवाजपुर उपरहार कूड़ा केशवपुर की धारा 1965 का प्रकाशन 7 सितंबर को किया गया था जो अन्याय पूर्ण है सोहावल मकसूमगंज कटरौली मगलसी की जमीनों का मार्केट रेट से 4 गुना रेट दिया जाए मांझा बरेटा में किसनो की खरीदी गई जमीन में अभी तक कोई विकास कर नहीं शुरू किया गया ज्ञात हो कि पूर्व में उपरोक्त गांव में किसानों की अधिकांश जमीनी आवास विकास खरीद चुका है शेष बची जमीन उनकी जीविका का साधन है पंचायत में प्रमुख रूप से महिला जिला अध्यक्ष सविता मौर्या माहा नगर अध्यक्ष अजय यादव राजेंद्र किसान राजू बाबा मोहम्मद इस्लाम रामजीतपाण्डेय राजमणि यादव सुनील यादव रामप्यारी धुरिया अमरनाथ अवधेश कुमार वर्मा मंगरु राम रोशनी नीलम कौशल्या जसमती जनक दुलारी आदि सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### पुस्तकालय एवं अकादमी का हुआ उद्घाटन



**सिकंदरपुर,बलिया।** सरदार वल्लभ भाई पटेल ट्रस्ट एवं उसके संस्थाओं प्रोफेसर फरीद काजमी मेमोरियल लाइब्रेरी और सरदार वल्लभभाई पटेल अकादमी का उद्घाटन इलाहाबाद विश्वविद्यालय, प्रयागराज के राजनीतिक विज्ञान विभाग के प्रोफेसर प्रो. मोहम्मद शाहिद ने रविवार को सिकंदरपुर श्री बालाजी ट्रैक्टर्स भवन में किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि ज्ञान का प्रसार समाज में शांति, भाईचारा एवं समृद्धि लाने के लिए बहुत आवश्यक है। उन्होंने प्रो. फरीद काजमी के अकादमिक योगदान को भी याद किया। ट्रस्ट के सामुदायिक सेवा के कार्यक्रमों के सफल होने की उन्होंने कामना की। विशिष्ट अतिथियों प्रो. शमीम राईन एवं प्रो. नरेन्द्र प्रताप गुप्ता ने कहा कि शिक्षा एवं पर्यावरण संरक्षण जैसे क्षेत्रों में जागरूकता और विकास मानवीय मूल्यों की रक्षा एवं सतत विकास के लिए बहुत आवश्यक है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रो. सुभाष राम ने देश की समृद्धि एवं सामाजिक न्याय की स्थापना में पुस्तकालयों के महत्त्व को रेखांकित करते हुए महान शिक्षक प्रो. फरीद काजमी के नाम पर पुस्तकालय खोलने के लिए ट्रस्ट को बधाई दी।इसके पूर्व कार्यक्रम के आरम्भ में प्रो. फरीद काजमी को उनके जन्मदिन श्रद्धांजलि दी गई। प्रबंध ट्रस्टी उर्मिला सिंह ने ट्रस्ट के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। अन्त में कार्यक्रम समन्वयक डॉ कृष्ण कुमार सिंह ने सभी का आभार जताया। इस अवसर पर ट्रस्ट सचिव हर्षित बरनवाल, डॉ. राजेश कुमार, अरविन्द राय, रियाज अंसारी, अम्बरीश सिंह, पुनिल कुमार, डॉ शम्भू यादव, शैलेश शर्मा, अंजय, मनीष, सुधीर, आनन्द शर्मा, अजय, आनन्द गुप्ता सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### जनपद बलरामपुर में दर्दनाक सड़क हादसा

**संवाददाता संतोष कुमार, बलरामपुर।** जनपद में N H 730 हाईवे पर ग्राम बिजलीपुर हाईवे पर पलक झपकते ही हादसा हो गया वहां पर प्रत्यक्ष दर्शियों द्वारा बताया गया यह लोग जा रहे थे पीछे से ट्रैक्टर ट्राली ने टक्कर मार दी और हादसा हो गया ट्रैक्टर ट्राली ग्राम sekhuiya की बताई जा रही है बाइक पर दो लोग सवार थे एक की मौके पर ही मृत्यु हो गई एक गंभीर रूप से घायल हो गई वह महिला थी स्थानीय लोग ने यह भी बताया कि ग्राम sekhuiya के अंगद का लड़का ट्रैक्टर ट्राली चला रहा था मौके पर ट्राली को खड़ा कर वहां से भाग गया। थाना कोतवाली नगर के पुलिस को सूचना मिला। मौके पर आकर घटना स्थल की जांच किया और पोस्टमार्टम को बॉडी भेज दिया गया मृतक ग्राम पंचायत लोहेपनिया का निवासी है।

### चकबन्दी न्यायालयों में विचाराधीन वादों के निस्तारण हेतु 21 सितंबर को ग्राम अदालत का किया गया आयोजन

**बलरामपुर।** उप जिलाधिकारी न्यायिक / बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी बलरामपुर श्री ओम प्रकाश द्वारा बताया गया कि चकबन्दी न्यायालयों में विचाराधीन वादों के निस्तारण हेतु ग्राम अदालत के आयोजन के निर्देश चकबंदी आयुक्त, उत्तर प्रदेश द्वारा दिये गये है। इस क्रम में ग्राम मस्जिदिया परगना व तहसील उतरौला में दिनांक 21.09.2023 को प्रातः 10.00 बजे पंचायत भवन मस्जिदिया पर वादों के निस्तारण हेतु ग्राम अदालत का आयोजन किया गया है जिसमें उप संचालक चकबन्दी / बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी / चकबन्दी अधिकारी / सहायक चकबन्दी अधिकारी न्यायालयों के वादों की सुनवाई करेंगे।

### दुष्कर्म करने वाले अभियुक्त को सजा सुनाई गई

**जिला संवादाता के बी गुप्ता, बलरामपुर।** पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश द्वारा एक माह में सजा कराए जाने हेतु चलाए जा रहे ऑपरेशन कनविक्शन के तहत चिन्हित मुकदमों में पुलिस अधीक्षक बलरामपुर केशव कुमार के निर्देशन में निरन्तर प्रभावी पैरवी कर दोषी अभियुक्तों को सजा कराये जाने के अभियान के क्रम में सोमवार को वादिनी की तहरीरी सूचना कि विपक्षी द्वारा वादिनी की लड़की को शौच के समय गन्ने के खेत में ले जाकर दुष्कर्म की घटना कारित करना व जान से मार देने की धमकी के सम्बन्ध में आरोपी धर्मराज पुत्र मोहन लाल यादव नि0 बेला कौवा किठुरा थाना को0 देहात जनपद बलरामपुर के विरुद्ध मु0अ0सं0 271/21 धारा 376, 504, 506 भा0द0वि0 का अभियोग पंजीकृत किया गया । अभियोग की विवेचना उ0नि0 ओम नरायन मिश्रा द्वारा की गयी व आरोप पत्र मा0 न्यायालय प्रेषित किया गया। मा0 न्यायालय में दौराने विचारण अभियोग की पैरवी मॉनीटरिंग सेल के नोडल प्रभारी अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती नम्रिता श्रीवास्तव के नेतृत्व में मॉनीटरिंग सेल प्रभारी के0के0 यादव व पवन कुमार शुक्ला अपर जिला शासकीय अधिवक्ता एवं थाना को0 देहात पुलिस के न्या0 पैरोकार द्वारा प्रभावी पैरवी के परिणाम स्वरूप मा0 न्यायालय विशेष न्यायाधीश पोक्सो एक्ट द्वारा धारा 376, 504, 506 भा0द0वि0 में अभियुक्त धर्मराज को 10 वर्ष का कठोर कारावास व 55000 रु0 अर्थदण्ड की सजा सुनाई गयी।

शिविर | रक्तदान एक पुनीत कार्य है:महापौर गिरीश पति त्रिपाठी

## जिला चिकित्सालय में रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या।** प्रधानमंत्री जन्म दिवस पर भाजपा द्वारा मनाए जा रहे सेवा पखवाड़ा के अन्तर्गत युवा मोर्चा द्वारा जिला चिकित्सालय में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 182 कार्यकार्ताओं ने रक्तदान किया। महानगर के 100 तथा जिले के 82 कार्यकताओं ने रक्तदान किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में महापौर गिरीश पति त्रिपाठी ने कहा कि रक्तदान एक पुनीत कार्य है। रक्तदान कर रक्त की कमी या रक्त विकार से ग्रसित लोगों की जान बचाई जा सकती है। एक यूनिट रक्त के अलग-अलग तत्वों से कई लोगों की जान बचाई जा सकती है। महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने कहा कि रक्तदान एक महादान है। निश्चित अंतराल के बाद प्रत्येक स्वस्थ्य व्यक्ति को पीड़ित मानवता की मदद के लिए रक्तदान करना ही चाहिए। रक्तदान कर आप किसी को जीवनदान दे सकते है। जिलाध्यक्ष संजीव सिंह ने



कहा कि सेवा पखवाड़ा में रक्तदान कार्यक्रम में जनकल्याण का भाव समाहित है। कब कैसे आपदा आए और रक्त की आवश्यकता पड़े इस कारण सभी स्वस्थ्य व्यक्तियों को नियमित अंतराल पर रक्तदान करना चाहिए। प्रदेश महामंत्री युवा मोर्चा हर्षवर्धन सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री का जीवन जनकल्याण के लिए सर्मपित है। रक्तदान के माध्यम से हम जनकल्याण में अपनी सहभागिता कर सकते है। इसलिए सभी को रक्तदान करना चाहिए। इस अवसर पर सहकारी बैंक सभापति धर्मेन्द्र प्रताप सिंह टिल्लू, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि आलोक सिंह रोहित, अवधेश पाण्डेय बादल, निमिश त्रिपाठी, विवेक सिंह मोनू, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष रवि शर्मा, महानगर महामंत्री सार्थक प्रताप तिवारी, यश पाठक, सुनील मिश्र, आकाश सोमवंशी सहित सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान पर लगाया भ्रष्टाचार का आरोप, किया विरोध प्रदर्शन

**बलरामपुर हर्रैया सतघरवा ब्लाक संवादाता, अनुपम मिश्रा।** उत्तर प्रदेश में किसानों को समृद्ध साली बनाने के लिए योगी सरकार तरह तरह की योजनाएं ला रही है,किसानों के खेत में अच्छी फसल की उपज हो इसलिए गांव गांव में गौशाला बनाने का काम कर रही है,लेकिन गांव में बने गौशाला का जिम्मेदार द्वारा नही किया जाता है,जिससे किसान अत्यंत परेशान हैं,ऐसा ही एक मामला बलरामपुर जनपद के ग्राम पंचायत मोतीपुर कला का है जहां ग्रामीणों ने गांव में गौशाला का पोल खोलते हुए ग्राम प्रधान पर भरष्टाचार का आरोप लगाया है,ग्रामीणों का कहना है की गौ वंशो पीने के लिए गौशाला में जल/हैंडपंप की कोई व्यवस्था नहीं है,गौशाला मे पल रही गाय बीमारियो का सीकर हो रही है,लेकिन जिम्मेदार मौन रहते,कुछ ग्रामीणों यहां तक बताया की भूख प्यास के कारण बीते दिनो कुछ गौ वंशो ने दम तोड दिया था,गांव के पास मे बने गौशाला में लगभग 100 गौ वंश है , लेकिन गौशाला की हालत पूरी तरह से जरजर हैं।

## सेवानिवृत शिक्षक के घर चोरी,पुलिस दो संदिग्ध युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ में जुटी

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या, मिल्कीपुर- अयोध्या।** नगर पंचायत कुमारगंज क्षेत्र स्थित पिठला गांव में घर के पीछे की दीवाल के सहारे घुसे चोरों ने जेवरात एवं नकदी पार कर दिए हैं। हालांकि घर वालों के जग जाने के बाद चोरी कर रहे शातिर चोर फायरिंग करते हुए भागने में कामयाब रहे। घटना की सूचना के बाद कुमारगंज पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए दो शातिर युवकों को हिरासत में ले लिया है। प्रभारी निरीक्षक संजीव कुमार सिंह के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम पकड़े गए साथी चोरों से पूछताछ में जुटी है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक पिठला गांव निवासी सेवानिवृत शिक्षक ओम प्रकाश सिंह ने पुलिस को दी गई तहरीर में उल्लेख किया है कि बीते 17/18 की रात वह घर के बाहर बरामदे में लेते हुए थे। इसी बीच उन्हें घर के अंदर खटपट की आवाज सुनाई पड़ी। इसके बाद वह घर का दरवाजा खोलकर अंदर तक गए किंतु आवाज पुनः सुनाई न पड़ने पर वह अपने बिस्तर पर लौट आए। इतने में दोबारा खट पट की आवाज सुनते ही



उन्होंने पड़ोस में सो रहे हिमांशु सिंह, रामनयन सिंह और अजय सिंह तथा संजय सिंह को जगाया और सब बात बताई। इसके बाद उन्हीं के घर की छत पर चढ़कर जीने के सहारे आंगन में पहुंचे और विद्युत बल्ब जलाया। बिजली के प्रकाश में लोगों ने देखा कि उनके भाई जो की भारतीय सेवा से कप्तान पद से सेवानिवृत हैं और वर्तमान में हरियाणा प्रांत के पानीपत में निवासरत हैं, के कमरे में तीन बदमाश मौजूद है। इतने में बदमाशों ने तमंचे से फायर किया और सीढ़ियों के सहारे छत पर गए और दीवार फांदकर भाग निकले। उन्होंने बताया कि चोरों ने कीमती कपड़े गट्टर में बाध रखे थे। जिसे छोड़कर भाग गए हैं। किंतु चोरों ने अलमारी का लॉकर तोड़कर लॉकर में रखें 36 हजार 5 सौ रुपए तथा सोनी एवं चांदी के जेवरात भी पार कर दिए हैं। बल्ब की रोशनी में उन्होंने गांव के ही दो युवकों अभिनंदन पुत्र पति राज सिंह व प्रकाश महरा पुत्र जंगली उर्फ वीरेंद्र महरा को पहचान लिया है। मामले में पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए दोनों युवकों को हिरासत में ले लिया और पीड़ित से पहचान भी कराई। पुलिस दोनों युवकों से कड़ी पूँछ तांछ में जुटी है, जबकि एक अन्य अज्ञात साथी अभी भी फरार बताया जा रहा है। जिसकी तलाश में पुलिस उनके संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है। प्रभारी निरीक्षक संजीव कुमार सिंह ने बताया कि जल्दी ही इस चोरी की घटना का पर्दाफाश कर दिया जाएगा।

## ख़ास ख़बर

### राजद व जद यू मुस्लिम नेतृत्व के घोर विरोधी हैं, मुस्लिम लोगों को अपने वोट का महत्व समझना होगा : अख्तरूल ईमान



**किशनगंज, (अली रेजा सिद्दीकी)**। मजलिस इत्तेहाद मुस्लिमीन के प्रदेश अध्यक्ष और बिहार विधान सभा के सदस्य अख्तरूल ईमान ने कहा कि चूंकि हम मुस्लिम नेतृत्व के अग्रणी हैं, इसलिए राजद और जदयू एमआईएम को बर्दाश्त करने के लिए तैयार नहीं हैं। इसके लिए हमें तरह-तरह से दोषी ठहराने की कोशिश की जाती है। हमें बीजेपी की बी टीम कहा जाता है और हमें महागंठबंधन में शामिल नहीं किया जा रहा है।उन्होंने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि जो लोग हमें बीजेपी का एजेंट कहते हैं, असल में वे खुद खुलेआम बीजेपी के सहयोगी और ऐजेन्ट रहे हैं और अभी भी बीजेपी को वह मजबूत करने के लिए काम कर रहे हैं। गोधरा रेल हादसे की जांच न कराकर उन्होंने गुजरात में सबसे भीषण दंगे की नींव रखी। एनआरसी और तीन तलाक के मुद्दे पर वह बीजेपी के साथ खड़े थे. राष्ट्रपति चुनाव में गठबंधन के साथ होने के बावजूद उन्होंने बीजेपी उम्मीदवार को वोट दिया. उन्होंने बिहार में 15 वर्षों तक भाजपा के साथ शासन कर उसे मजबूती से मजबूत किया और उसकी शाखाओं को पंचायत तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। बिहार में आरएसएस के शिविरों का आयोजन किया और उसकी शाखाएँ विकसित करने में मदद की। बीजेपी के एजेंडे के मुताबिक बिहार की दूसरी राजभाषा को बदतर स्थिति में पहुंचा दिया गया है. अगर ऐसा व्यक्ति बिना किसी सबूत के दूसरों को बीजेपी का एजेंट कहता है, तो यह बहुत हास्यास्पद लगता है, यह ऐसा ही है जैसे कोई काला किसी गोरे को काला कहे। श्री अख्तरूल ईमान ने इस बात पर जोर दिया कि हम सैद्धांतिक रूप से भाजपा के सबसे मजबूत प्रतिद्वंद्वी हैं और हमेशा रहेंगे, हम किसी भी कीमत पर इसके समर्थक नहीं बन सकते। उन्होंने कहा कि आज मुस्लिम नेतृत्व की कमी के कारण बिहार के मुसलमान बेबस और लाचार हैं. कई वर्षों से एक भी समस्या का समाधान नहीं हुआ। मुस्लिम बहुल क्षेत्र सिमांचल को शैक्षणिक, आर्थिक, राजनीतिक और सामाजिक हर मामले में पिछड़ा रखा गया है। बिहार उर्दू अकादमी और उर्दू सलाहकार समिति का गठन करीब पांच साल से नहीं हुआ है. स्पेशल टीटी उर्दू के बारह हजार अभ्यर्थी आठ साल से दर-बदर की ठोकरें खा रहे हैं। बिहार के स्कूलों में उर्दू की सत्तर हजार जगहें खाली हैं व्यावहारिक तौर पर मैट्रिक से उर्दू को खत्म कर दिया गया है. कई वर्षों से स्कूलों में उर्दू भाषा के प्रश्न पत्र उर्दू में उपलब्ध नहीं कराये जा रहे हैं। बिहार की दूसरी आधिकारिक भाषा उर्दू है, लेकिन यहां स्कूलों और कार्यालयों से उर्दू गायब हो गयी है. श्री अख्तरूल ईमान ने आगे कहा कि मुस्लिम संस्थाएं और भाषाई संगठन कई वर्षों से मुसलमानों और उर्दू की समस्याओं को हल करने की मांग कर रहे हैं, लेकिन सरकार ध्यान नहीं दे रही है।

### साहित्यिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों से अपनी पहचान बना चुकी यह धरतीः विधान पार्षद डॉ अजय कुमार सिंह



**दैनिक शुभ भास्कर, सुभाष चंद्र झा, सहरसा**। भारतीय जनवादी रंगमंच सांस्कृतिक रंगमंच इप्टा के द्वारा रविवार को जिला परिषद परिसर में इप्टा रंग उत्सव का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन विधान पार्षद डॉक्टर अजय कुमार सिंह,डॉक्टर दीपक गुप्ता,ओमप्रकाश नारायण, हरिशंकर गुप्ता, राजन कुमार एवं एस एस हिमांशु के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वल प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम का संचालन किसलय कृष्ण एवं धन्यवाद ज्ञापन राजन कुमार के द्वारा किया गया। इस अवसर पर विधान पार्षद डॉ अजय कुमार सिंह को डॉक्टर दीपक गुप्ता ने अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। वहीं राजन कुमार ने डॉक्टर ओमप्रकाश नारायण को,संजय सारथी ने हरिशंकर गुप्ता को, हिमांशु ने डा दीपक गुप्ता को, राजन कुमार को कुमार विक्रमादित्य ने तथा अभय मनोज ने किसलय कृष्ण को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया।उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए नाट्य निर्देशक हरिशंकर गुप्ता ने कहा कि साहित्य और संस्कृति को लेकर बेगूसराय की अपनी अलग पहचान है। वही सहरसा भी बिहार की गिने चुने जिलों में से एक है जहां नियमित साहित्यिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन कर अपनी सांस्कृतिक पहचान को कायम रखे हुए हैं।वही ओमप्रकाश नारायण ने कहा कि इप्टा का गठन स्वाधीनता संग्राम के कोख से हुआ है। 1943 में इप्टा का गठन हुआ।संस्थापक हीरेन मुखर्जी तथा डॉक्टर होमी जहांगीर भाभा के द्वारा का गठन किया गया। उन्होंने कहा कि आजादी की लड़ाई में गीत संगीत एवं नाटकों के माध्यम से निरंतर आजादी की लड़ाई लड़ी गई। डॉक्टर दीपक गुप्ता ने कहा कि हम जिसके लिए नाटक करते हैं वह दर्शक तक नहीं पहुंच पाता है या हम लोगों से जुड़ना नहीं चाहते हैं।यह चिंतनीय विषय है। उन्होंने कहा की संस्कृति धर्म को निर्देशित करती है। तकनीकी विकास के कारण आज लोग भीड़ में भी अकेले हैं।जबकि संस्कृति रंगमंच से जुड़कर समाज को नई दिशा देना है। इस अवसर पर उद्घाटनकर्ता डॉक्टर अजय कुमार सिंह ने कहा कि सहरसा की धरती साहित्यिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों से विश्व रंगमंच पर अपनी पहचान बन चुकी है। उन्होंने कहा कि आज सांस्कृतिक राजधानी के रूप में बेगूसराय को याद किया जाता है। यहां के प्रसिद्ध साहित्यकार रामधारी सिंह दिनकर ने भी सहरसा में रहकर साहित्यिक योगदान पर सदैव जिसकी चर्चा करते रहे।

# इच्छाशक्ति की बदौलत स्वास्थ्य कार्यक्रमों में गुणात्मक सुधार करने की जरूरत



**किशनगंज, (अली रेजा सिद्दिकी)**। जिलावासियों को स्वास्थ्य सेवाओं का समुचित लाभ दिलाने के लिये विभागीय स्तर से आवश्यक प्रयास जारी हैं। ताकि उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं में सकारात्मक बदलाव संभव हो सके। रोगियों को ससमय चिकित्सकीय सुविधा उपलब्ध कराने के लिये जिलाधिकारी के निदेशानुसार स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी व कर्मियों के लिये निर्धारित ड्यूटी रोस्टर के अनुपालन के साथ सुनियोजित व सुव्यवस्थित तरीके से उपलब्ध सेवाओं का लाभ आम जन तक पहुंचाने की पहल की जा रही है। वहीं महत्वपूर्ण स्वास्थ्य मानकों में सुधार को लेकर लगातार प्रयास किया जा रहा है।इन्हीं बातों को लेकर स्वास्थ्य संबंधी मामलों की मासिक समीक्षात्मक बैठक समाहरणालय सभागार में आयोजित की गयी। जिलाधिकारी-सह- अध्यक्ष, जिला स्वास्थ्य समिति, श्रीकान्त शास्त्री की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में स्वास्थ्य संबंधी विभिन्न योजनाओं की गहन समीक्षा की गयी। स्वास्थ्य संबंधी मामलों की अद्यतन स्थिति की समीक्षा में मिशन इन्द्रधनुष,परिवार नियोजन , मैटरनल हेल्थ, चाइल्ड हेल्थ, इंफ्रास्ट्रक्चर, इम्युनाइजेशन, टीबी ट्रीटमेन्ट व एफआरयू से जुड़ी सेवाओं में निर्धारित मानकों में जिले का प्रदर्शन बेहतर रहा है। बैठक में सिविल सर्जन डॉ कौशल किशोर,जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी,जिला गैर संचारी रोग पदाधिकारी ,संचारी रोग पदाधिकारी , भीवीडीसीओ , सदर अस्पताल उपाधीक्षक , डीपीएम, सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, प्रखंड स्वास्थ्य प्रबन्धक सहित अन्य मौजूद थे। इच्छाशक्ति की बदौलत स्वास्थ्य कार्यक्रमों में गुणात्मक सुधार करने की आवश्यकता --जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने स्वास्थ्य कार्यक्रमों से संबंधित मासिक समीक्षात्मक बैठक के दौरान कहा कि इच्छाशक्ति की बदौलत जिले में सरकार प्रायोजित विभिन्न प्रकार की स्वास्थ्य कार्यक्रमों में काफी हद तक सुधार किया जा सकता है।क्योंकि जब तक रेफर करने की प्रवृति को बंद नहीं किया जाएगा तब तक अपने कार्यों का निष्ठापूर्वक निर्वहन नहीं किया जा सकता है। इसके लिए विभिन्न अस्पतालों में कार्यरत सभी विभागों के अधिकारियों की ससमय उपस्थिति, सकारात्मक प्रबंधन, स्वास्थ्य संस्थानों में इलाज़ कराने वाले मरीज़ या अभिभावकों के साथ कुशल व्यवहार के साथ ही त्वरित कार्रवाई कर रोगियों के साथ सहयोगात्मक रवैया अपनाते हुए उसका उपचार करना अतिमहत्वपूर्ण है। वहीं सभी एमओआईसी को निर्देश दिया गया कि प्रत्येक महीने बेहतर कार्य कर संबंधित अधिकारियों को सूचित करें। ताकि शीर्ष स्थान प्राप्त करने वाले चिकित्सा पदाधिकारियों को प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया जा सके। इसके लिए सिविल सर्जन को आवश्यक रूप से दिशा- निर्देश दिया गया है।

**ग्रामीण क्षेत्रों में एचडब्लूसी एवं एचएससी को सुदृढ करने का निर्देशः** जिलाधिकारी के द्वारा बैठक में कहा गया कि ग्रामीण क्षेत्रों में आम लोगों तक जरूरी स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच आसान करने के उद्देश्य से सभी हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर तथा हेल्थ सब सेंटर में लगातार सेवा देने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के साथ एचडब्ल्यूसी एवं एचएससी में स्वास्थ्य संबंधी जरूरी परामर्श के साथ महत्वपूर्ण सामाजिक मुद्दों पर लोगों के व्यवहार परिवर्तन के लिए जागरूक करने का मंच भी है। इसके साथ-साथ प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा, जैसे टीकाकरण, प्रसव पूर्व देखभाल, पोषण वृद्धि निगरानी तथा प्रारंभिक शिशु विकास संबंधी सेवाएं प्रदान करने का बेहतर जरिया है।साथ ही, मंगलवार को सभी चिकित्सा संस्थानों में आयोजित एएनएम की सप्ताहिक समीक्षात्मक बैठक में जरूरी दिशा निर्देश भी दिये गये। जिले के सभी स्वास्थ्य संस्थानों में ओपीडी संचालन ससमय करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि अस्पताल के प्रसव कक्ष, अस्पताल परिसर,ओटी, परिसर की पूरी साफ सफाई की जाय। मरीजों को ससमय भोजन,दवा उपलब्ध करने का निर्देश दिया। प्रखंड के स्वास्थ्य केन्द्रों पर उपलब्ध दवाओं के अलावा बाकी अन्य दवाओं को अविलम्ब क्रय करने का आदेश दिया गया है।

**सुव्यवस्थित तरीके से लोगों तक पहुंचायें सेवाओं का लाभः** -सिविल सर्जन डॉ कौशल किशोर ने कहा कि जिलाधिकारी महोदय के दिशा निर्देश के आलोक में उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं को सुनियोजित व सुव्यवस्थित किया जाना जरूरी है। ताकि उपलब्ध सेवाओं का समुचित लाभ आम लोगों तक पहुंच सके। इसके लिये उन्होंने निर्धारित ड्यूटी रोस्टर के अनुपालन को जरूरी बताया। अधिकारी व कर्मियों के बीच सामान्य रूप से कार्य व दायित्वों के निवर्हन की जिम्मेदारी होनी चाहिये। संबंधित विभाग से जुड़े सभी दस्तावेज अद्यतन होनी चाहिये। इसकी उपलब्धता भी बरकरार रहनी चाहिये। ताकि अधिकारियों द्वारा निरीक्षण के क्रम में इसका समुचित ढंग से अवलोकन संभव हो सके। उन्होंने मिशन परिवार विकास अभियान की सफलता को लेकर स्वास्थ्य अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिये।

**अगस्त माह में जिले में हुए कुल 2483 संस्थागत प्रसवः** गर्भवती महिलाओं की नियमित एएनसी जांच संबंधी मामले की समीक्षा के क्रम में अगस्त माह में बढ़िया प्रदर्शन की सराहना की गई । बीते अगस्त माह में एएनसी जांच मामले में जिले की उपलब्धि 100 फीसदी थी। प्रथम तिमाही में गर्भवती महिलाओं को चिह्नित करते हुए पूरे प्रसव काल के दौरान चार एएनसी जांच सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। बताया कि जिले में 14 स्थानों पर प्रसव संबंधी सुविधाएं संचालित हैं। माह अगस्त में जिले में कुल 2483 संस्थागत प्रसव हुए। वहीं 20 सी सेक्सन प्रसव भी करवाया गया है। माह अगस्त में गर्भवती माताओं एवं नवजात शिशुओं के लिए चलाये जा रहे कार्यक्रम में प्रसव पूर्व 4 जांच 82 % किया गया।

## सांसद जयंत सिन्हा ने पीएम के जन्मदिन पर बच्चों को उपलब्ध करवाया राशन



**हज़ारीबाग**। संसदीय क्षेत्र में 17 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का जन्मदिन बहुत हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस सुअवसर पर सांसद हज़ारीबाग सह अध्यक्ष वित्त सम्बन्धी संसदीय स्थायी समिति जयंत सिन्हा ने कोरोना काल में माता-पिता को खो चुके बच्चों को राशन उपलब्ध करवाया। वे मोदी जी से प्रेरणा लेकर यह जनसेवा का कार्य कर रहे हैं। जयंत सिन्हा के हज़ारीबाग के डेमोटांड़ स्थित आवास में बच्चों को राशन उपलब्ध करवाया गया। उन्हें हर माह यह राशन मुहैया करवाया जा रहा है। इससे बच्चों व उनके परिवार की काफी सहायता हो रही है। इस कार्य के लिए बच्चे व उनके परिजन प्रधानमंत्री जी व अपने सांसद को धन्यवाद दे रहे हैं। जयंत सिन्हा ने कोरोना महामारी के दौरान विभिन्न माध्यमों से क्षेत्रवासियों की सुविधा व सुरक्षा हेतु साधन उपलब्ध करवाए हैं। उन्हीं के प्रयास व सहयोग से कोरोना काल में अपने माता-पिता या इनमें से किन्हीं एक को खो चुके बच्चों को सहायता मुहैया करवाई जा रही है। फीडिंग इंडिया व जोमाटो इसमें सीएसआर मद से सहयोग दे रहे हैं। इसमें बच्चों को एजुकेशन किट दी गई है, जिसमें ऑनलाइन शिक्षा प्राप्त करने हेतु लगभग 20 हज़ार की टैबलेट है। साथ ही बच्चों को अनएकैडमी का एक साल के निशुल्क सब्सक्रिप्शन के साथ स्टेशनरी भी दी गई है। साथ-साथ इन बच्चों को पूरे एक वर्ष तक राशन उपलब्ध करवाया जायेगा। उन्हें बेहतर पोषण मिले इसके लिए मोटा अनाज समेत बाजरे व रागी के लड्डू दिए जा रहे हैं। जयंत सिन्हा ने मोदी जी को जन्मदिन की बधाई देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री जी की जनकल्याणकारी नीतियों, योजनाओं व कुशल नेतृत्व ने 140 करोड़ भारतवासियों का विश्व में मान बढ़ाया है। उनकी अध्यक्षता में जी-20 में भारत विश्व गुरु के रूप में उभर कर आया है। उनके दूरदर्शी विजन से देश अमृतकाल में तेजी से प्रगति के आयाम गढ़ रहा है। मोदी जी के मार्गदर्शन में जनसेवा करना मेरा परम सौभाग्य है। मैं माँ छिन्नमस्तिके से उनके उत्तम स्वास्थ्य व दीर्घायु जीवन की प्रार्थना करता हूं। उनसे प्रेरणा लेकर हज़ारीबाग संसदीय क्षेत्र में हम बच्चों को बेहतर शिक्षा, भोजन व सुविधा उपलब्ध करवाने हेतु प्रतिबद्ध हैं। बच्चों का भविष्य सुरक्षित बनाने के लिए हम हर कदम उठा रहे हैं। बच्चों को पोषण मिलेगा तो उनका शारीरिक व मानसिक विकास होगा, जिससे उनका भविष्य उज्ज्वल बनेगा।

## पेलावल फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल मैच में मिट्ठू 11 झारखंड की टीम ने जीता खिताब



**दैनिक शुभ भास्कर सोहेल किरमानी हजारीबाग**। पेलावल के ऐतिहासिक फुटबॉल मैदान में पेलावल फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल मैच सोमवार को खेला गया जिसमें शकील 11 गोरखपुर यूपी और मिट्ठू 11 झारखंड की टीमों के बीच रोमांचक खेल का प्रदर्शन किया गया। पेलावल फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल मैच में बतौर मुख्य अतिथि जामताड़ा विधायक डॉ इरफान अंसारी, बरही विधायक उमाशंकर अकेला यादव, कांग्रेस के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर और विशिष्ट अतिथि के तौर पर समाजसेवी सह कांग्रेसी नेता मुन्ना सिंह, प्रदेश महासचिव विनोद कुशवाहा, ओएसिस स्कूल के निदेशक शब्बीर अहमद, ओएसिस स्कूल प्राचार्य एहसान उल हक, उप प्राचार्य इम्तियाज आलम, कटकमसांडी पूर्वी जिला परिषद सदस्य मंजू नंदिनी शरीक हुए। ऐसे में बताना अहम यह होगा कि इस टूर्नामेंट का शुभारंभ विगत 3 सितंबर को बहुत ही भव्य रूप से किया गया और सफलतापूर्वक लीग मैच खेले गए। जिसमें 32 टीमों ने हिस्सा लिया। इस टूर्नामेंट में मीठु 11 झारखंड की टीम ने 2 गोल से जीत हासिल किया। वहीं बहुत ही संघर्षपूर्ण खेल का प्रदर्शन करते हुए गोरखपुर युपी की टीम कोई भी गोल नहीं कर पाई। मैच में उद्घोषक की भूमिका मिसबाहउल इस्लाम ने निभाई वहीं मंच संचालन अबुलैस हाशमी ने किया। फाइनल मैच के विजेता टीम को एक लाख रुपए राशि और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया वहीं उपविजेता टीम को 50000 और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया साथ ही टूर्नामेंट के बाकी खिलाड़ियों को भी मेडल देकर सम्मानित करने का काम किया गया और खेल प्रतिभा के क्षेत्र में हौसला अफजाई की गई। इस मौके पर मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुए जामताड़ा विधायक इरफान अंसारी ने खेल प्रतिभा को बढ़ावा देने के लिए झारखंड सरकार के द्वारा निर्णायक किरदार निभाएं जाने की बात कही । पेलावल फुटबॉल मैदान की स्थिति को देखते हुए चिंता व्यक्त किया कहा कि स्थानीय विधायक और सांसद के द्वारा पक्षपात पूर्ण राजनीति की जा रही है मैदान को डीएमएफटी मद से विकास और सुंदरीकरण की बात कही। उन्होंने कहा कि खेल प्रतिभा को बढ़ावा देने में झारखंड सरकार अहम भूमिका निभाई है। बरही विधायक उमाशंकर अकेला यादव ने कहा कि खेल से रोजगार के अवसर प्राप्त किये जा सकते हैं। खेल में रोजगार के क्षेत्र में प्रतिभा को बढ़ावा देने के लिए उनकी सरकार लगातार प्रयास कर रही है।

### उर्दू मध्य विद्यालय मड़ई में 57 बच्चों का स्काउट एंड गाइड में हुआ दीक्षांत समारोह





**दैनिक शुभ भास्कर सोहेल किरमानी हजारीबाग**। राजकीयकृत उर्दू मध्य विद्यालय मंडई सदर में, आज स्काउट एंड गाइड ट्रेनिंग का दीक्षांत समारोह आयोजित किया गया! इस मौके पर भारत सरकार से विद्यालय के 57 बच्चों को scarf और badge देखकर शपथ दिलाया गया, स्काउट एंड गाइड का झंडा फहराया गया। मौके पर सदर प्रखंड के प्रमुख, उप प्रमुख, रवि सिंह जी , पबरा हाई स्कूल के प्रधानाध्यापक, विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष, विद्यालय की प्रधान शिक्षिका अख्तरी खातून , स्काउट एंड गाइड के ट्रेनर वसीम सर. अलीशा मैम, खुर्शीद परवीन, अबदा खातून l और बच्चों के अभिभावक शामिल हुए

### जनता दल युनाइटेड के प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा को कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत , जनता दल युनाइटेड अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के पूर्व उपाध्यक्ष वसीम अहमद साहब



**मधुबनी संवाददाता मो सालिम आजाद**। जनता दल युनाइटेड प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा मधुबनी जिला के फुलपरास मे कर्पूरी चर्चा में भाग लेने के लिए जा रहे जनता दल युनाइटेड के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा को मधुबनी सकरी और फुलपरास रोड पर जदयू अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के पूर्व उपाध्यक्ष जनाब वसीम अहमद के नेतृत्व में चादर फुल दुपट्टा से स्वागत किया गया वसीम अहमद साहब ने कहा की जनता दल युनाइटेड के पदाधिकारी और कार्यकर्ता की एक अहम जिम्मेदारी है की आप सब अपने अपने गांव और शहर मे जाए और मुख्य मंत्री नितिस कुमार की तरफ से किए गए तरक्कीयाती कामों को आम लोगों तक पहुंचाए आप का एकदाम 2024में होने वाले लोकसभा चुनाव मे फैसला कुन किरदार अदा करेगा 2024 में भारतीय जनता पार्टी को एकतेदार से बेदखल के लिए हमे एकजुट होने की जरूरत है इस मौका पर जनाब डाक्टर महताब आलम साहब सीनियर लीडर जनता दल युनाइटेड ,मुश्ताक अहमद साहब और दिगर जिलई अध्यक्ष पदाधिकारी मौजूद थे।

### संतघाट ब्रह्माकुमारी सेवा केंद्र पर तृतीय एडिशनल जज का सेवा केंद्र प्रभारी ने किया स्वागत



**बेतिया, (पश्चिमी चंपारण), अशोक वर्मा**। पश्चिम चंपारण जिले के तृतीय (एडीजे) एडिशनल डिस्ट्रिक्ट जज आरके शुक्ला का नगर के संत घाट स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय प्रभु उपवन सेवा केंद्र मे भव्य सवागत किया गया। सेवा केंद्र प्रभारी बीके अंजना दीदी ने पुष्प गुच्छ से एवं तिलक लगाकर उनका स्वागत किया । सेवा केंद्र प्रभारी ने सेवा केंद्र में लगे आध्यात्मिक चित्रों पर उनको विस्तार से बताया साथ -साथ संस्था द्वारा विश्व के 140 देशों में चरित्र निर्माण एवं मूल्यों को पुनर्स्थापित करने के कार्य की जानकारी दी । राजयोगिनी बीके अंजना ने संस्था के 20 प्रभागों द्वारा किए जा रहे आध्यात्मिक सशक्तिकरण के कार्य पर विस्तार से बताया । उन्होंने उनको ईश्वरीय सौगात भेंट करते हुये अंतरराष्ट्रीय मुख्यालय माउंट आबू के लिये निमंत्रण भी दिया । उक्त अवसर पर संस्था की अन्य बहने एवं जिज्ञासु भी उपस्थित थे।

### माय एडमिशन लीड ने किया मिथिला विवि के कुलपति का अभिनंदन



**दरभंगा**। ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो एस पी सिंह का कार्यकाल 20 सितंबर को पूरा होने जा रहा है। उनके बेहतरीन कार्यकाल को लेकर माय एडमिशन लीड के संस्थापक सह करियर सलाहकार इंजीनियर सजल यादव, भारतीय मानव अधिकार सुरक्षा संगठन के राष्ट्रीय महासचिव पुरेन्द्र कुमार, प्रदेश अध्यक्ष मनोज कुमार, प्रदेश सचिव मोहम्मद इम्तियाज, जिला अध्यक्ष प्रिंस परवेज सहित कई अन्य संगठनों के प्रतिनिधियों ने सोमवार को कुलपति का अभिनंदन किया एवं उनके सुखद जीवन की कामना की। इस अवसर पर इं सजल यादव ने कहा कि कुलपति ने अपने कार्यकाल में तकनीकी का पूरा उपयोग कर जो विकास की लकीर विश्वविद्यालय के हित में खींचा है उसके सुखद परिणाम आगे भी मिलता रहेगा। उनकी सहजता और सरलता को कभी भूलाया नहीं जा सकता है। वहीं पुरेन्द्र कुमार ने कहा कि मिथिला विश्वविद्यालय को राज्य और देश के मानचित्र पर खड़ा करने में कुलपति सफल रहे। वही मनोज कुमार ने कहा की कुलपति ने अपने कार्यकाल में बीएड सहित अन्य परीक्षाओं के आयोजन से जो करोड़ों रुपए का आमदनी विश्वविद्यालय के कोष में जमा करवाया उससे आने वाले समय में पीजी विभाग के लिए क्लासरूम, प्रायोगिक कक्षाएं, प्रोफेसर्स क्वार्टर्स एवं ऑडिटोरियम निर्माण की योजना विश्वविद्यालय के विकास में मील का पत्थर साबित होगा। मौके पर कुलपति ने कहा कि मिथिला ऊर्जावान एवं ज्ञानवानो की धरती है। मिथिला विश्वविद्यालय के लिए जो कुछ भी कर पाया उसमें सभी का पूरा सहयोग मिला है।

**बैठक** | मादक पदार्थ के सेवन से होने वाले दुष्परिणामों को लेकर जनजागरुकता फैलाने पर हुई चर्चा

## जिला स्तरीय नार्को कोऑर्डिनेशन कमिटी की बैठक सम्पन्न




**हजारीबाग**। नार्को कोऑर्डिनेशन सेंटर की हजारीबाग ज़िला स्तरीय कमिटी की बैठक उपायुक्त नैंसी सहाय की अध्यक्षता में सोमवार को समाहरणालय सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में मादक पदार्थों की तस्करी एवं खेती की रोकथाम तथा विभिन्न स्तर पर समन्वय एवं सहयोग स्थापित करने के लिए विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई। मौके पर उपायुक्त ने कहा कि जिले में मादक पदार्थों की तस्करी एवं खेती की रोकथाम के उद्देश्य से चार स्तरीय नार्को कॉर्डिनेशन सेंटर मेकानिज्म गठित टीम द्वारा पुरी मुस्तैदी एवं समन्वय के साथ काम करने का निर्देश दिया। उन्होंने समय पर सूचनाओं का आदान-प्रदान कर त्वरित कार्रवाईयां करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि नशे की लत सभी के लिए घातक है इसकी जद में आने से परिवार को कई कठिनाइयों से गुजरना होता है। मौके पर पुलिस अधीक्षक चोथे मनोज रतन ने कहा कि मादक पदार्थों की खेती एवं सेवन बहुत ही संवेदनशील एवं गंभीर विषय है। प्राथमिक स्तर पर ही इसके रोकथाम एवं इसमें संलिप्त गिरोहों पर कार्रवाई करना आवश्यक है। साथ ही समाज को भी जागरूक करना जरूरी है ताकि इसके दुष्प्रभाव को खत्म किया जा सके। इस बाबत उन्होंने कहा कि सूचना तंत्र को मजबूत करने के साथ साथ तस्करी पर लगाम लगाने की कारवाई करना, जिला के चिन्हित प्रखंड ख़ासकर चौपारण के सुदूरवर्ती इलाकों में निगरानी बढ़ाना होगा, बतया गया कि चौपारण क्षेत्र जहां मादक पदार्थों की खेती होती है सुदूरवर्ती होने के साथ-साथ बिहार की सीमा से लगा भी हुआ वहां विशेष अभियान चलाकर कार्रवाई करें। वहीं मादक पदार्थ, सेवन के दुष्प्रभाव एवं अधिनियम की धाराओं संबंधी जनजागरूकता हेतु स्कूल कॉलेजों में कार्यक्रम करने, सोशल मीडिया, बैनर एवं परंपरागत मीडिया के माध्यम से जागरूकता हेतु प्रचार-प्रसार करने का निर्देश जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी को दिया। वहीं सीविल सर्जन को नशा मुक्ति केन्द्र में सभी आवश्ययक सुविधाएं सुनिश्चित करने एवं गतिशील रखने का निर्देश दिया गया। समाज कल्याण विभाग के माध्यम से एनजीओ द्वारा संचालित केन्द्र में उपलब्ध सुविधाओं, संचालन आदि को चाक चौबंद रखने, मॉनिटरिंग एवं निगरानी का निर्देश जिला समाज कल्याण पदाधिकारी को दिया। मौके पर उपायुक्त ने जिला औषधी निरीक्षक को प्रतिबंधित दवाओं के विक्रय पर प्रभावी रोकथाम हेतु मेडिकल स्टोरों में नियमित निरीक्षण करने का निर्देश दिया। उन्होंने डॉक्टर के प्रिस्क्रिप्शन के बैगर इस प्रकार के दवाओं की बिक्री नहीं करने हेतु निर्देशित किया। बैठक में उपायुक्त, एसपी सहित आईपीएस आरिफ, वन प्रमण्डल पदाधिकारी, अनुमण्डल पदाधिकारी सदर/ बरही, सीविल सर्जन सहित कमिटी के अन्य सदस्य एवं अधिकारीगण मौजूद थे।

## प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज सेवा केंद्र पर तीज महोत्सव के साथ बीके निर्मला बहन का 25 वां अलौकिक जन्मोत्सव भी मनाया गया





**बैरगनिया डूबरबाना, अशोक वर्मा**। उप सेवा केंद्र पर तीज महोत्सव के साथ-साथ राजयोगिनी बी के निर्मला दीदी का 25 वां अलौकिक जन्मदिन बड़े ही हर्षोल्लास एवं आत्मिक भाव से मनाया गया । कार्यक्रम में नगर पालिका के उपसभापति धीरज भाई विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित थे। महोत्सव समारोह में नेपाल से बीके सावित्री दीदी,एवं बीके वीभा, बीके ममता भी भाग ली। महोत्सव मे ,बीके बिट्टू भाई सहीत ईश्वरीय परिवार के काफी लोग सम्मिलित हुए । संबोधन के दौरान तीज व्रत के आध्यात्मिक रहस्य पर प्रकाश डालते हुए बीके निर्मला बहन ने कहा कि लौकिक दुनिया में तीज व्रत युगल के लिये गृहनियां करती है लेकिन पतियों का पति सर्वशक्तिमान परमपिता परमात्मा शिव है जिसे तीज व्रत के माध्यम से शिव शक्तियां याद करती हैं। उन्होंने कहा कि परमपिता परमात्मा जिनसे हमारा सर्व संबंध होता हैं ,उनके द्वारा हर कलप के समापन पर महान कार्य संपादित होता है ,पतित दुनिया को वे पावन बनाते हैं इसलिए ऋणी आत्माएं द्वापर युग से उन्हें विभिन्न पर्व त्योहारों के माध्यम से याद करती है। उक्त अवसर पर सेवा केंद्र प्रभारी का अलौकिक 25 वां जन्मदिन बड़े ही उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया ।मोमबत्ती जलाई गई, केक भी काटा गया। नेपाल से पधारी बीके सावित्री दीदी ने बीके निर्मला दीदी के 25 वर्षों के ईश्वरीय सेवा पर विस्तार से प्रकाश डाला ।उन्होंने कहा कि परमात्मा द्वारा नई दुनिया के निर्माण कार्य में जिन महत्वपूर्ण आत्माओं को सेवा करने का मौका मिलता है वह अति भाग्यशाली होते है, खास करके जिन्हें सेवा केंद्र चलाने के लिए बाबा निमित्त बनाते हैं वे अति विशेष आत्माएं होती है,बीके निर्मला दीदी भी इस श्रेणी में आती है। इनके कार्यकाल में बैरगनिया सेवा केंद्र काफी आगे बढ़ा ,सैकडो आत्माओं का जीवन बदला। उपसभापति धीरज भाई ने बीके निर्मला दीदी द्वारा बरगिनिया क्षेत्र मे किये जा रहे ईश्वरीय सेवा कार्यों की सराहना की ।कार्यक्रम के समापन पर सभी अतिथियों को बी के निर्मला दीदी ने ईश्वरीय सौगात भेंट की।

## ख़ास ख़बर

### भारत देश के शिल्पकार है नरेंद्र मोदी-विधायक सुशील सिंह



**धानापुर**। सैयदराजा विधायक सुशील सिंह ने धानापुर ब्लॉक परिसर में कार्यकर्ताओ के साथ भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 73वें जन्म दिवस केक काटकर मनाया गया।इस दौरान प्रधानमंत्री के देश हित में किए गए कार्य पर विस्तार पूर्वक चर्चा किया गया।वही उनके द्वारा देश में साहसिक कदम उठाने पर कार्यकर्ताओ ने भारत माता की जय का नारा लगाया। विधायक सुशील सिंह ने कहा कि भारत के शिल्पकार मोदी जी ने हमारे देश के प्राचीन विरासत के आधार पर एक भव्य और आधुनिक भारत की मजबूत नींव रखी है।चाहे संगठन हो या सरकार मोदी जी ने हम सभी का सदैव राष्ट्रहित सर्वोपरि प्रेरणा मिलती है। ऐसे अद्वितीय नेता के मार्गदर्शन में देश सेवा का अवसर मिलना मेरे लिए सौभाग्य की बात है।आज हम सभी को फक्र करने की जरूरत है कि ऐसे नेता के अगुवाई में भारत देश में निवास कर रहे है।उनकी अगुवाई में देश विकास को तेजी से बढ़ रहा है।इसके बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती मरीजों को फल वितरण किया।इस मौके पर धानापुर ब्लॉक अजय सिंह, प्रधान संघ ब्लॉक अध्यक्ष राजेश सिंह, अजीत सिंह, रामेश्वर सिंह, गोपाल बिन्द, अन्नू सिंह, रामप्रवेश तिवारी, छोटू यादव, अनंत बहेलिया, अवधेश सिंह, विमल सिंह दादा आदि लोग रहे।

### गंगा में डूबे दवा व्यवसायी का दूसरे दिन भी नही पता चला



**चहनियां। चंदौली**। बलुआ थाना क्षेत्र के लक्ष्मणगढ़ निवासी दवा व्यवसायी 34 वर्षीय आलोक रंजन सिंह का गंगा में डूबने के बाद दूसरे दिन भी पता नही लग पाया । परिजन व ग्रामीण दो नावों से सैदपुर घाट से चोचकपुर घाट तक अलग अलग तलाश कर रहे है । दूसरे दिन पुलिस प्रशासन मूकदर्शक बनी रही । जिसे लेकर लोगो मे आक्रोश ब्याप्त है । लक्ष्मणगढ़ के रहने वाले सारनाथ सिंह के पुत्र आलोक रंजन सिंह गांव में ही दवा ब्यवसायी था । रविवार को वह सैदपुर तीरगांवा पुल से गंगा में छलांग लगा लिया । ग्रामीणों की सूचना पर पहुँचे मारूफपुर चौकी इंचार्ज अभिषेक शुक्ला पहुचकर युवक के तलाश में गोताखोर को लगा दिया । परिजन देर शाम तक तलाश में लगे रहे । दूसरे दिन सोमवार को भी शव का पता नही लग पाया । परिजन दो नाव से अलग अलग दोनो तरफ सैदपुर घाट से नगवा,अमादपुर,चोचकपुर सहित गंगा किनारे करीब दर्जनों गांव में घाट किनारे रुककर पूछताछ करते रहे । किन्तु पता नही चल पाया । दूसरे दिन पुलिस प्रसासन मूक दर्शक बनी रही । परिजनों का कहना है कि दूसरे दिन पुलिस साथ मे नही दिखी । नाही एनडीआरएफ टीम को बुलाने की जरूरत समझी । मृतक के पिता सारनाथ सिंह, माता पुष्पा देवी,पत्नी मदुलिका सिंह,भाई आशीष सिंह व राजबहादुर सिंह का दूसरे दिन भी रोकर बुरा हाल रहा ।

### फाइनल कबड्डी में गौरा कला ने मारी बाजी



**चहनियां। चंदौली**। राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम की याद में मथेला स्थित सुप्रसिद्ध काली मंदिर परिसर में रविवार की देर शाम को आयोजित कबड्ड़ी प्रतियोगिता में गौराकला ने 27 प्वाइंट बनाकर फाइनल में विजेता रहे । सारनाथ वाराणसी ने 25 प्वाइंट बनाकर उपविजेता रहे । कमेटी के लोगो ने विजेता को 11 हजार रुपये व उपविजेता को 5100 रुपये प्रदान किया । कमेटी के लोगो ने आये अतिथियों को स्मृति चिन्ह व अंगवस्त्रम देकर सम्मानित किया । मुख्य अतिथि विधायक सुशील सिंह ने भारत मे खेलो की परम्परा वर्षों से चली आ रही है । खेल केवल खेल नही इसमे युवाओं का भविष्य भी निर्भर करता है । आज ऐसे कई युवा है जो खेल के माध्यम से भी नौकरी प्राप्त कर जिंदगी जी रहे है । विशिष्ट अतिथि अपना दल की उपाध्यक्ष सरिता चौरसिया ने कहा कि कमेटी द्वारा 12 वर्षों से खेलो की परंपरा चली आ रही है जो युवाओं को एक नयी पहचान देती है ।

### धूमधाम से मनाया गया शिल्प देवता की पूजा



**धीना**। क्षेत्र में रविवार को विश्वकर्मा पूजा की धूम रही,विधि विधान से जहां शिल्प के देवता पूजे गए वहीं जगह जगह विविध कार्यक्रम भी आयोजित किए गए।बिजली उपकेंद्रों, कल कारखाना में सृजन के देवता का विधि विधान से ससमय पूजन अर्चन के बाद भक्तिमय गीतों का दौर भी चला।कंदवा चौराहा पर स्थित एक प्रतिष्ठान पर शिल्प के देवता विश्वकर्मा के पूजनोत्सव के बाद आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम मे गायक रसिक बहादुर के कंठ से जैसे ही यह बोल फूटे 'भजन करो भरी जवानी मे बुढापा किसने देखा है' उपस्थित श्रोतागण मस्ती मे झूम उठे।भक्ति का रसधार भी यहां खूब बहा।भक्ति गानों के धुन पर देर शाम तक भक्ति भाव से श्रोता झूमते रहे।इस अवसर पर अवर अभियंता डालचंद,मुन्ना अली, बजरंगी,शिवजी जी वर्मा, गुड्डू अली, सद्दाम, रवि पांडेय,डाक्टर दधिबल ,अख्तर,अच्युतानंद त्रिपाठी ,वेदप्रकाश राय आदि रहे।

थाना बबुरी पुलिस द्वारा पाण्डेयपुर टीन सेड़ के पास से किया गया गिरफ्तार

# 25 हजार का पुरस्कार घोषित शातिर अपराधी गिरफ्तार



**बबुरी चंदौली**। पुलिस अधीक्षक जनपद चन्दौली महोदय डा0 अनिल कुमार के द्वारा जनपद में अपराध पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु पंजीकृत अभियोगों के वांछित व पुरस्कार घोषित अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु दिये गये निर्देशों के अनुपालन में चलाये जा रहे,अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक चन्दौली के निर्देशन एवम् क्षेत्राधिकारी पं0 दीन दयाल उपाध्याय नगर के कुशल पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष अमित कुमार के नेतृत्व में बबुरी पुलिस टीम द्वारा मुखबिर द्वारा प्राप्त सूचना के आधार पर थाना बबुरी पर पंजीकृत मु.अ.स. 92/23 धारा 3(1) उ.प्र.गिरोहबन्द एवम् समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम थाना बबुरी जनपद चन्दौली से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त कुलदीप शर्मा पुत्र त्रिवेणी प्रसाद शर्मा निवासी ग्राम नवाबाद सरायरानी थाना कादीपुर जिला सुल्तानपुर उम्र 30 वर्ष को मुखबिर की सूचना पर कि अभियुक्त कुलदीप शर्मा को पाण्डेयपुर टीन सेड़ से आज दिनांक 15.09.2023 को समय करीब 10.10 बजे गिरफ्तार किया गया है । अभियुक्त कुलदीप शर्मा उपरोक्त की गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक महोदय चन्दौली द्वारा 25 हजार रूपये के नगद पुरस्कार की घोषणा पूर्व में की गयी है। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है ।कुलदीप शर्मा पुत्र त्रिवेणी प्रसाद शर्मा निवासी ग्राम नवाबाद सरायरानी थाना कादीपुर जिला सुल्तानपुर उम्र 30 वर्ष, गिरफ्तार अभियुक्त थाना बबुरी से गैंगस्टर एक्ट का वांछित है तथा इस पर 25 हजार रुपए का पुरस्कार भी घोषित है। आपराधिक इतिहास गिरफ्तार अभियुक्त. मु.अ.स. 92/23 धारा 3(1) उ.प्र.गिरोहबन्द एवम् समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम थाना बबुरी जनपद चन्दौली,2.मु.अ.सं. 36/2023 धारा 60/63 आबकारी अधिनियम , 419/420, 467/468/471 भादवि।गिरफ्तारी करने वाली टीम अमित कुमार थानाध्यक्ष थाना बबुरी,उ0नि0 अवधेश नारायण ,.हे0का0 अखिलेश सिंह , अनुज कुमार वर्मा रहे।

## नेशनल इंटीग्रेटेड मेडिकल एसोसिएशन नीमा भूमि जमीन भूमि पर हवन



**सकलडीहा**। चंदौली क्षेत्र के आलमपुर में नेशनल इंटीग्रेटेड मेडिकल एसोसिएशन नीमा द्वारा समारोह पूर्वक जमीन सीमाकन व भूमि पूजन मुख्य अतिथि संगठन के राष्ट्रीय महासचिव डॉक्टर उमाशंकर पांडेय ने किया मुख्य अतिथि राष्ट्रीय महासचिव डॉक्टर उमाशंकर पांडे भगवान धन्वंतरि के तेल चित्र पर उसे पर पीटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया वहीं जमीन के पास लगे बोर्ड का उद्घाटन भी रिबन खींचकर किया इस दौरान उन्होंने कहा कि चिकित्सा समाज के लिए भगवान का रूप होता है संगठन के माध्यम से हम लोग समाज के लोगों को जोड़ने के साथ ही आत्म सुरक्षा व रक्षा के बीड़ा हम लोगों ने उठाया है संगठन के माध्यम से चिकित्सकों की लड़ाई हम लोग लड़ने का काम करेंगे वैसे चंदौली जनपद में नीम की जमीन के उपरांत भवन निर्माण की रूपरेखा तैयार हो चुकी है यह संगठन के लिए बहुत बड़ा कामयाबी है जिला अध्यक्ष डॉक्टर एस के यादव ने कहा कि संगठन को हम सभी सदस्य मिलकर उच्चतम शिखर पर ले जाने का काम करेंगे सभी सदस्यों का सहयोग से जमीन खरीदने का काम संभव हो पाया है इसी तरह मेहनत कर एक बात फिर हवन निर्माण करने का भी हम लोग संकल्प ले लिया है इस मौके पर संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रतन श्रीवास्तव सपा पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव इंद्रजीत शर्मा किसान नेता केदार यादव डॉ विनोद चतुर्वेदी डॉक्टर एसएन उपाध्याय डॉक्टर सुरेंद्र यादव डॉक्टर स्वामीनाथ डॉक्टर लक्ष्मी शंकर यादव डॉक्टर सुधीर यादव डॉक्टर आरके शर्मा अरविंद यादव बबलू बेचन यादव बालू पहलवान आदि उपस्थित रहे।

## मार्ग व खेतो में भरा पानी, आवागमन में परेशानी



**चहनियां। चंदौली**। मथेला स्थित गांव में खेतों में पानी भरने से धान की फसल बर्बाद हो रही है । वही खेतो का पानी छलक कर आने जाने वाले कैलावर मार्ग पर भी भर गया है । लोगो को आने जाने के लिए घूमकर दूसरे रास्ते से आवागमन करना पड़ रहा है । एक तरफ सड़क का निर्माण तो दूसरी तरफ कुछ लोगो का मकान निर्माण से पानी की निकासी बन्द हो गयी है । चन्दौली से चहनियां मुख्य मार्ग पर सड़क निर्माण का कार्य चल रहा है । मुख्य मार्ग पर पानी निकासी की जगह जगह नाली ध्वस्त होने से पानी निकासी की समस्या ग्रामीणों के के सामने आ गयी । मथेला गांव में भी करीब ढाई सौ बीघा खेतो में पानी भरने से धान की फसल बर्बाद हो रही है । वही मथेला में खेतो का पानी छलककर कैलावर मार्ग पर आ गया है । जिससे कैलावर सहित गांवो में आने जाने वाले लोगो को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है । लोगो को घूमकर दूसरे मार्ग से आवागमन करना पड़ रहा है । ग्रामीणों का कहना है कि यह एक जटिल समस्या हो गयी है । एक तरफ सड़क निर्माण से जगह जगह नाला बन्द हो गया है तो दूसरी तरफ कुछ लोगो का मकान बनने से पानी निकासी नही हो पा रही है । धान की फसल बर्बाद हो रही है । ग्रामीणों ने उच्चाधिकारीयों का ध्यान आकर्षित कराते हुए इस समस्या से निजात दिलाये जाने की मांग की है ।

## चन्दौली पुलिस ने बैंको में चलाया चेकिंग अभियान



**शुभ भास्कर, चंदौली**। पुलिस अधीक्षक चन्दौली डॉ अनिल कुमार के निर्देशन में यह अभियान चलाया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा निर्देश दिए थे कि साप्ताहिक बन्दी के बाद बैंको के खुलने पर चन्दौली जनपद में अपराध और अपराधियों पर नियन्त्रण और बैंक,एटीएम की सुरक्षा के लिए जनपद के सभी क्षेत्राधिकारी और थाना प्रभारी अपने-अपने थाना क्षेत्र के बैंक और एटीएम की चेकिंग करेंगे। बैंक के पास खड़े संदिग्धों की भी चेकिंग की गयी।वही चेकिंग के दौरान बैंकों मे लगे सुरक्षा उपकरणों सीसीटीवी कैमरों,आलर्म आदि को भी चेक किया गया और सुरक्षा ड्यूटी पर तैनात पुलिस बल को चेक कर जरुरी दिशा निर्देश दिये गये।बाइक चोरी की घटनाएं सबसे ज्यादा बैंकों के आसपास होती हैं।जिसको लेकर सभी बैंकों में चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है और साथ ही बैंक उपभोक्ताओं को किसी भी परेशानी का सामना ना करना पड़े उसी के संबंध में चेकिंग की जा रही है और बैंकों में संदिग्ध लोगों से भी पूछताछ की जा रही है।पुलिस द्वारा बैंकों में चेकिंग कर उपस्थित उपभोगताओं को ऑनलाइन होने वाले फ्राड से किस प्रकार बचे और किन-किन बातों का रखे ध्यान जैसे- बैक के द्वारा आप के खाते के संबंध में फोन पर किसी प्रकार की जानकारी नही ली जाती है, किसी को भी वन टाइम पासवर्ड ओटीपी एटीएम कार्ड,सीवीवी पासवर्ड किसी भी व्यक्ति को न देने के बारे में जागरुक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

### खून से लथपथ तड़प रही गाय का सहारा बनी पीआरवी पुलिस



**शुभ भास्कर, पीडीडीयू नगर**। जनपद चंदौली थाना मुगलसराय की डायल 112 पीआरवी ने किया सराहनीय कार्य निभाया एक इंसानियत का नाता,थाना मुगलसराय क्षेत्र के अंतर्गत पड़ने वाले धर्मशाला जीटी रोड के सामने खून से लथपथ एक गाय तड़प रही थी।जो किसी कारण जख्मी हो गई।जो काफी परेशान थी अपने जख्मों को लेकर,जिसकी सूचना नगर वासियों ने डायल 112 को दी, सूचना मिलते ही डायल 112 पहुची गोवंश के प्रति उसकी सेवा में मौके पर पहुंच कर परखे हालात,डायल 112 ने निभाया तत्काल इंसानियत का रिश्ता जहां पर उन्होंने तत्काल सूचना देकर डॉक्टर को बुलाया,जहां पर खाकी की निगरानी में हुआ तत्काल शुरू गोवंश का इलाज,पुलिस की जानकारी मिलते ही पहुंचे कुछ नगर वासियों ने पीआरवी कर्मियों द्वारा किए गए इस कार्य की आम जनमानस द्वारा खूब सराहना की।

### मुस्लिम धर्वालंबी सफर ए उमरा के लिए रवाना



**चंदौली**। विकास खण्ड शहाबगंज के सिहोरिया और बडगांवा गांव से पांच मुस्लिम धर्मावलंबी सोमवार को पवित्र सफर-ए-उमरा के लिए रवाना हुए। उनका मुस्लिमों के साथ-साथ हिन्दुओ ने भी जगह-जगह माल्यार्पण कर स्वागत करते हुए काबा शरीफ में वतन और दोस्तों, रिश्तेदारों के लिए दुआ की दरख्वास्त की।कस्बे के अब्दुल रजीक पत्नी जमीना बेगम, बहालुद्दीन, और बडगांवा के अब्दुल कय्यूम और हाफिज एजाज सफर-ए- उमरा के लिए रवाना हुए। सफर-ए-उमरा से जाने से पूर्व इन जायरीनों को रवाना करने के लिए भारी संख्या में लोग मौजूद रहे। रामविलास, मुस्लिम हाजी, अनीस खान, फिरोज सिद्दीकी वैस सिद्दीकी तफसीस सिद्दीकी,हेसामुद्दीन, सरदार शेख़, इसराज शेख़,शहंशाह शेख, रिजवान शेख, मो वसी शेख, इश्तिहार शेख,डॉ शमशुद्दीन के अलावा हवलदार शेख़ तहसीलदार शेख, हेसामुद्दीन फरहान इस्ताक आरिफ,परवेज खान ने इनका फूलमाला पहना कर स्वागत किया। हज वर्ष में केवल एक बार होता है, लेकिन उमरा के लिए पूरे वर्ष कभी भी जाया जा सकता है ।वहीं उमरा कर जायरीन 14 दिन में लौट सकते हैं। कस्बे से सफर-ए-उमरा को जाने वाले जायरीन निजी वाहन से वाराणसी जायेंगे वाराणसी से ट्रेन पकड़ कर नई दिल्ली एयरपोर्ट से इंडिगो की फ्लाइट से उड़ान भरेंगे।।

### राज्य पुरस्कार प्राप्त शिक्षक बीरेंद्र यादव के माता को दी गई श्रद्धांजलि



**चहनियाँ**। रविवार को ग्राम सभा सढ़ान मे राज्य पुरस्कार प्राप्त शिक्षक वीरेंद्र यादव की माता को तेरहवीं के दिन श्रद्धांजलि का आयोजन किया गया 1 मालूम हो की वीरेंद्र यादव के माता का विगत दिनों पांच सितम्बर को मृत्यु हो गई थी उसी क्रम मे उनके पैतृक निवास ग्राम सभा सढ़ान मे श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया था जिसमे क्षेत्र के सैकड़ो व्यक्तियों ने श्रद्धांजलि सभा मे उपस्थित होकर मृतक आत्मा को शांति के मृतक गिरजा देवी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दिया गया 1 जिसमे मुख्य रूप से राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ जे जिला अध्यक्ष अजय सिंह,फैयाज़ अहमद,बब्बू सिंह,आदित्य सिंह रघुवंशी, जयकिशोर वर्मा,मनोज गुप्ता, महेंद्र सिंह यादव, अखिलेश श्रीवास्तव, सहेलु सिंह, नन्द कुमार शर्मा, बालमुर्ति यादव, शुभाष यादव, रामदारस यादव, राजेश पटेल, राजेश यादव, इमरान अली, महेंद्र मौर्या, चमन यादव, देवेंद्र कुमार गौतम, दीना पाण्डेय,अवधेश मौर्या, सुदर्शन यादव,आदि लोग श्रद्धांजलि सभा मे उपस्थित रहे 1

### भारतवर्षीय गोंड आदिवासी महासभा समिति की हुई बैठक



**शुभ भास्कर, पीडीडीयू नगर**। भारतवर्षीय गोंड आदिवासी महासभा समिति के एक बैठक केंद्र कार्यालय परशुरामपुर मुगलसराय जनपद चंदौली में संपन्न हुई बैठक में 1857 के स्वाधीनता आंदोलन गोंडवाना के गौरव महाराजा शंकर शाह मरावी कुबेर रघुनाथ शाह मारावी का शहीद दिवस 18 सितंबर 1857 को याद करते हुए सर्वप्रथम उनके तैलचित्र पर माल्यापर्ण किया।इस बाबत वक्ताओ ने कहा कि 1857 के स्वाधीनता आंदोलन को पूर्व से पश्चिम उत्तर से दक्षिण पूरे जन आंदोलन अंग्रेजों के खिलाफ रोटी और कमल जनसंचार के आंदोलन का विगुल बजाया गया तत्कालीन डिप्टी कमिश्नर कलीम को भनक लग गई पिता पुत्र को गिरफ्तार कर लिया गया 18 सितंबर 1875 को फांसी के रेजिडेंस हाउस में तोप के गले से उड़ा दिया गया।गोंडवाना रीति रिवाज के अनुसार अंतिम संस्कार किया गया बैठक में 2 मिनट का मौन धारण कर शोक मनाया गया। जिसमें मुख्य रूप से श्री कृष्णा गोंड,पंकज गोंड,सुरेश कुमार,रामाधार,मनोज, अवधेश प्रसाद,ऋषि प्रसाद, कैलाश चंद्र सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।अध्यक्षता प्यारेलाल गोंड व संचालन् रवि शंकर ने किया।

आयोजन | सकलडीहा सीएचसी पर आयुष्मान मेला में पहुंचे अपर मुख्य चिकित्साधिकारी

# सकलडीहा सीएचसी पर आयुष्मान मेला में 135 मरीजों का हुआ उपचार



**चंदौली**। शासन की ओर प्रत्येक रविवार को सकलडीहा सीएचसी पर अयुष्मान भवः योजना के तहत आयुष्मान मेला का आयोजन किया गया। अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डा. आरबी शरण और सीएचसी अधीक्षक डा. संजय यादव के नेतृत्व में कुल 135 मरीजों का उपचार किया गया। इस मेले में गोल्डेन कार्ड से लेकर रक्तदान की पहल शुरू किया गया है। शासन की ओर से स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलायी जा रही योजना के तहत एक छत के नीचे ग्रामीण अंचल की महिला, बच्चे और पुरूषों को चिकित्सकी सुविधा दिलाने का पहल आयुष्मान भवः योजना के तहत शुरू किया गया है। इस क्रम में रविवार को सीएचसी पर 135 मरीजों का उपचार किया गया। जिसमें बीपी, सुगर, आंख और महिलाओं के संबधी उपचार किया गया। अंत में आयुष्मान योजना के तहत कई लाभार्थियों का गोल्डेन कार्ड बनवाया गया। इस बाबत अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डा. आरबी शरण ने बताया कि 17 सितम्बर से दो अक्तूबर तक अयुष्मान भवः योजना के तहत आयुष्मान मेला प्रत्येक रविवार को लगाया जायेगा। इस योजना के तहत हर गरीबों को चिकित्सकी सुविधा उलब्ध कराया जायेगा। इस मौके पर सीएचसी अधीक्षक डा. संजय यादव, डा. बीके प्रसाद, डा. संजीव जायसवाल, एचईओ रजनीकांत राय, डा.आशुतोष गुप्ता, मनोज सेठ, क्षितिज सिंह, डा. धीरेन्द्र कुमार, राजकिशोर वर्मा सहित अन्य मौजूद रहे।

### गांजा, मोबाइल सहित शराब बरामद छह गिरफ्तार

**शुभ भास्कर, पीडीडीयू नगर**। रेलवे स्टेशन, सर्कुलेटिंग एरिया एवं ट्रेनों में अपराध नियंत्रण अपराधियों की गिरफ्तारी बरामदगी हेतु चलाएं जा रहे अभियान के क्रम में सुरेश कुमार सिंह प्रभारी निरीक्षक थाना जीआरपी डीडीयू वह आरपीएफ प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार रावत के निर्देशन में जीआरपी वह आरपीएफ डीडीयू की संयुक्त टीम द्वारा कुल छ अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार।जिसमें एक महिला अभियुक्ता बताई जाती है।पकड़े गए अभियुक्तों के पास से पुलिस ने 10 किलो 168 ग्राम गांजा,12 पीस अंग्रेजी शराब वह कुल 96 पीस देशी शराब सहित चार चोरी के मोबाइल बरामद हुए। पकड़े गए अभियुक्तों में राहुल तिवारी, अमरीक कुमार, रानी कुमारी, मुकेश सोनी, अश्वनी जायसवाल, मनीष गोस्वामी बताए जाते हैं।जिनपर पुलिस संबंधित धारा लगाते हुए अग्रिम कार्रवाई करने में जुट गई।

## सैयदराजा नगर में श्री श्री दुर्गा पूजा समिति की ओर से शुरू हुई दुर्गा पूजा की तैयारियां, हुआ भूमि पूजन



**चंदौली**। सैदराजा नगर पंचायत के रामलीला मैदान स्थित आगामी दुर्गा पूजा को लेकर तैयारियों के साथ-साथ इलाके में दुर्गा पूजा की तैयारियां भी शुरू हो गई हैं। इसको लेकर जगह-जगह भूमि पूजन किया जा रहा है। श्री श्री दुर्गा पूजा समिति रामलीला मैदान की ओर से दुर्गा पूजा की तैयारियों के लिए माटी मंगल (भूमि पूजन) किया गया। इसके बाद मां दुर्गा की प्रतिमा बनाने का कार्य शुरू कर दिया गया। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मां दुर्गा की पूजा बड़े ही भव्य तरीके से की जा रही है। कलश स्थापन के दिन भक्तों के द्वारा कलश यात्रा निकाली जाएगी। समिति के कोषाध्यक्ष कार्तिक अग्रहरि उर्फ बबलू अग्रहरि ने ने बताया कि मां दुर्गा के दर्शन के लिए दूर-दूर से लोग आते हैं। यहां पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जाता है। मां दुर्गा की महा भव्य महा आरती प्रतिदिन शाम को साढ़े सात बजे होगी। इस दौरान सबसे ज्यादा भक्त मंदिर परिसर में रहते हैं। पंडाल का निर्माण कार्य बंगाल के कारीगरों के द्वारा होता है वही मां दुर्गा के प्रतिमा का निमार्ण बंगाल के कारीगरों के द्वारा बनाया जाता है। भूमि पूजन के अवसर पर सीमित, अध्यक्ष निखिल गुप्ता राजू गुप्ता उपाध्यक्ष अजीत कुमार मंत्री विनय सेठ लाल बिहारी सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

मुद्रक स्वामी प्रकाशक सुनील कुमार मिश्रा द्वारा शुभ लाभ प्रिंटर्स मावली उदयपुर स्थानीय संपादक मो0 शरफे आलम बिहार, झारखण्ड मो0- 7764978689 - 8804707324
सह संपादक : उमेश कुमार, 96259 58256 दैनिक शुभ भास्कर, RNI UP HIN/ 2015/64737, पी आरबी एक्ट के तहत समाचार चयन हेतु जिम्मेदार सभी न्याय क्षेत्र उदयपुर राजस्थान होगा।